लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 14 | अंकः 319 | मूल्यः ₹3.00/- | पेज : 12 रविवार | 03 सितंबर, 2023

हर सेकेंड 1 लाख करोड़ परमाणु बम जितने विस्फोट, इसके रहस्यों का पता लगाएगा आदित्य-एल1

## इसरो ने कहा- प्रक्षेपण सफल, सूरज के रहस्य खोलेगा आदित्य-एल1 मिशन, पहले बढ़ी धड़कनें फिर तालियों से गूंज उठा पूरा हॉल

" ये एक सपने के सच होने जैसा है। मुझे बेहद खुशी है कि आदित्य एल-1 को पीएसएलवी द्वारा इंजेक्ट किया गया है। आदित्य एल-1 ने अपनी 125 दिनों की लंबी यात्रा शुरू कर दी है। मैं इस मिशन को संभव बनाने के लिए पूरी टीम को धन्यवाद देना चाहती हूं।

-निगार शाजी, आदित्य एल-1 की प्रोजेक्ट डायरेक्टर

### अंतरिक्ष की गुत्थियां सुलझाने में मिलेगी मदद

इसरो ने शनिवार को बताया कि एक्सपोसैट लॉन्चिंग के लिए तैयार है। इसरो ने बताया कि विभिन्न खगोलीय स्त्रोतों जैसे ब्लैक होल, न्यूट्रॉन स्टार्स, गैलेक्टिक न्यूक्लिआई आदि का उत्सर्जन तंत्र समझना काफी मुश्किल होता है। स्पेक्ट्रोस्कोपिक और समय की जानकारी कई स्त्रोतों से पता चल सकती है लेकिन इस उत्सर्जन की प्रवृत्ति को समझना आज भी चुनौती बना हुआ है। एक्सपोसैट एक्स-रे पल्सर, ब्लैक होल बाइनरीज, लो मैग्नेटिक फील्ड न्यूट्रॉन स्टार आदि को समझने में मदद कर सकता है।

आदित्य-एल1 मिशन सक्सेसफुल!

# सूर्य को खबर कर दो, भारत आ रहा है

## इसरो का आदित्य एल1 पृथ्वी की कक्षा में पहुंचाः 16 दिन चक्कर लगाएगा, फिर 110 दिन में 15 लाख किमी दूर एल1 पॉइंट पर पहुंचेगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग के 10वें दिन इसरो ने शनिवार को आदित्य एल1 मिशन लॉन्च कर दिया। आदित्य सूर्य की स्टडी करेगा। इसे सुबह 11.50 बजे पीएसएलवी सी57 के एक्सएल वर्जन रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। रॉकेट ने 63 मिनट 19 सेकेंड बाद आदित्य को 235 एक्स 19500 किमी की पृथ्वी की ऑर्बिट में छोड़ दिया। करीब 4 महीने बाद यह 15 लाख किमी दूर लैगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता, जिसके चलते यहां से सूरज पर आसानी से रिसर्च की जा सकती है।

### लॉन्चिंग से पहले बढ़ गई थी सबकी धड़कनें

आदित्य एल-1 मिशन लॉन्च होने से पहले तक इसरो के सभी वैज्ञानिकों की निगाहें कमांड स्क्रीन पर टिकी हुई थीं। फिर कमांड सेंटर से लॉन्चिंग की काउंटडाउन शुरू हुई। इसी के साथ वैज्ञानिकों समेत वहां मौजूद सभी लोगों के दिल की धड़कने भी बढ़ गईं। फिर लॉन्च हुआ हमारा आदित्य एल-1 मिशन। कुछ ही सेकेंड में इसरो का बाहुबली रॉकेट पीएसएलवी सी57 आदित्य को लेकर आसमान में उड़ गया। श्री हरिकोटा पहुंचे हजारों दर्शकों ने इस नजारे को अपने कैमरे में भी कैद किया।

### एल1 पॉइंट पर ग्रहण बेअसर, इसलिए यहां भेजा जा रहा

इसरो का कहना है कि एल1 पॉइंट के आस-पास हेलो ऑर्बिट में रखा गया सैटेलाइट सूर्य को बिना किसी ग्रहण के लगातार देख सकता है। इससे रियल टाइम सोलर एक्टिविटीज और अंतरिक्ष के मौसम पर भी नजर रखी जा सकेगी। ये 6 जनवरी 2024 को एल1 पॉइंट तक पहुंचेगा।

### 5 पॉइंट में जानें आदित्य एल1 का सफर

1. पीएसएलवी रॉकेट ने आदित्य को 235 एक्स 19500 किमी की पृथ्वी की कक्षा में छोड़ा।
2. 16 दिनों तक पृथ्वी की कक्षा में रहेगा। 5 बार थ्रस्टर फायर कर ऑर्बिट बढ़ाएगा।
3. फिर से आदित्य के थ्रस्टर फायर होंगे और ये एल1 पॉइंट की ओर निकल जाएगा।
4. 110 दिन के सफर के बाद आदित्य ऑब्जरवेटरी इस पॉइंट के पास पहुंच जाएगा
5. थ्रस्टर फायरिंग के जरिए आदित्य को एल1 पॉइंट के ऑर्बिट में डाल दिया जाएगा।

### सूर्य की स्टडी क्यों जरूरी?

जिस सोलर सिस्टम में हमारी पृथ्वी है, उसका केंद्र सूर्य ही है। सभी आठ ग्रह सूर्य के ही चक्कर लगाते हैं। सूर्य की वजह से ही पृथ्वी पर जीवन है। सूर्य से लगातार ऊर्जा बहती है। इन्हें हम चार्ज्ड पार्टिकल्स कहते हैं। सूर्य का अध्ययन करके ये समझा जा सकता है कि सूर्य में होने वाले बदलाव अंतरिक्ष को और पृथ्वी पर जीवन को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

### इस दौरान प्रक्रियाएं क्या-क्या होंगी?

- **प्रारंभिक कक्षा:** अंतरिक्ष यान को प्रारंभ में पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जाएगा।
- **अण्डाकार कक्षा:** फिर कक्षा को अधिक अण्डाकार बनाने वाली प्रक्रिया की जाएगी।
- **पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र के प्रभाव से बाहर निकालना:** अंतरिक्ष यान को प्रणोदन का उपयोग करके एल1 बिंदु की ओर बढ़ाया जाएगा। जैसे ही अंतरिक्ष यान लैग्रेंज बिंदु की ओर बढ़ेगा, यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र के प्रभाव से बाहर निकल जाएगा।
- **क्रूज चरण:** पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र के प्रभाव को छोड़ने के बाद, मिशन का क्रूज चरण शुरू होगा। इस चरण में अंतरिक्ष यान को उतारने की प्रक्रिया की जाती है।
- **हेलो ऑर्बिट:** मिशन के अंतिम चरण में अंतरिक्ष यान को लैग्रेंज बिंदु (एल1) के चारों ओर एक बड़ी हेलो कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इस तरह से लॉन्चिंग और एल1 बिंदु के पास हेलो कक्षा में अंतरिक्ष यान की स्थापना में करीब चार महीने का वक्त गुजरेगा।



### ये चंद्रयान-3 मिशन से कैसे अलग है?

आदित्य एल1 एक सूर्य मिशन है, जबकि चंद्रयान-3 एक चांद मिशन था। आदित्य एल1 की दूरी चंद्रयान-3 से लगभग चार गुना ज्यादा है। ये यान चांद मिशन के यान से दो गुना से भी हल्का है। चंद्रयान-3 की तरह, इसकी रफ्तार और रास्ते को भी बढ़ाया जाएगा, जब तक कि ये सूर्य की ओर नहीं जा पहुंचता।

### ये स्पेस मिशन क्या है?

आदित्य एल-1 भारत का एक स्पेस मिशन है, जिस पर इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाईजेशन लगातार काम कर रहा है। ये भारत का पांचवां सबसे बड़ा स्पेस मिशन है। ये अंतरिक्ष यान पृथ्वी से 1 I5 मिलियन किलोमीटर दूर जाएगा, जहां लग्रांज 1 (लग्रांज इतालवी मूल के फांसीसी गणितज्ञ थे, जिनका बीजगणित और कैलकुलस में योगदान था) या एल1 बिंदु है। ये पृथ्वी और सूर्य के बीच है। लेकिन, ये केवल पृथ्वी और सूर्य के बीच के 150 मिलियन किलोमीटर का मात्र 1 प्रतिशत है। आदित्य-एल1 मिशन में पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल 1,475 किलोग्राम का अंतरिक्ष यान लेकर जाएगा, जो पृथ्वी के चारों ओर एक अंडाकार पथ में होगा। इस अंतरिक्ष यान में सात वैज्ञानिक उपकरण होंगे।

### ये मिशन क्यों जरूरी है ?

सूर्य हमारा सबसे नजदीकी सितारा है और इसलिए हम उसे दूसरे सितारों से ज्यादा अच्छे से देख सकते हैं। सूर्य का अध्ययन करने से हमें दूसरे सितारों के बारे में भी ज्यादा जानकारी प्राप्त होगी। इससे हमारी इस ब्रह्मांड की समझ थोड़ी और बढ़ेगी। सूर्य से ही पृथ्वी पर सब जीवन को ऊर्जा मिलती है, लेकिन सूर्य में विस्फोटक घटनाएं भी होती हैं। ये घटनाएं हमारे उपग्रह और संचार तंत्र को नुकसान पहुंचा सकती हैं। सूर्य का अध्ययन करके हम ऐसी घटनाओं से पहले ही सावधान हो कर इन दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। सूर्य का अध्ययन अंतरिक्ष से करना जरूरी है, क्योंकि पृथ्वी का वायुमंडल और चुम्बकीय क्षेत्र हानिकारक किरणों, जैसे UV किरण, को रोक देते हैं। इसका मतलब है कि सूर्य पर ये प्रयोग करने के लिए जरूरी सामग्री पृथ्वी पर उपलब्ध नहीं है। इसलिए, पृथ्वी से सूर्य का पूरा अध्ययन नहीं किया जा सकता।





Illustration of all five Lagrange points of Sun-Earth system. Aditya-L1 will be placed around Largrange point 1

### सूर्य दो तरह से एनर्जी रिलीज करता है

इसे सोलर फ्लेयर कहा जाता है। जब ये फ्लेयर पृथ्वी तक पहुंचता है तो पृथ्वी की मैगनेटिक फील्ड हमें इससे बचाती है। अगर ये ऑर्बिट में मौजूद सैटेलाइटों से टकरा जाए तो ये खराब हो जाएंगी और पृथ्वी पर कम्युनिकेशन सिस्टम से लेकर अन्य चीजें ठप पड़ जाएंगी। इसीलिए इसरो सूर्य को समझना चाहता है। अब तक का सबसे बड़ा सोलर फ्लेयर 1859 में पृथ्वी से टकराया था। इसे कैरिंगटन इवेंट के नाम से जाना जाता है। सोलर फ्लेयर के कारण ग्लोबल टेलिग्राफ कम्युनिकेशन प्रभावित हुआ था।

### एल-1 बिंदु क्या है?

दो आकाशीय शरीरों के बीच पांच लग्रांज बिंदु होते हैं, एल1 से एल5 तक ये बिंदु अंतरिक्ष में पार्किंग की जगह की तरह काम कर सकते हैं। पांच खास जगहें हैं, जहां एक छोटी चीज बड़े ग्रह के साथ एक स्थिर पैटर्न में घूम सकती है। लग्रांज बिंदु वो जगहें हैं, जहां यह छोटी चीज दोनों ग्रहों के साथ मिलकर चल सकती है। पांच लग्रांज बिंदुओं में, तीन अस्थिर हैं और दो स्थिर हैं। अस्थिर बिंदु हैं - एल1, एल2, और एल3 स्थिर बिंदु हैं - एल4 और एल5 पृथ्वी-सूर्य सिस्टम का एल1 बिंदु सूर्य का निरंतर दृश्य देता है। इसका मतलब है कि लग्रांज बिंदु पर रखे यान को अपनी जगह बनाए रखने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती। एल1 बिंदु पर ऐसी स्थिति होती है, जिसमें यान की ज्यादा ऊर्जा नहीं जाती और वो अपने मुख्य काम, जैसे कि प्रयोग, पर ध्यान दे सकता है। एल1 वर्तमान में सौर और हेलिओस्फेरिक वेधशाला उपग्रह एसओएचओ का घर है। पृथ्वी-सूर्य सिस्टम का एल2 बिंदु डब्लूएमएपी अंतरिक्ष यान का घर था, प्लैंक का वर्तमान घर और जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का भविष्य का घर था। नासा को एल3 बिंदु का कोई इस्तेमाल मिलने की संभावना नहीं है क्योंकि ये हर समय सूर्य के पीछे छिपा रहता है। एल4 और एल5 बिंदुओं पर परिक्रमा करती पाई जाने वाली वस्तुओं को अक्सर ट्रोजन कहा जाता है।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

# उत्तर प्रदेश में जल्द लागू होगी समान नागरिक संहिता

## उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता लागू करने पर सहमति दे दी है

- 'आपराधिक कानून की तरह राज्य में समान नागरिक संहिता को इस तरह लागू करें कि सभी धर्म में स्वीकार हो'
- शासन के आला अधिकारी इसे अमली जामा पहनाने की तैयारी में जुट गए हैं
- सीएम योगी ने विश्वस्त सीनियर आईएएस अधिकारियों को यह जिम्मा सौंपा है




जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जल्द समान नागरिक संहिता ( यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू करने के आसार बन रहे हैं। इसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता लागू करने पर सहमति दे दी है। आयोग ने कहा आपराधिक कानून की तरह राज्य में समान नागरिक संहिता को इस तरह लागू करें कि सभी धर्म में स्वीकार हो। शासन के आला अधिकारी इसे अमली जामा पहनाने की तैयारी में जुट गए हैं। सीएम योगी ने विश्वस्त सीनियर आईएएस अधिकारियों को यह जिम्मा सौंपा है।

### उत्तराखंड में लागू होने वाला है कानून

भाजपा शासित एक और राज्य उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता पर बात काफी आगे बढ़ चुकी है। उत्तराखंड ने समान नागरिक संहिता पर एक विशेष समिति का गठन किया था, जिसने राज्य में लाखों लोगों से राय मशविरा करके इस संबंध में अपनी रिपोर्ट भी राज्य सरकार को सौंप दी है। उत्तराखंड विधानसभा में बिल पारित होते ही राज्य में यह कानून लागू हो जाएगा।

### समान नागरिक संहिता को लेकर मुस्लिमों का विरोध सबसे मुखर

समान नागरिक संहिता को लेकर मुस्लिमों का विरोध सबसे मुखर रहा है। केंद्र सरकार के स्तर पर जब विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता को लेकर अपने सुझाव मांगने की प्रक्रिया शुरू की थी, तब भी मुस्लिम नेताओं के विरोध के सुर सामने आए थे। कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं का कहना है कि इस्लाम में शरिया कानून के मुताबिक ही निकाह, तलाक और अन्य मामलों का निपटारा किया जाता है। धार्मिक मामलों में दखलंदाजी नहीं की जानी चाहिए।

# केंद्रीय मंत्री के बेटे पर आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

विनय श्रीवास्तव हत्याकांड मामले में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के बेटे विकास किशोर पर आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। विकास की लाइसेंसी पिस्टल से उसके दोस्तों ने विनय को गोली मारी थी। विकास पर लाइसेंसी शस्त्र को रखने में लापरवाही और दुरुपयोग करने के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के घर के अंदर भाजपा कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिस पिस्टल से विनय को गोली मारी गई उसका लाइसेंस विकास किशोर के नाम पर है। पुलिस की जांच में इसकी पुष्टि हो गई है। विकास घटनास्थल पर नहीं थे लेकिन, पिस्टल बिस्तर पर तकिए के नीचे रखी थी। जब विनय का आरोपियों से झगड़ा हुआ आसानी से पिस्टल अंकित को मिल गई। इससे स्पष्ट है कि विकास ने लाइसेंसी पिस्टल सुरक्षित स्थान पर नहीं रखी थी। विधि विशेषज्ञों के मुताबिक शस्त्रधारक की जिम्मेदारी है कि वह लाइसेंसी असलहा सुरक्षित स्थान पर रखें। जिससे उसका दुरुपयोग न हो सके। जो आर्म्स एक्ट-30 के तहत आता है। विकास किशोर भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष है। विनय श्रीवास्तव विकास के साथ बीते आठ साल से रह रहा था। जॉइंट पुलिस कमिश्नर आकाश कलहरि के अनुसार, नशेबाजी के बाद जुआ खेलने को लेकर हुए विवाद में विनय को गोली मारी गई थी। आरोपियों ने वारदात कबूल कर ली है।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर दिया प्रभु संदेश

**अवगुणों का त्याग और गुणों की धारणा ही यर्थाथ रक्षा बंधन है : दुर्गेश नंदिनी**



**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चित्रकूटधाम क्षेत्र की संचालिका, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दुर्गेश नंदिनी बहन ने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव विश्व रक्षक है और परम शिक्षक भी हैं। आज समस्त संसार काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार आदि विकारों से ग्रसित होकर दुःखी, अशांत पतित और रोगी बन गया है। नशा और दुर्व्यसन, निंदा और चिंतन मनुष्य के व्यक्तित्व को खोखला कर रहे हैं। व्यक्ति का स्वयं पर ही नियंत्रण नहीं है।

इसलिए इस रक्षाबंधन पर मानव मात्र के लिए यही प्रभु संदेश है कि हम अपने जीवन से विकारों और व्यासनों रूपी अवगुणों का त्याग करें तथा परस्पर प्रेम, शांति, पवित्रता, सहयोग और सद्भावना रूपी गुणों की धारणा करें और तभी सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्व सन्तु निरामय और बसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा साकार होगी।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षाबंधन का पावन पर्व दिव्य और अलौकिक ढंग से मनाया। इस अवसर पर चित्रकूटधाम के जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, पूर्व सांसद भैरवप्रसाद मिश्रा, कामदगिरि पीठ के प्रमुख संत मदन गोपाल दास, परम अखंडानंद आश्रम के पीठाधीश जगतप्रकाश, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के उपकुलपति भरत मिश्रा, जिला कारागार अधीक्षक शंशाक पाण्डेय, उप जिलाधिकारी राजबहादुर, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भाजपा जिला महासचिव आलोक पाण्डेय, कालूपुर महिला थाना प्रभारी शालिनी सिंह को आत्म स्मृति का तिलक देकर ब्रह्माकुमारी दुर्गेश नंदिनी ने स्नेह सूचक राखी बांधी।

इस मौके पर ब्रह्माकुमारी सोनू बहन, आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ बैजनाथ सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

## नशीले पाउडर के साथ पकड़े गए आरोपी को एक साल की कैद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** नशीले पाउडर के साथ पकड़े गए आरोपी को त्वरित न्यायालय ने एक वर्ष कठोर कारावास और 5000 रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि 5 मार्च 2015 को मानिकपुर के तत्कालीन जीआरपी थाना प्रभारी भुवनेश्वर पाण्डेय ने हमराहियों के साथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 4 से रैपुरा थाने के व्यासबन्ना गांव के निवासी पंकज तिवारी पुत्र ओमकार को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से नशीला पाउडर डायजापाम बरामद हुआ था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया था कि त्योहारों में पैसा कमाकर घर लौटने वाले यात्रियों से दोस्ती कर उनके खाने-पीने के सामान में यह पाउडर मिलाकर खिला देते हैं और यात्रियों के बेहोश होने पर आसानी से उनका सामान लेकर चले जाते हैं। जीआरपी ने इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के साथ एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के

# फर्जी ट्रस्ट बनाकर करोड़ों की ठगी करने की घटना का हुआ अनावरण

**6 आरोपी गिरफ्तार, 2 कार व 2 बाइक बरामद**

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में क्राइम ब्रांच एवं कोतवाली कर्वी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा फर्जी कम्पनी बनाकर लोगों के साथ ठगी करने वाले गिरोह पर्दाफाश करते हुये 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 2 कार, 2 चोरी की बाइक, 8 मोबाइल फोन एवं फर्जी कागजात बरामद किये गये।

उल्लेखनीय है कि बीती 10 जुलाई को कोतवाली कर्वी में वादी सुशील देवी पत्नी गिरधारीलाल निवासी कसहाई द्वारा अपने साथियो के साथ सूचना दी गयी कि हार्वड जागरुकता एजुकेशन ट्रस्ट के कर्मचारी विनय कुमार वर्मा पुत्र जयराम वर्मा निवासी चमरपुर थाना भदोजोज जनपद बलरामपुर झांसा देकर करोड़ों रुपए का गबन करके भाग गया हैं। सूचना के आधार पर कोतवाली कर्वी में विनय कुमार के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने घटना की गंभीरता को देखते हुये विवेचना अपराध शाखा के निरीक्षक एम.पी. त्रिपाठी को सुपुर्द कर त्वरित अनावरण के लिए निर्देशित किया। विवेचक एम.पी. त्रिपाठी व स्वाट टीम द्वारा सर्विलांस टीम की मदद से मुखबिर द्वारा बांदा की तरफ से सिंहपुर होकर पहाड़ी राजापुर की ओर जाने की सूचना पर शनिवार को चैरा मोड पहाड़ी से 6 आरोपियों अमन जायसवाल पुत्र प्रेमचन्द्र जायसवाल(फर्जी नाम विनय वर्मा), प्रेमचन्द्र जायसवाल पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासीगण टोला कतरौन कुसमहा थाना रामकोला जनपद कुशीनगर, राज गुप्ता पुत्र जगदम्बा प्रसाद गुप्ता निवासी भटवा तिवारी थाना खामपार जनपद देवरिया, मनोज कुमार जायसवाल पुत्र हरीशचन्द्र निवासी रासीनगर थाना शाहपुर, उपेन्द्रनाथ पाण्डेय पुत्र रामदास निवासी सहुला खुर्द थाना खजनी जनपद गोरखपुर(फर्जी नाम वी.के. सिंह) व गिरजेश गुप्ता पुत्र रामलखन निवासी देउरवा थाना कप्तानगंज कुशीनगर को दो कार व फर्जी दस्तावेज आदि अन्य सामान सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशादेही पर चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन से 2 चोरी की बाइक बरामद की गयी।

गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनका मुखिया प्रमोद गुप्ता पुत्र मोहन उर्फ नाहर गुप्ता निवासी मोइला हरपुर थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर है, जो हार्वड जागरुकता एजुकेशनल ट्रस्ट नाम से जनपद में दो शाखाएं अमानपुर व कस्बा मऊ में खोलकर उन लोगों को नवम्बर 2022 में काम करने भेजा तथा 10 जुलाई तक उन लोगों ने विभिन्न पदों पर नौकरी देने होम ट्यूटर (एसटी), फील्ड क्वार्डीनेटर (एफसीओ), कम्प्यूटर टीचर (सीटी) तथा ग्रीन प्लांट मैनेजर आदि बनाकर कम समय में अधिक पैसे कमाने का लालच देकर हजारों लोगों को जोड़ कर सिक्योरिटी मनी व रजिस्ट्रेशन शुल्क आदि के नाम पर लगभग 5 करोड़ से अधिक की धनराशि एकत्र कर ली तथा 10 जुलाई को वह लोग अमानपुर वाले सेन्टर के पास से 2 मोटरसाइकिलें चुराकर भाग गये थे। उन लोगों को फर्जी आईडी, फर्जी नाम, फर्जी सिम तथा नये मोबाइल फोन उनके मुखिया प्रमोद गुप्ता ने दिये थे। जिनका उपयोग वह लोगों के साथ धोखाधड़ी करने में उपयोग किया था। रुपये पैसों का संकलन क्षेत्रीय लोगों जिन्हें उन लोगों ने नौकरी दिया था, उन्हीं के बैंक खाते में कराते थे तथा नकद पैसे निकलवा कर ले लेते थे। बीच-बीच में मुखिया प्रमोद गुप्ता व उनके साथी आकर ले जाते थे। उन लोगों के अलग-अलग बैंक खातों में अभी 10 लाख रुपये मौजूद हैं। बाकी सारे रुपये प्रमोद गुप्ता ले जाकर गोरखपुर में जमीने खरीद कर प्लाटिंग कर रहा है तथा नया मकान बनवा रहा है। विवेचना से मुकदमा में बढोत्तरी की गयी है तथा प्रकाश में आये मुख्य आरोपी प्रमोद गुप्ता व उसके दो अन्य साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी प्रकार जनपद मऊ के थाना क्षेत्र मधुवन में माउण्ड ऐजुकेशनल सर्विस नामक संस्था बनाकर इन्ही आरोपियों द्वारा लोगों के साथ विभिन्न पदों पर नौकरियों एवं कम समय में अधिक पैसा कमाने का लालच देकर लोगों को जोड़कर करोंड़ों रुपये की ठगी की है। जिसके सम्बन्ध में जनपद मऊ के थाना मधुवन में मुकदमा पंजीकृत है।

गिरफ्तारी के दौरान स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल, मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार द्विवेदी, आरक्षी रोशन सिंह, राघवेन्द्र सिंह, पवन राजपूत, ज्ञानेश मिश्रा, कोतवाली कर्वी उप निरीक्षक पवन प्रधान, मुख्य आरक्षी शिवकरन, संदीप देव, आरक्षी शुभम शर्मा, अमिक कुमार, सर्विलांस टीम के मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, आरक्षी रोहित सिंह, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर मां-बाप-बेटे को सजा

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने मां-बाप और बेटे को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 8000 रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि वादी मुकदमा रामसनेही पटेल ने बीती 24 मार्च 2018 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसने अपनी बहन सुमन देवी की शादी सेमरिया गांव के निवासी लवलेश पटेल के बेटे नीरज के साथ की थी। शादी के बाद से ही उसकी बहन सुमन को दहेज को लेकर ससुर लवलेश पटेल, सास फूला देवी व पति नीरज परेशान करते थे। दहेज में चार पहिया गाड़ी, पांच लाख रूपए की मांग की जाती थी। सुमन को प्रताड़ित करने के लिए खाना पीना भी नहीं दिया जाता था, जिससे वह कई दिनों तक भूखी रहती थी। इस बात की जानकारी उसकी बहन मायके आने पर देती थी। ससुरालीजनों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न को लेकर कई बार पंचायत भी हुई थी। जिसके बाद ससुरालीजन सुमन को लिवाने आए तो उन लोगों ने भेज दिया। इसके बाद ससुरालीजनों ने उसकी बहन को 23 मार्च 2018 को फांसी लगाकर मार डाला। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार

**लूटी गयी कार, नकदी, जीपीएस सिस्टम बरामद**

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना रैपुरा पुलिस ने लूट की घटना का अनावरण करते हुये दो लुटेरों को गिरफ्तार करते हुये लूटी गयी कार, 5000 रुपये नगद व क्षति ग्रस्त जीपीआरएस सिस्टम, 2 वाहन नम्बर प्लेट बरामद किया। रैपुरा थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय ने बताया कि बीती 29 अगस्त की रात्रि बांधी के पास एक अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला, जिसे थाना रैपुरा पुलिस द्वारा सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया। व्यक्ति को होश आने के बाद उसने अपना नाम मोहम्मद समीरुद्दीन पुत्र गौशुद्दीन निवासी मंडी बाजार मिजामपुरा जिला वारंगल तेलंगाना बताया। साथ ही बताया कि उसकी कार को एक व्यक्ति राजू नाम बता कर झांसी के लिये 35000 रुपये में बुक किया। जिसे सिकन्दराबाद रेलवे स्टेशन हैदराबाद तेलंगाना से बैठाया तथा दुसरे को उप्पल से बैठाया। जबलपुर तक आने के बाद उन्होंने उसे बीयर पिला दी एवं गाड़ी दूसरा व्यक्ति चलाने लगा। रास्ते में इन लोगों ने चाय पकौडी एवं कोल्ड ड्रिंक में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। जिसके बाद उसने अपने आप को सीएसी रामनगर में पाया। वादी की सूचना पर थाना रैपुरा में दो व्यक्तियों के खिलाफ अज्ञात मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने घटना का त्वरित संज्ञान लेकर थानाध्यक्ष रैपुरा को घटना के शीघ्र अनावरण के लिए निर्देशित किया। वादी ने बताया कि उसकी कार जे.पी. मोर्गन आई.टी. कम्पनी हैदराबाद से अटैच है। जिसकी जीपीएस लोकेशन वहीं से ट्रेस की जा सकती है। थाना रैपुरा पुलिस ने जे.पी. मोर्गन आई.टी. कम्पनी से सम्पर्क करके गाड़ी की लोकेशन प्राप्त की। बीते शुक्रवार को थाना रैपुरा पुलिस द्वारा आरोपी अजीत कुमार उर्फ नंगू गोस्वामी पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी जोरिया मजरा जगतापुर थाना कटरा जिला गोण्डा एवं आदर्श तिवारी उर्फ वेजम पुत्र रामअचल तिवारी निवासी दिनउ का पुरवा मजरा पारस पट्टी थाना मोतिगरपुर जनपद सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी आदर्श तिवारी के नलकूप से ही लूटी गयी कार बरामद की गयी, जिसमें फर्जी नम्बर प्लेट लगा रखी थी। साथ ही कार में गाड़ी की असली 2 नम्बर प्लेट व 3 मोबाइल फोन बरामद किये गये। आरोपी अजीत कुमार उर्फ नंगू गोस्वामी के कब्जे से लूटे गये 5000 रुपये बरामद किये गये। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह लोग दूर-दराज से गाडियों को बुक करके रास्ते में ड्राइवर के साथ जहरखुरानी करके गाडियों को लूट कर उन्हे बेंच देते हैं एवं जो पैसा मिलता है, उसे आपस में बांट लेतें हैं। आरोपी ने बताया कि वह और उसका दूसरा साथी रामकरन पुत्र बिहारी भोला पत्थरकट निवासी रामचरन का पुरवा मजरा पुरे तेंदुआ थाना धानेपुर जिला गोण्डा के साथ यह गाड़ी बुक की थी एवं ड्राइबर को रास्ते में जहरखुरानी करके उसकी जेब में रखे 14000 रुपये, मोबाइल व कार लूट कर ले आये थे, लूटे गये रुपयों को आपस में बांट लिये थे, जिसमें से 2 हजार खर्च हो गये हैं। आरोपियों के कब्जे से लूट की कार, नगदी, मोबाइल एवं कूटरचित नम्बर प्लेट की बरामदगी के आधार पर मुकदमा में तीनों आरोपियों का नाम प्रकाश में लाते हुये मुकदमें में बढ़ोत्तरी की गयी। तीसरे आरोपी रामकरन की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में हुआ समाज सेवियों के साथ नेत्रदान संगोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में चल रहे 38वें नेत्र दान पखवाड़े के दौरान शनिवार को चित्रकूट के समाज सेवियों के साथ नेत्रदान के प्रति लोगो में जागरूकता लाने एवं नेत्रदान के प्रति लोगो में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कार्निया डिपार्टमेंट के प्रमुख डॉ. गौतम सिंह परमार ने नेत्रदान से सम्बन्धित फिल्म दिखाई और नेत्रदान के बारे में जानकारी दी। सदगुरू सेवा संघ के ट्रस्टी एवं प्रशासक डॉ. ईलेश जैन ने कहा कि नेत्रदान के प्रति लोगों को प्रेरित करना हम सबके के लिए बड़ी चुनौती है। फिर भी अगर किसी परिवार को हमे रोशनी देनी है अथवा दुनिया दिखाना है तो इस महादान के लिए सबको एक संकल्प के साथ लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है।

# भाजपा सरकार अभियान के जरिए कर रही शहीदों का सम्मान बढ़ाने का कार्य: आर के पटेल

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत पहाड़ी ब्लाक के ओरा ग्राम पंचायत में शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सांसद आरके सिंह पटेल ने ओरा ग्राम पंचायत से शहीदों के स्मृति में लगाए गए शिलाफलकम का शिलान्यास किया तथा शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत की मिट्टी अमृत कलश में भरकर देश की राजधानी दिल्ली जाएगी। जहां प्रत्येक विधानसभा के नाम से एक वृक्ष भी लगाया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत सांसद आरके सिंह पटेल ने पंच प्राण की प्रतिज्ञा भी दिलवाई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीब किसान कल्याण की योजनाओं के साथ देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ न्योछावर करने वाले वीर जवानों की याद में प्रत्येक ग्राम पंचायत के सभी ग्रामवासी इस अभियान से जुड़कर अपने शहीदों के सम्मान को बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने ग्राम पंचायत के डिग्री मंदिर प्रांगण में 75 पौधे रोपित कर अमृत वाटिका को सजाने और संवारने के लिए ग्राम वासियों से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जब देश आजादी के 100 वर्ष पूर्ण करेगा तब अमृत कल के अवसर पर आने वाली पीढ़ियां हमारे शहीदों के सम्मान में ऐसे रचनात्मक कार्य करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि आज देश के आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी किसी भी राजनीतिक दल ने उनके सम्मान के विषय में विचार नहीं किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वास्तव में उन शहीदों को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनोद पांडेय, जिला मनरेगा उपायुक्त धर्मजीत सिंह, राधेश्याम दिवाकर, फूलचंद राजपूत, प्रधान अभेष मिश्रा, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, अशीष रघुवंशी, राजकुमार त्रिपाठी, शिव प्रकाश मिश्र, अभिमन्यु बेलौहा, रामबरन श्रीवास, अमित मिश्रा, वेद प्रकाश, देव कुमार यादव, अशोह प्रधान मेहरबान प्रताप, प्रधान लवदीप शुक्ला, पुनीत उपाध्याय, राम आसरे यादव, पिलखिनी प्रधान रूप नारायण, सर्वजीत सिंह, चुनकवान राजपूत, राजाराम यादव आदि मौजूद रहे।

## धाता नगर पंचायत में बनेगी 1 करोड 67 की लागत से कान्हा गौशाला

**जन एक्सप्रेस/खागा, फतेहपुर।** धाता नगर पंचायत क्षेत्र में पहली कान्हा गौशाला का निर्माण होगा। डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार होने वाला गौशाला मे 500 जानवरो को रखा जा सकता है। जिसके निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही किया जा रहा है। टेंडर प्रक्रिया के बाद शीघ्र ही 500 क्षमता वाली गोशाला का निर्माण शुरू हो जाएगा। बताते चले कि आवारा जानवरों से लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर पंचायत धाता ने बड़ा कदम उठाया है। स्थाई कान्हा गौशाला निर्माण का प्रस्ताव बीते दिनों शासन को भेजा था। 1 करोड़ 67 लाख 79 हजार रुपये की लागत से तैयार होने वाली कान्हा गोशाला के निर्माण को बीते दिनों ही शासन ने मंजूरी प्रदान कर दिया था।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**



शासन की मंशा है कि आम जन को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व समय से न्याय मिलने के लिए माह के प्रत्येक शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन होता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कृषि, सिंचाई, राजस्व, विकास, पुलिस, विद्युत, शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चकबंदी, नलकूप, पशुपालन, आवास, पेंशन, पीडब्ल्यूडी आदि विभागों से सम्बंधित कुल 142 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से मात्र 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष 134 शिकायतों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किये जाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

संपूर्ण समाधान यतों को सुनते हुए जिलाधिकारी श्रुति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर फरियादी को सूचित करते हुए निस्तारित किया जाय। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही व विलम्ब नहीं होने पाये। अधिकारीगण आईजी आरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें। शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की समस्या को गम्भीरता से सुना जाय और धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाय। वही पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने पुलिस विभाग की शिकायत को सुना और निर्देशित किया कि पीडितो की शिकायत सम्मान जनक ढंग से सुन और ससमय निस्तारित करें। इस मौके पर उपजिलाधिकारी नन्द प्रकाश मौर्य, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सहित सभी विभागो के विभागायक्ष उपस्थित रहे।

# किसान महापंचायत में जिले से लखनऊ जायेंगे पांच हजार किसान

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**

भारतीय किसान यूनियन की समीक्षा बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने शिरकत करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर संगठन संघर्ष कर रहा है। इसी उद्देश्य से आगामी 18 सितंबर को लखनऊ में होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए जिले से पांच हजार किसानो को शामिल किये जाने का लक्ष्य दिया गया है।

नहर कालोनी प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने शिरकत किया। उन्होने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के किसानों की हालत बद् से बद्तर हो गई है। बिजली, पानी एवं अन्ना जानवरों की समस्या से किसान परेशान है। उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। बार-बार मांगे उठाये जाने के बावजूद किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से 18 सितंबर को लखनऊ में महापंचायत आयोजित किया जा रहा है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 27.09.2023 को 15.00 बजे तक है आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 001052023 दिनांक 01.09.2023 |
| 2 | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर–द्वितीय लखनऊ एवं सहायक मण्डल इंजीनियर/रायबरेली के अधीन रबराइज्ड पैड फलोरिंग द्वारा विभिन्न समपारों पर सडक की सतह में सुधार। |
| 3 | अनुमानित लागत | Rs. 1,72,55,047.69 |
| 4 | धरोहर राशि | Rs. 2,36,300.00 |
| 5 | कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से 06 माह |
| 6 | निविदा डालने का प्रारंभ | 13.09.2023 |
| 7 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 27.09.2023 15:00 बजे |
| 8 | बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2734/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान की घोर निन्दा, सनातन अनुयायियों में आक्रोश

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**

अखिल भारत हिंदू महासभा की मासिक बैठक कैंप कार्यालय आईटीआई रोड में संपन्न हुई। जिसमें संगठन मजबूती व पिछले दिनों सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा दिए गए विवादित बयान हिंदू नाम का कोई धर्म नहीं है, केवल धोखा है की सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से कटु आलोचना करते हुए प्रदेश की योगी सरकार से मांग किया कि इस नास्तिक हिंदू विरोधी व समाज में आपसी घृणा व द्वेष उत्पन्न करने वाले स्वामी को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने स्वामी प्रसाद मौर्य की निंदा करते हुए उसे आगरा के पागलखाने भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म व सनातन दोनों एक ही पर्याय है। जो कि विश्व कल्याण व वसुदेव कुटुंबकम की बात करते हैं। हमारी संस्कृति ही हमें पैरों के नीचे एक चींटी भी आने पर रास्ता बदलने की ओर अग्रसर करती है। सपा प्रमुख को संज्ञान लेकर इस पागल को सपा से शीघ्र हटा देना चाहिए अन्यथा जो अभी थोड़ा बहुत सपा बची है वह भी शीघ्र ही निचले पायदान पर चली जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रवक्ता स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, शशिकांत मिश्रा, श्रवण कुमार, शिवाकांत तिवारी, संतोष नेता, गजेंद्र मौर्य, अर्जुन प्रसाद वैद्य, एसके गुप्ता भी मौजूद रहे।

# वकीलों के प्रदर्शन को लेकर पुलिस सतर्क

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**



हापुड़ में शांतिपूर्वक चल रहे धरना-प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किया गया लाठी-चार्ज की निंदा करते हुए प्रदेश के सभी जनपद न्यायालयों में अधिवक्ताओं ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया हैं। अधिवक्ताओं के प्रदर्शन को लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है। न्यायालय परिसर के अलावा कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। हालांकि वकीलों ने कोई प्रदर्शन नहीं किया इसके बावजूद पुलिस मुस्तैद दिखी। उधर एसपी ने भ्रमण कर कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बताते चलें कि हापुड़ में शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं के ऊपर पुलिस ने बर्बरतापूर्वक लाठी-चार्ज किया था। जिसमें कई अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गये थे।

इस घटना के बाद से प्रदेश के अधिवक्ताओं में खासी नाराजगी व्याप्त है। वकीलों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजकर हापुड़ के डीएम, एसपी व सीओ को तत्काल निलंबित करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग किया था। इतना ही नहीं जिले में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व अखिल भारतवर्षीय युवा अधिवक्ता महासभा के तत्वाधान में भी पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर सीएम को ज्ञापन भेजा था और कचेहरी में धरना-प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दिया गया था। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बड़ी संख्या में जनपद न्यायालयों के साथ-साथ कलेक्ट्रेट के सभी प्रमुख द्वारों पर पुलिस व पीएसी बल को तैनात कर दिया था। ड्यूटी को परखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जनपद न्यायालय पहुंचे और शांति व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए ड्यूटी पर मुस्तैद पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 06-08 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 36.4 (+3.7)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.2 (+1.7)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 49 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 7.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर -पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कल्याणपुर क्षेत्र के निजी अस्पताल पर बच्चा चोरी का आरोप, दंपति ने ज्वाइंट सीपी को अर्जी दे लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

जनपद फतेहपुर के एक पीड़ित दंपति ने थाना कल्याणपुर क्षेत्र में स्थित एक निजी अस्पताल पर बच्चा चोरी करने का आरोप लगाया है। थाने स्तर पर सुनवाई न होने के बाद बीते दिन शनिवार को पीड़ित दंपति कानपुर के पुलिस कमिश्नर से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे और फिर उनके न मिलने पर संयुक्त पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी को अपनी अर्जी देते हुए न्याय की गुहार लगाइए। उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर स्थित कलिल नगर निवासी अनुराग सचान ने बताया कि वह खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। अनुराग के दो बच्चियां हैं। पत्नी सोनी सचान (32) जब गर्भवती हुई तो पत्नी की सेहत के दृष्टिगत पति अनुराग ने उसे अपनी मौसी के कानपुर देहात स्थित घर भेज दिया। बीती 26 जुलाई को सोनी के पेट में दर्द हुआ तो परिवार वाले उसे अकबरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। अनुराग के अनुसार वहां डॉक्टरों ने सोनी का अल्ट्रासाउंड किया, तो जुड़वां



प्रतीकात्मक फोटो

बच्चों के होने की जानकारी दी। सोनी को भी स्क्रीन पर शिशुओं की हरकतें भी दिखाई गईं। अस्पताल ने जो रिपोर्ट दी, उसमें भी जुड़वा बच्चों और उनका अलग-अलग वजन, अलग-अलग पल्स का भी जिक्र है। यह भी बताया गया कि दोनों बच्चे करीब 35 सप्ताह के हैं। अनुराज के मुताबिक, पत्नी की रिश्तेदार कानपुर स्थित कल्याणपुर आवास विकास में बने प्राईवेट हॉस्पिटल में नर्स है। पत्नी के प्रसव के संबंध में उनसे संपर्क किया। दो अगस्त को उन्हीं के जरिये ग्रेस अस्पताल में भर्ती कराया। अनुराग ने बताया कि डॉक्टरों ने भी अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट देखने के साथ ही हाथ से जांच करने के बाद जुड़वां बच्चों का दावा किया था। ऑपरेशन के बाद एक ही बच्चा सौंपा गया। जब उन्होंने दूसरे बच्चे के विषय में पूछा तो आनाकानी शुरू कर दी गई। उन्होंने इमरजेंसी नंबर 112 पर कॉल करके पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने काफी देर तक डॉक्टरों और परिजनों से बात की, लेकिन उन्हें खुद भी कुछ समझ नहीं आया तो लौट गए। अनुराग के अनुसार उन्होंने अकबरपुर और कल्याणपुर स्थित दोनों अस्पतालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए कोर्ट में अपील भी की है।

### एक बच्चा पैदा होने की बात पर किया पिता ने हंगामा

प्रसूता सोनी ने बताया कि डॉक्टरों ने उनकी आंख पर रुई रखी थी। एनेस्थीसिया के कारण वह बेहोशी की हालत में थी, लेकिन उन्होंने दो बच्चों के रोने की आवाज सुनी थी। उन्होंने आंख से रुई हटाने की कोशिश भी की थी। आरोप है कि तभी किसी ने कहा देखो होश आ रहा है और फिर किसी ने एक इंजेक्शन और लगाया, जिससे वह पूरी तरह से बेहोश हो गई। जब होश आया तो गोद में एक बेटी दी गई। अनुराग के अनुसार जब एक बच्चे जन्म लेने की जानकारी उन्हें दी गई तो उन्होंने अस्पताल में हंगामा करते हुए मुख्य डॉक्टर से बात कराने के लिए कहा, जिन्होंने पहले जुड़वां बच्चों के होने का दावा किया था। इस पर स्टाफ ने उनसे बात नहीं कराई। आरोप है कि जब अनुराग ने अस्पताल में पुलिस बुलवाने के लिए कहा तो रिश्तेदार नर्स भी अस्पताल की इज्जत जाने का हवाला देकर रोने का दिखावा करने लगीं। अनुराग का मानना है कि अस्पतालों में स्टॉफ खुद बच्चों को चोरी करके बेच देता है। अनुराग के अनुसार उनके हंगामा करने पर अस्पताल प्रबंधन ने एक वीडियो दिखाया, जो मोबाइल से बनाया गया था। उसमें आपरेशन के बाद का दृश्य दिखाया गया है और सिर्फ एक बच्ची नजर आ रही है। उनका आरोप है कि प्रबंधन ने जानबूझकर बचने के लिए वीडियो बनाया था। मामले पर संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी का कहना है कि वह उच्च स्तरीय जांच कर रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा आईटी और सोशल मीडिया विभाग की कार्यशाला में बनी रणनीति

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के केशव नगर स्थित मुख्यालय मे शनिवार को भाजपा आईटी और सोशल मीडिया विभाग की उत्तर और दक्षिण जिले की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि स्वयं बराल ने लोकसभा चुनाव के? मद्देनजर पार्टी के इंटरनेट मीडिया नेटवर्क को प्रभावी और धारदार बनाने के लिए साइबर योद्धाओं से टीम वर्क के साथ काम करने की बात कही। उन्होंने आईटी एवं सोशल मीडिया टीम को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अभी से जुटने का आवाहन करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने के लिए विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग करने के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लाभार्थियों से बात कर उनके अनुभव को रिकॉर्ड करते हुए 30-30 सेकंड के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रचारित करें।उन्होंने कहा कि देश में आए सकारात्मक बदलाव की सच्ची तस्वीर हर हाल में जनता तक पहुंचनी चाहिए और इसके लिए इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म से ज्यादा ताकतवर कोई और दूसरा मंच नहीं है। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए इंटरनेट मीडिया पर भाजपा की प्रभावी उपस्थिति के लिए यह शंखनाद अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रभावी टीम के साथ लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरेगी। इस अवसर पर प्रदेश आईटी टीम के सदस्य अभिषेक तिवारी,सुनील तिवारी, मोहित पाण्डेय, अमित मिश्रा,अमित गुप्ता, संतोष शुक्ला, सिद्धार्थ शर्मा, देवेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सांड के हमले से अधेड़ की हुई दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस | चौबेपुर

थाना क्षेत्र के एक गांव में सांड ने एक अधेड़ को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। चौबेपुर के गबड़ाह गांव में शनिवार को कनोजी लाल पटेल पुत्र बच्चू लाल उम्र 55 वर्ष घर के बाहर सो रहे थे उन्ही के पास उनकी पालतू गाय बँधी थी तभी रात एक एक बजे वहा एक सांड आ पहुंचा जिससे कनोजी लाल की आँख खुल गईं और वह सांड को वहा से हटाने लगे लेकिन तभी साढ़ ने उनपर हमला बोल दिया जिससे उनके शरीर में सांड के सींग घुस गए वही सींग सीने से आर पार होने के कारण मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया ज़ब लोगो ने वहा उठापटक की आवाज सुनी तो वह वहा इक्कठा हो गए लेकिन ज़ब तब तक बहुत देर हो चुकी थी परिजनों ने ज़ब कनोजी लाल का लहूलुहान मृत शरीर देखा तो वहा मातम सा छा गया और पूरा गांव गमगीन हो गया।

## के.डी.ए. अपर सचिव समेत अन्य के खिलाफ़ एस आई टी से जॉच कराने को राज्यमंत्री ने लिखा पत्र




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक स्थित पायनियर ग्रीन के मामले में अब भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ़ भाजपा की राज्यमंत्री ने मोर्चा खोल दिया है उन्होंने शासन स्तर पर पत्र लिखते हुए पूंछा है कि गलत तरीके से फर्जी नक्शा पास करने वाले अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। साथ ही यह भी लिखा है कि मामले की जांच एसआईटी का गठन करके कराई जाए। भाजपा राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने अपर मुख्य सचिव शहरी आवास नियोजन समेत मंडलायुक्त और उपाध्यक्ष को पत्र लिखते हुए पूंछा है कि पायनियर ग्रीन, बिठूर रोड, हनुमन्त विहार, सिंहपुर, कानपुर नगर के कई नक्शे को पास करने के लिये विभाग के पोर्टल पर डाला गया था, जिसकी स्वीकृति गलत तरीके से विभाग द्वारा प्रदान की गयी। इस प्रकरण पर बिल्डर के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किये गया, परन्तु नक्शे की जाँच कर स्वीकृति प्रदान करने वाले अवर अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, नगर नियोजक एवं अपर सचिव के खिलाफ जाँच की कार्यवाही नहीं की गयी। भ्रष्टाचार में रविप्रताप सिंह, जोग-1 की संलिप्तता ज्यादा पायी गयी है। इस प्रकरण की एसआईटी से विस्तृत जाँच करायी जाये और दोषी पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये।

# बाबू पुरवा क्षेत्र में कथित बजरंगियों पर जबरन गोदाम कब्जा कराने का आरोप

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीते दिन शनिवार को थाना बाबूपुरवा इलाके में स्थित बेगम पुरवा नई बस्ती में रहने वाला व्यक्ती पुलिस कमिश्नर के ऑफिस पहुंचा और उसने शिकायती पत्र देते हुए मकान मालिक समेत कथित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के साथ ही जबरन गोदाम में कब्ज़ा करने का आरोप लगाया है।




पुलिस कमिश्नर को दिए गए पत्र में थाना बाबूपुरवा क्षेत्र के बेगम पुरवा नई बस्ती में रहने वाले रेहान नाम के व्यक्ति ने बताया कि राजेंद्र मिश्रा नाम के व्यक्ति से उसके द्वारा किराए पर गोदाम लिया गया था। आरोप है कि राजेंद्र मिश्रा जबरन उससे गोदाम खाली करवाना चाहते थे। पीड़ित की माने तो उसके द्वारा समय भी मांगा गया था लेकिन शुक्रवार की रात्रि को राजेंद्र मिश्र व 30 40 अज्ञात लोगों द्वारा जिसमें कुछ लोग खुद को बजरंग दल का कार्यकर्ता बता रहे थे। रेहान के साथ गाली गलौज मारपीट करते हुए जबरन गोदाम पर कब्जा कर लिया। इस दौरान रेहान को बाबूपुरवा पुलिस की भी कोई मदद नहीं मिली। स्थानिय पुलिस से मदद न मिलने के बाद बीते दिन शनिवार को रेहान पुलिस कमिश्नर के दफ्तर पहुंचा था वहां पर पुलिस कमिश्नर से तो मुलाकात नहीं हुई लेकिन उनकी जगह जनसुनवाई कर रहे एक अधिकारी द्वारा पत्र लेकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। पीड़ित के द्वारा यह भी जानकारी उपलब्ध कराई गई है कि किराएदारी के विवाद को लेकर उसका मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। लेकिन इसके बाद भी कुछ कथित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों की दम पर गोदाम मालिक ने जबरन उसके गोदाम पर कब्जा कर लिया है जिसके अंदर 22 से 23 ई रिक्से से बंद है और ?300000 जो डिपॉजिट पगड़ी के रूप में राजेंद्र मिश्रा ने लिए थे वह भी उसकी हड़प ली गई है।

# प्रेमवश हिन्दू युवक ने अपनाया मुस्लिम धर्म

जन एक्सप्रेस | चौबेपुर

थाना क्षेत्र में इश्क़ में मजबूर युवक ने मुस्लिम धर्म अपना लिया। प्यार लोगो से क्या नहीं करवा देता हैं कही प्यार के लिए लोग हत्या कर देते हैं तो कही घर की इज्जत के बारे में भी नहीं सोचते हैं। एक ऐसा ही मामला चौबेपुर क्षेत्र के ग्राम नाथूपुर से सामने आया है जहा एक हिन्दू युवक अंकित उर्फ़ (चाँद भाई)पुत्र ओमप्रकाश को एक मुस्लिम लड़की करीना पुत्री समीम मियां से प्रेम हो गया है और वह प्रेम परवान चढ़ा तो चार महीने पूर्व दोनों अपने घर से भाग गए लेकिन ज़ब चार महीने बाद वह घर वापस लोटे तो लडके के परिजनों ने उसे अपने यहां रखने से मना कर दिया जिसके बाद लडके को मुस्लिम समाज ने अपने साथ मिला लिया



और लडके ने अपना धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम धर्म अपना लिया जिसके बाद उन दोनों का मुस्लिम रितिरीवाज से निकाह करा दिया गया है।

# बिल्हौर थाने से चंद कदमों की दूरी पर 27 अगस्त से नाबालिक छात्र गायब

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर


बिल्हौर कोतवाली के समीप जयप्रकाश नगर निवासी शौर्य 14 वर्षीय पुत्र संजय सिंह की मां अल्का सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर बताया राधा कृष्ण बाजार में ठेकेदार के साथ सुबह 5:00 बजे से मुनीम के साथ पैसा वसूली आदि का कार्य पिछले 17 तारीख से कर रहा था वहीं पर 27 तारीख से शाम से नाबालिक घर से निकाला इसके बाद नहीं गया मां और पिता इधर-उधर नाते रिश्तेदारी में खोजबीन कर रहे हैं वहीं पर शुक्रवार



1 सितंबर को एक फोन से कॉल आई जिस पर उसे बालक ने कहा मैं मध्य प्रदेश में यह की गाड़ी पर हम मध्य प्रदेश आ गया हूं मैं रोज बात करूंगा फोन ना करें ना ही तब से फोन स्विच ऑफ बता रहा है फोन किसी मिश्रा के नाम से रजिस्टर्ड है तब से माता-पिता में ज्यादा बेचैनी बढ़ गई है कि आखिरकार फोन स्विच ऑफ क्यों है अगर वह किसी गाड़ी पर है ट्रक पर है तो सूचना तो आनी चाहिए वहीं पर जिनके साथ था बाजार की वसूली छोटी बाजार में करता था उनका भी फोन स्विच ऑफ आ रहा है जिससे परिवरीजन बहुत परेशान है शनिवार को मां ने बिल्हौर थाने पहुंच गए प्रार्थना पद दिया है पुलिस ने छानबीन करने का भरोसा दिलाया।

## दरोगा के थप्पड़ मारने पर सपाइयों ने घेरा थाना, एसीपी बोले, जांच के बाद होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस | विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** कलक्टरगंज थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े वाहन के हुए चालान का विरोध करने पर पुलिस ने युवक को पीट दिया। इसके विरोध में आर्यनगर से सपा विधायक अमिताभ बाजपेई के नेतृत्व में दर्जनों सपाइयों ने थाने का घेराव कर हंगामा किया। सपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि कलक्टरगंज थाने की पुलिस शुक्रवार देर रात इलाके में गश्त कर रही थी। इस दौरान सपा कार्यकर्ता आशुतोष चौरसिया की बाइक का चालान कर दिया। विरोध करने पर पीटा और थाने से उठा ले गए। आरोप है कि मामले की जानकारी मिलते ही आशुतोष की मां थाने पहुंची तो उन्हें भी पुलिस कर्मियों ने गाली-गलौज करके भगा दिया। विधायक समेत सपा कार्यकर्ताओं ने अभद्रता का आरोप लगाया है और जांच करा कर दोषी पुलिस वालों के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा है। सूचना मिलने पर एसीपी निशंक शर्मा पहुंचे उन्होंने मामले की जांच करा कर कार्यवाही करने को कहा तब जा कर मामला शांत कराया। उन्होंने बताया कि वाहन गलत तरीके से खड़ा था इसलिए चालान किया गया था। जांच में पुष्टि होती है तो संबंधित पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 72 वर्षीय शिक्षिका से जालसाजी करने वालों के खिलाफ कोतवाली कर्नलगंज में मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस
ख़बर का असर
जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर


72 साल की वृद्ध शिक्षिका का आरोप विधायक इरफान और भोलू के गुर्गे ने जालसाजी कर हड़पे लाखों रुपए

एक बार फिर से जन एक्सप्रेस की खबर का बड़ा असर हुआ है। बीती 31अगस्त के अंक में प्रकाशित खबर 72 साल की वृद्ध शिक्षिका का आरोप विधायक इरफान और भोलू के गुर्गे ने जालसाजी कर हड़पे लाखों पर संज्ञान लेने के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नावेद और बिलाल चिश्ती पर गंभीर धाराओं में थाना कर्नलगंज में मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसके बाद पीड़ीत शिक्षिका ने कानपुर के पुलिस कमिश्नर और संयुक्त पुलिस कमिश्नर के साथ-साथ एसीपी कर्नलगंज और कोतवाल करनलगंज को भी धन्यवाद कहा है। ज्ञातव्य हो कि थाना कर्नलगंज के तलाक महल क्षेत्र में निवास करने वाली कनीज बेगम पुत्री स्व0 बशीर अहमद उम्र लगभग 72 वर्ष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह शिक्षा विभाग की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हैं। उनके द्वारा कुछ माह पहले स्टेट बैंक आफ इंडिया की अनवरगंज शाखा के बैंक प्रबंधक से पेंशन पर लोन लेने का आग्रह किया था गया था लेकिन प्रबंधक ने उम्र ज्यादा होने का हवाला देते हुए उनके आवेदन को निरस्त कर दिया था। उनका आरोप है कि उनके करीबी रिश्तेदार नावेद ने इरफान सोलंकी वा भोलू पार्षद के करीबी बिलाल चिस्ती उसकी बहन समेत अन्य के साथ साजिश रचते हुए उनसे उनकी ब्लैंक चेक पर हस्ताक्षर करवा लिए मोबाइल के साथ एटीएम भी ले लिया। लेकिन उन्हें लोन पास होने अथवा निरस्त होने की कोई भी जानकारी नहीं दी गई। इस मामले में जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था जिसके बाद कोतवाली कर्नलगंज में आरोपीयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### पिता के खिलाफ लंदन से आई बेटी ने दर्ज कराया मुक़दमा

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। नौबस्ता थाना क्षेत्र में मां के साथ पिता द्वारा मारपीट करना बेटी को नागवार गुजरा भाइयों द्वारा सूचना मिलने पर लंदन से आई बेटी ने पिता के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार नौबस्ता थाना क्षेत्र के किदवई नगर वाई ब्लॉक निवासी सिद्धात्री अवस्थी लंदन में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रही हैं । नौबस्ता पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि पिता राजेंद्र कुमार अवस्थी शराब के लती हैं शराब नहीं पीने के लिए मना करने पर पिता ने मां को जमकर पीटा और अकाउंटेंट सुधांशु शुक्ला, ड्राइवर चंद्र किशन पाल ने हाथ पकड़ कर उनकी चाबी निकाली फिर दोबारा दोबारा पिता ने मां को जमकर पीटा जिससे वह गंभीर रूप से गंभीर रूप से घायल हो गई । इसके बाद पिता अलमारी में रखा हुआ कैश वा जेवरात लेकर भाग निकले। भाइयों द्वारा सूचना मिलने पर सिधात्री अवस्थी आनन फानन में लंदन से घर आई और पिता के खिलाफ शिकायती पत्र नौबस्ता थाने में दिया है ।वहीं पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# मिश्रिख लोकसभा सांसद का बिल्हौर विधानसभा में जगह-जगह जोरदार स्वागत

* चौबेपुर ब्लाक प्रमुख व शिवराजपुर चेयरमैन ने प्रतीक चिन्ह भेट किए

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर

बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में दो दिनों से मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक रावत अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र में जिन-जिन गांवों में घटनाएं दुर्घटनाओं में लोगों की मौत हो गई है या कोई विशेष परिस्थितियों में जान चली गई है वहां पर पहुंचकर उनके परिवारों से मिलकर धीरज बंधाया और आर्थिक सहायता




दिलाने का भरोसा दिलाया वहीं पर शुक्रवार को ककवन और बिल्हौर ब्लॉक क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और हो रहे विकास



कार्यों का जायजा लिया शनिवार को चौबेपुर ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला वह बिल्हौर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सिपाही लाल कठेरिया के साथ आधा सैकड़ा गाड़ियों के काफिले के साथ वरिष्ठ कार्यकर्ता चौबेपुर प्रधान कल्लू यादव संतोष यादव गुड्डू सिंह सांसद प्रतिनिधि रवि वाजपेई क्षेत्र भ्रमण के बाद राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष के पारस मिल में जोरदार सांसद अशोक रावत का स्वागत हुआ वहीं पर दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी हुई इसके बाद काफिला शिवराजपुर भाजपा कार्यालय पहुंचा वहीं पर एनएच34 भटपुरा अंडरपास के नीचे कई गांव के लोगों ने संसद का जोरदार स्वागत किया कि अंडरपास आपके द्वारा ही बनवाया गया है इसके बाद शिवराजपुर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण के पहले मीटिंग हॉल में संसद अशोक रावत का अध्यक्ष नीलिमा कटियार व कैलाश कटियार जेपी कटियार, विक्रम मिश्रा, शिवम सैनी, रिंकू कटियार, हरीकिशोर मिश्रा, शुभ्रांशु कटियार ,गीतेश कटियार, प्रदीप तिवारी, नीलकमल चौहान, देवेंद्र शुक्ला, ऋषभ अवस्थी, शिवम ओमर, अंकुर कटियार आदि ने जोरदार स्वागत किया प्रतीक चिन्ह भी नगर पंचायत अध्यक्ष ने भेंटकर स्वागत किया। सांसद ने अपने भाषण में कहा कि हम सब का साथ सबका विकास करते रहे हैं और करते रहेंगे हमें आपका सहयोग चाहिए हम छोटी-छोटी बातों पर गुटबाजी पर विश्वास नहीं रखते हैं हम काम पर विश्वास रखते हैं। कोई भी हमारे पास आया है उसने फोन किया है इस समय हमने आदमी भेज कर काम कराया है चाहे तहसील का हो या थाने कहो हम हमेशा जनता के लिए ही लड़ते रहते हैं चाहे एक्सप्रेस हाईवे हो या बेला रोड हो सड़कों के विकास कर रहा हूं या एनटीपीसी प्लांट हो सभी में हमने जी जान लगाकर भागीदारी की है वहीं पर रेलवे स्टेशन बिल्हौर पर ट्रेनों के आवागमन और ठहराव की बात हो वह हमने जनता के हित में बात रखी है उस पर 90त्न तक काम हुए हैं बाकी वह भी जल्द हो जाएंगे।

# तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस का डीएम की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

## 195 शिकायतों में से निपटारा सिर्फ 21 का

**✻ लंबित न रखी जाएं जन समस्याएं, निस्तारण में लापरवाही अक्षम्य: जिलाधिकारी**

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर माह के पहले शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें डीएम ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये और शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये।साथ ही समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया।समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। डीएम ने लेखपालों को निर्देश दिया कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निपटाएं। ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील अमेठी में कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई।जिनमें सात शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तिलोई में 52 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें छ का निस्तारण किया गया। तहसील गौरीगंज में 32 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें तीन का निस्तारण किया गया तथा मुसाफिरखाना में 48 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है। और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने कार्यालय समय से पहुंचे व जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**सीमेंट फैक्ट्री वालों ने प्रशासन की आंख में धूल झोंकते हुए सौंपा पशु आरोग्य रथ**

# डीएम और एसपी ने फीता काटकर अरोग्य रथ का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिले में स्थापित एक सीमेंट फैक्ट्री वालों ने शनिवार को प्रशासन की आंख में धूल झोंकते हुए पशु आरोग्य रथ सौंपा।
बताया जाता है कि कंपनी के द्वारा पुरानी गाड़ी का मेंटेनेंस करवा कर प्रशासन को जेके लक्ष्मी पशु आरोग्य रथ नाम से प्रशासन को सोपा गया। जिसे डीएम और एसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वैन दस साल से ऊपर की पुरानी बताई जा रही है। गाड़ी का नंबर वहकील ऐप पर डालने के बाद गाड़ी का पूरा डिटेल मालूम हुआ। दरअसल शनिवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील अमेठी के परिसर से जेके लक्ष्मी सीमेंट एवं जेके ट्रस्ट के आपसी सहयोग से जेके लक्ष्मी पशु आरोग्य रथ नाम से पशु चिकित्सा वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंह, उपजिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जेके लक्ष्मी स्टेट हेड अजीत सिंह द्वारा बताया गया कि यह चिकित्सा की सुविधा रूट निर्धारित कर विकासखंड भादर के समस्त गांव के पशुपालकों को चिकित्सा सुविधा निशुल्क प्रदान की जाएगी। आपातकालीन सेवा भी नियमित रूट के पश्चात प्रस्तावित है।उसके लिए विकासखंड भादर हेतु पृथक से टोल फ्री नंबर कंपनी द्वारा जारी किया जाएगा। पशु चिकित्सा अधिकारी भादर एवं खंड विकास अधिकारी भादर से संपर्क स्थापित कर शिविर लगाने की तिथि निर्धारित की जाएगी। इस मौके पर जनपद के अन्य अधिकारी एवं कंपनी की तरफ से लॉजिस्टिक हेड आशीष गुप्ता एवं अन्य मौजूद रहे।



# अमृत वाटिका को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस । गौरीगंज,अमेठी**



गौरीगंज स्थित भाजपा ज़िला कार्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की तैयारी बैठक आयोजित हुई।जिसमें जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा की मेरी माटी-मेरा देश के अंतर्गत अमृत कलश के माध्यम से हर घर व पंचायत से मिट्टी एकत्रित किया जाएगा।प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाई जायेगी। इसके बाद अमृत कलश को ब्लॉक मुख्यालय फिर वहां से लखनऊ तत्पश्चात दिल्ली पहुंचाया जाएगा।इस मिट्टी से दिल्ली के नेशनल वार मेमोरियल के समीप 'अमृत वाटिका' का निर्माण किया जाएगा। ये 'अमृत वाटिका', एक भारत-श्रेष्ठ भारत का' प्रतीक बनेगी। ज़िलाध्यक्ष ने आगे अपने सम्बोधन में कहा जनपद स्तर पर भारतीय जनता पार्टी मेरा माटी मेरा देश अभियान को धूमधाम से मनाएगी।सितम्बर व अक्टूबर में पंचायत,ब्लॉक एवं जिला स्तर पर कई कार्यक्रम होंगे। जिसमें जनभागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। ज़िला महामन्त्री एवं अभियान संयोजक सुधाँशु शुक्ला ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा मण्डलों की बैठक ब्लाक मुख्यालय पर होगी। ग्राम सभाओं व नगरीय वार्डों की योजना बैठक होगी।इस दौरान ब्लॉक में सामूहिक रूप से सांस्कृतिक सामाजिक कार्यक्रम संपन्न होंगे।
मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम में विधायक व ब्लॉक प्रमुखों को अपने क्षेत्र के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी है। पार्टी प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि 27-28 अक्टूबर को ब्लाक मुख्यालय से ब्लॉक प्रमुखों के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा लखनऊ पहुंचेगी।

## प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** आज शनिवार को सचिव उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ राधा कृष्ण तिवारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यक्रय में जनपद के समस्त माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों की एक बैठक प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत सम्पादित किये। बैठक के उपरान्त अध्यक्ष-माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति सुलतानपुर दिनेश नारायण शुक्ल ने पंजीकरण तिथि बढ़ाने, महाविद्यालयों को प्रोजेक्ट अलंकार योजना में शामिल करने और वेतन विसंगति को दूर करने हेतु त्रिसूत्रीय ज्ञापन भी सचिव को प्रदान किया। बैठक में सह-जिला विद्यालय निरीक्षक जयशंकर यादव, पटल सहायक आशीष ओझा, कृपा शरण द्विवेदी, डा0 विनय कुमार मिश्र, कृष्ण प्रताप पाण्डेय, शिव मोहन शुक्ल, आलोक तिवारी, योगेश्वर शुक्ल, संजीव कुमार मिश्र, शशि नाथ पाण्डेय, हरिदत दूबे, अमिता तिवारी, संजय शुक्ल, गिरीश कुमार मिश्र, बनारसी नाथ दूबे आदि उपस्थित रहे।

## दिल्ली में चमका सुलतानपुर का सितारा

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** नार्थ जोन शूटिंग स्पर्धा दिल्ली में सुलतानपुर यू पी का चमका सितारा। गौरतलब है कि सर ज़मीन ग्राम गंजेहड़ी पोस्ट सोहगौली ज़िला सुलतानपुर के निवासी कलीम उल्लाह खान ने डाक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज दिल्ली में डबल ट्रैप शूटिंग में गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान हासिल कर नेशनल में क्वालीफाई कर सुलतानपुर का नाम रौशन किया। आपको बताते चलें की दिल्ली में इस समय 42 वा नॉर्थ जोन चैम्पियन शिप (26 अगस्त से 08 सितम्बर 2023) शूटिंग की स्पर्धा चल रही है।

# आने वाला समय यूपी कांग्रेस के लिए शुभ: राजेश तिवारी

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

यूपी अपनी राजनीतिक ज़मीन तलाश रही देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने एक बेहद मज़बूत दाँव खेला है। उसने प्रदेश में पार्टी की कमान काशी के वाशी अजय राय को सौपी है, अजय राय की पहचान एक लड़ने वाले राजनीतिक योद्धा के रूप में होती है, वह कई बार विधायक रह चुके है और प्रधान मंत्री के मोदी के ख़िलाफ़ बनारस से चुनाव लड़ चुके है और दो लाख के लगभग वोट पा चुके है। .उनकी पहचान एक मज़बूत और बाहुबली नेता के रूप में होती है ,जो पूर्वांचल का टेस्ट है उसने वह बखूबी फिट बैठते हैं, उसकी बानगी भी उनके शपथ के समय दिखी। वह बड़े क़ाफ़िले के साथ लखनऊ पहुँचे, उनके शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के सभी बड़े नेता उपस्थित थे,अपने भाषण में उन्होंने योगी को जमकर आड़े हाँथ लिया, और योगी की बुलडोज़र नीति को लताड़ा. उनका ये कहना की अगर किसी मज़लूम के घर को तोड़ने की साजिस की गयी तो हम बुलडोज़र का मुँह मोड़ देंगे इस एक लाइन ने राजनीति का रुख़ भी मोड़ दिया। .
मीडिया ने इस बयान को खूब प्रचारित किया, कार्यकर्ताओं में एक विश्वास है की अजय राय सुख दुख में साथ निभानेव वाले नेता है,उनकी सरलता के सभी क़ायल है। आने वाले दिनों में यू पी में कांग्रेस एक नये तेवर में दिखने वाली है. अजय राय को क़रीब से समझने वाले काशी महानगर के अध्यक्ष राघवेंद्र चैबे कहते हैं कि अजय राय जी के लिए उनका कार्यकर्ता सब कुछ है।

# प्रधान पति को दबंगों ने हाकी से पीटकर किया मरणासन्न

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**



कूरेभार ब्लॉक में चुनावी रंजिश को लेकर दबंगों ने प्रधान पति को हाकी से पीटकर मरणासन्न कर दिया। आनन-फानन में उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां से डॉक्टर ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया है। पुलिस पूरे मामले में पड़ताल कर रही है। घटना जिले के कूरेभार थाना अंतर्गत बहादुरपुर गांव की है। अनीता गुप्ता इस गांव की प्रधान हैं। उनकी ग्राम पंचायत का कार्य भार उनके पति धीरज कुमार गुप्ता देखते हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार को धीरज पर गांव के विजय मिश्रा, संदीप, आलोक, शैलेश मिश्रा, कुलदीप ने उन पर हाकी से हमला बोल दिया। जिसमें धीरज को गंभीर चोटे आई। बुरी तरह पिटते धीरज ने हल्ला गुहार लगाई तो परिजन मौके पर पहुंचे तब कही जाकर हमलावर भागे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान अवस्था में प्रधान पति को परिवार वालों की मदद से सीएचसी पहुंचवाया। जहां हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। थानाध्यक्ष प्रवीण यादव ने बताया कि परिवार की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि प्रधान पति धीरज पर हमला करने वाले लोगों ने ही उन्हें प्रधानी का चुनाव जिताया था। लेकिन इधर कुछ दिनों से प्रधान इन सब की सुनवाई नहीं कर रहे थे। इन सबके हिसाब से कार्य नहीं करा रहे थे जिसको लेकर आज ये नौबत आ गई।

# डीपीआरओ की जांच में अनियमितता मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल ने बताया कि विकास खण्ड जयसिंहपुर के ग्राम पंचायत फतेहपुर संगत में उत्तर प्रदेश पंचायतराज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ) में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत शिकायतकर्ता सुरेश कुमार पुत्र परशुराम, ओम प्रकाश सिंह पुत्र स्व0 सूर्य नारायण सिंह व अन्य निवासी ग्राम पंचायत फतेहपुर संगत, विकासखण्ड जयसिंहपुर जनपद सुलतानपुर द्वारा ग्राम पंचायत फतेहपुर संगत में कराये गये विकास कार्यो में अनियमितता किये जाने के सम्बन्ध में शपथपत्रयुक्त शिकायती पत्र प्रस्तुत किया गया था।
जिसकी जांच जिलाधिकारी द्वारा मुझे सौंपी गई थी। उक्त शिकायती प्रकरण की जांच करते हुए अवलोकन किये जाने पर ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान पर ऊपर इण्डिया मार्का - 2 हैण्डपम्प रीबोर कार्य कार्य की पत्रावली में रि-बोर कराये गये हैण्डपम्पों की सूची संलग्न नहीं है। पत्रावली में संलग्न किये गये प्रार्थनापत्र में अंकित लाभार्थियों के नाम के सम्मुख हैण्डपम्पों का क्रमांक अंकित नही है।
जांच के समय उपलब्ध करायी गयी दोनों पत्रावलियों में संलग्न कोटेशन के फर्म एवं बिल क्रमांक एक समान है। जिससे स्पष्ट है कि कोटेशन प्रक्रिया का पालन नही किया गया है। डीपीआरओ ने पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान को निर्देशित किया है कि उपरोक्त लगाये गये आरोपों के सम्बन्ध में अपना पक्ष उत्तर अभिलेखीय साक्ष्यों सहित 15 दिवस के अन्दर जिला पंचायतराज अधिकारी, सुलतानपुर कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# अंधविश्वास के खिलाफ आजीवन संघर्षरत रहने वाले ललई सिंह यादव का मनाया गया 112वां जन्मोत्सव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उत्तर भारत के पेरियार, सामाजिक चिंतक, क्रांतिकारी लेखक, निर्भीक वक्ता, पाखंड, आडंबर वा अंधविश्वास के खिलाफ आजीवन संघर्षरत रहने वाले ललई सिंह यादव के 112 वें जन्मोत्सव को जनपद में हर्षोलास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन रायबरेली के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बुद्ध विहार बालापुर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित धम्म बंधुओं के द्वारा त्रिशरण पंचशील कर की गई। तत्पश्चात् उपस्थित सभी लोगों ने पेरियार ललई के चित्रण पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर उनको नमन वंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एलपी यादव के द्वारा की गई, वहीं कार्यक्रम का संचालन रोहित प्रतिपक्षी के द्वारा किया गया। उपस्थित धम्म उपासकों द्वारा पेरियार के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित सभी लोगों के द्वारा बहुजन एकता को कैसे कायम किया जाए। इस पर भी अच्छे अच्छे सुझाव सुनने को मिले। वहीं अपने पुरखों की वारासत को संजोते हुए आने वाली पीढ़ियों तक कैसे अपने महापुरुषों के योगदान को पहुंचाया जाए। इस पर भी सार्थक चर्चा परिचर्चा हुई। सभी सम्मानित लोगों का यह मानना था की हमे अपने महापुरुषों के कारवां को किसी भी हालातों में रुकने नहीं देना हैं, साथ ही, ललई के सफर नामे को रोहित प्रतिपक्षी के द्वारा विस्तार से बताया गया। कैसे ललई सिंह यादव आगे चलकर ललई बौद्ध बनते हैं और फॉरेस्ट गार्ड से शुरू हुआ सफर लिपिक, फौजी और अंत में हिंदी पट्टी के सामाजिक अगुवा के रूप में कैसे पहचान मिलती हैं। इसको बहुत ही बारीकी से प्रकाश डालते हुए उनके जुझारूपन और निर्भीकता को बयां करते हुए अनेकों प्रसंगों के माध्यम से उनके कृतित्व को बताते हैं, साथ ही उनके जीवन में दक्षिण भारत के पेरियार से लेकर बोधिसत्व बाबा साहब प्रेरणा पुंज का क्या योगदान होता है। अंत में, सभा की अध्यक्षता कर रहे आदरणीय एलपी यादव ने कहा ष्मुझे बड़ा अफसोस होता है कि बहुजन समाज खासतौर पर ओबीसी समाज के 95: लोग जिन्हें पेरियार ललई सिंह यादव जैसे क्रांतिकारी बहुजन नायकों के विचारों पर चलना चाहिए था आज वो उनसे अनभिज्ञ हैं और उनको जानना भी नहीं चाहते, उन्होंने अपने लोगों से अपने बहुजन महापुरुषों के संघर्ष को पढ़ने की अपील की और समाज को एकजुट कैसे किये जाए इस पर भी बहुत ही बारीकी से संवाद स्थापित किया। समतामूलक राष्ट्र का सपना संजोने वाले ललई बौद्ध जी के जन्मोत्सव पर कृत संकल्पित होते हुए अपने महापुरूषों के संघर्ष को आम जनता तक पहुंचाने के वादे के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम में आसाराम, प्रीतम कुमार, प्रमोद कुमार, नीरज कुमार, सूरज यादव, एलपी यादव, धम्मदीप, शोभा शरण राम मूर्ति, राजेश कुरील, बी0 एल0 रावत, अमरेश कुमार, नागेश कुमार, महेश कुमार, रामगोपाल आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं: राम सेवक वर्मा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



समाजवादी पार्टी की एक बैठक कानपुर रोड स्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रराज पटेल के कैंप कार्यालय पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह यादव के नेतृत्व में सम्पन हुई। बैठक का संचालन वरिष्ठ सपा नेता एवं समाजवादी लोहियावाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष मो. साहिल द्वारा किया गया। बैठक में नवनियुक्त समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रज्जू खान जोरदार स्वागत किया गया।
स्वागत से अभिभूत रज्जू खान ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार कर उन्हें हरसम्भव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के विभिन्न पदों पर रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामसेवक वर्मा ने कहा की बीजेपी सरकार में अपराध चरम पर है। श्री वर्मा ने दो दिन पूर्व सलोन थाने के अंतर्गत हुई ग्राम प्रधान दीपक कुमार के साथ मारपीट की घटना का जिक्र करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। रामसेवक वर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न हुआ तो सपा कार्यकर्ता शान्ति से बैठने वाला नहीं है।
कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप 'राजू यादव एडवोकेट' ने कहा की महंगाई बेरोजगारी से जनता परेशान हैं। गैस सिलेंडर पर की गई 200 रूपये की छूट मात्र चुनावी प्रलोभन है। अन्य वक्ताओं ने भी वर्तमान परिस्थितियों में गम्भीरता से अपने विचार रखे। बैठक में मुख्य रूप से प्रान्तीय सपा नेता राजेश चंद्रा, रामे यादव, के.डी. यादव, जि.पं.सं. ब्रजेश यादव, पूर्व प्रधान धुन्नी मौर्य, प्रेमचंद मौर्य, पवन पटेल, बलराज राना, पवन यादव, युवा अधिवक्ता हेमंत कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य अतुल प्रधान, डॉक्टर दिनेश पाल, राजेश यादव, सत्येस गौतम, चन्द्र प्रकाश आजाद आदि काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जेल में हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला कारागार, रायबरेली में किया गया। अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार जिला कारागार की पाकशाला व बैरक का निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के उपरांत विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। बन्दियों को जागरुक करने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव द्वारा शिविर में बताया गया कि यदि जेल में निरुद्ध किसी बन्दी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह जरिये जेल अधीक्षक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर सकता है।
जिस पर उसे निःशुल्क अधिवक्ता नामित कर दिया जाएगा। सचिव द्वारा बताया गया कि जेल में निरुद्ध बन्दियों को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जेल में स्थापित लीगल ऐड क्लीनिक में सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते है। जागरूकता शिविर में जेलर सत्य प्रकाश, उपकारापाल कुँवर वीरेन्द्र विक्रम सिंह, पराविधिक स्वयं सेवक बृजपाल, व पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# व्यापारियों के सम्मान से कतई समझौता नहीं: बसन्त सिंह बग्गा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

विधान सभा क्षेत्र ऊँचाहार के अन्तर्गत मतीनगंज व्यापार मण्डल के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पहुँचे उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा का आस-पास के सैकड़ों व्यापारियों ने फूल-मालाओं एवं गगनभेदी नारों के साथ भव्य स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत व्यापारी नेता ने कहा कि व्यापारियों का सम्मान व उनकी सुरक्षा करना मेरी प्रथम प्राथमिकता है, व्यापारियों के मान-सम्मान को कतई ठेस नहीं पहुँचने पायेगी। श्री बग्गा ने नवनियुक्त व्यापारियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि जिला एवं प्रान्तीय नेतृत्व आपके साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़ा है, व्यापारी भय, भ्रष्टाचार मुक्त और विकासोन्मुखी समाज चाहता है।
व्यापारी समाज की रीढ़ होता है। व्यापारी वर्ग निश्चित होकर ईमानदारी के साथ अपना व्यापार करें, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदीर हमारी है।
प्रदेश संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनायें दी एवं उन्हें आशान्वित किया कि जनपद रायबरेली में व्यापारियों के सिरमौर एवं उन्हें एकता के सूत्र में पिरोने वाले प्रदेश उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा के रहते हुए उनके सम्मान को आंच नहीं आने दी जायेगी। श्री रस्तोगी ने कहा कि कहा पहले व्यापारियों की सुरक्षा राम भरोसे थी, किन्तु व्यापार मण्डल के प्रयासों एवं व्यापारियों के मुखिया श्री बग्गा की दूरदर्शिता के चलते व्यापारी भय मुक्त होकर व्यापार कर रहा है। गदागंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष इन्तजार सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों क्रमशः मो0 आबिद को अध्यक्ष, देव नारायण तिवारी को महामन्त्री, मो0 सुहैल को कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इन्तजामुल हक, उपाध्यक्ष पद पर क्रमशः मो0 इमरान, राफे सिद्दीकी, अफरोज, संदीप कुमार, संगठन मंत्री संजय साहू, सचिव मो0 इम्त्याज, रामचन्द्र मनमाना को मीडिया प्रभारी की शपथ दिलाई। संरक्षक मण्डल में क्रमशः अनिल कुमार, अखिलेश श्रीवास्तव, केशव प्रसाद साहू, सक्रिय सदस्य के रूप में मुन्ना सलमानी, श्री सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के उपरान्त कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर पहले स्थानीय इकाई को अपनी समस्या से अवगत करायें, समस्या का समाधान न होने पर जिला इकाई आपके साथ है, आप जितना व्यापार मण्डल के प्रति समर्पित रहेंगे मण्डल भी आपके प्रति उससे अधिक समर्पित रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य आदर्श बाजपेयी, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला महामंत्री युवा अनुज त्रिवेदी, ग्राम प्रधान लाल जी मिश्रा, अनिल सविता, रामकरन मौर्या, धीरेन्द्र यादव, नफीस अहमद इदरीसी, अर्जुन यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# घोसी उप चुनाव: जीत या हार तय करेगी ओम प्रकाश राजभर का भविष्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

घोसी विधानसभा क्षेत्र के लिए हो रहा उप चुनाव भाजपा के लिए जहां प्रतिष्ठा की लड़ाई है, वहीं, इस के चुनाव के नतीजे सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश की सियासी राह भी तय करेंगे। माना जा रहा है कि इस चुनाव का परिणाम ही लोकसभा चुनाव में सुभासपा का कद नापने का पैमाना भी बनेगा। इस चुनाव के नतीजे में मिले पिछड़ों के मतों के आधार पर ही लोकसभा सीटों में सुभासपा की हिस्सेदारी भी तय होगी। दरअसल एनडीए में शामिल होने के बाद भाजपा हाईकमान के साथ हुई पहली बैठक में ही पूर्वांचल के करीब एक दर्जन सीटों पर अपनी जाति का विशेष प्रभाव होने की बात कहते हुए कुछ सीटों पर दावेदारी पेश की थी। इनमें घोसी और गाजीपुर सीट को



लेकर उनका विशेष दबाव था। सुभासभा अध्यक्ष ने भाजपा हाईकमान के सामने इन दोनों सीटों पर अपनी जाति की संख्या का हवाला देते हुए कहा था कि यदि इन दोनों सीटों को सुभासपा के खाते में दिया जाएगा तो 2019 के चुनाव में हुई भाजपा की हार बदला लिया जा सकता है। भाजपा हाईकमान के सामने सुभासपा अध्यक्ष ने पूर्वांचल में खुद को पिछड़ों का बड़ा नेता प्रोजेक्ट करने के साथ ही राजभर और उप जातियों पर पकड़ होने का दावा किया था। घोसी उप चुनाव में पिछड़ी जातियों में सबसे अधिक वोट राजभर जाति का ही है। मुस्लिम और दलितों के बाद तीसरे नंबर पर राजभर जाति की ही संख्या (50 हजार से अधिक) है। इसी आधार पर इन्होंने घोसी लोकसभा सीट पर दावेदारी भी पेश की है। इसलिए माना जा रहा है कि घोसी विधानसभा के उप चुनाव के बहाने भाजपा हाईकमान राजभर जाति पर सुभासपा अध्यक्ष की पकड़ के दावे को भी परखेगी। सूत्रों की माने तो घोसी उप चुनाव के बाद ही एनडीए के घटक दलों को दी जाने वाली सीटों को लेकर भी फैसला होना है। इस लिहाज से घोसी उप चुनाव का परिणाम सुभासपा अध्यक्ष के लिए अहम होगा। सूत्रों का कहना है कि इसके आधार ही तय होगा कि घोसी लोकसभा सीट सुभासपा के खाते में जाएगी या नहीं।

### अखिलेश के बहाने पिछड़ों को साधने की कोशिश

यही कारण है कि सुभासपा अध्यक्ष घोसी उप चुनाव में पूरे दमखम से जुटे हुए हैं। उनका पूरा फोकस पिछड़ों को भाजपा के पक्ष में लामबंद करने पर है। इसके लिए वह न सिर्फ पिछड़ी जाति बहुल इलाकों में प्रचार कर रहे हैं, बल्कि उनका पूरा जोर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला करते हुए पिछड़ों को साधने पर है। वह पिछड़ों को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि चार बार सत्ता में रहने के बाद भी अखिलेश ने पिछड़ों के लिए कुछ नहीं किया। उनकी कोशिश है कि सपा शासनकाल में सिर्फ एक जाति के विकास का मुद्दा उछालकर अन्य जातियों को लामबंद किया जाए।

# डीएम ने लगाई फटकार तो गश खाकर गिरे तहसीलदार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ की बीकेटी तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा अचानक गश खाकर गिर पड़े। तहसीलदार के खिलाफ बीकेटी बार एसोसिएशन के अलावा कुछ फरियादियों ने जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार से शिकायत की थी। एसोसिएशन ने कहा कि एक मामले में पूर्व में आठ बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह सुनकर जिलाधिकारी ने तहसीलदार से पूरे प्रकरण के बारे में जवाब मांगते हुए फटकार लगाई। कुछ देर तक जनसुनवाई चलती रही। इसी बीच अचानक तहसीलदार को चक्कर आ गया। इससे पहले कि वह फर्श पर गिरते कुछ वकीलों ने उन्हें संभाल लिया। तहसीलदार को सुनवाई काउंटर पर ही लिटाया गया। सभागार में मौजूद डॉ. जेपी सिंह द्वारा जांच करके उन्हें तत्काल राम सागर मिश्र हॉस्पिटल पहुंचाया गया। इलाज के बाद तहसीलदार को छुट्टी दे दी गई। अस्पताल में तहसीलदार को देखने डीएम, एसडीएम, डीसीपी उत्तरी समेत अन्य अधिकारी पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने बताया कि डिहाइड्रेशन और अधिक सोचने की वजह से ऐसा हुआ है। दरअसल, बार एसोसिएशन और फरियादियों ने तहसीलदार के खिलाफ डीएम के सामने शिकायतों की झड़ी लगा दी। बीकेटी बार एसोसिएशन के महामंत्री शैलेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि खतौनी फीडिंग और नाबालिक से बालिग दर्ज करवाने में हजारों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। महामंत्री ने तहसीलदार के अलावा लेखपालों पर भी गंभीर आरोप लगाए। यही नहीं बड़ी संख्या में फाइल लंबित होने की बात कही। इस दौरान गोहना कला प्रधान रीतू सिंह के पति धर्मेंद्र सिंह ने डीएम से ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जे की शिकायत की। कहा कि आठवीं बार इसकी शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस दौरान भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने भी कठवारा पंचायत में स्थित चन्द्रिका देवी मंदिर परिसर में पार्क के निर्माण में धांधली की शिकायत की। वहीं, देवरी रुखरा निवासी गोतेंद्र पाल ने बिजली कनेक्शन के लिए दौड़ाने और अचरामऊ भगतपुरवा निवासी किसान वीरेंद्र सिंह ने एक इंश्योरेंस कंपनी पर बीमा की रकम नहीं देने की शिकायत की।

### पांचों तहसीलों में कुल 492 शिकायतें, 102 का निस्तारण

पांचों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 492 शिकायतें पहुंचीं। इस दौरान 102 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। केवल बीकेटी तहसील में डीएम द्वारा 45 मामलों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करके शिकायतकर्ताओं को अवगत कराया जाए। शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या आती है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अगर समस्या के निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं होता है या निस्तारण में लापरवाही बरतने की जानकारी मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बीकेटी में शनिवार को कुल 144 प्रकरण सामने आए। इसके अलावा तहसील सदर में 33, मलिहाबाद में 78, मोहनलालगंज में 132 और सरोजनीनगर में 105 शिकायतें आईं। इनमें पुलिस से 59, राजस्व से 266, विकास से 34, शिक्षा से चार, समाज कल्याण से 21, चिकित्सा से तीन, नगर निगम से एक और अन्य विभागों से संबंधित 104 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

# उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत बेहद खराब: अखिलेश यादव

## अपराधी घर में घुसकर गोलियां मार रहे हैं और हत्या कर रहे, महिलाएं और बेटियां दहशत में है



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत बेहद खराब है, अपराधी और दबंग सरेआम हत्याएं कर रहे हैं। गाजियाबाद से लेकर गाज़ीपुर और गोरखपुर तक अपराधी खूनी खेल-खेल रहे है। महिलाएं, बेटियां और आम आदमी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में हालात तो यह हो गये है कि बहन और बेटियां घर में सुरक्षित नहीं है। अपराधी घर में घुसकर गोलियां मार रहे हैं और हत्या कर रहे हैं। महिलाएं और बेटियां दहशत में है। अखिलेश यादव ने कहा कि गाजियाबाद में बेटियों ने अपने ही स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ खून से पत्र लिखकर अपने दर्द और व्यथा का इजहार किया लेकिन भाजपा सरकार संवेदनशून्य बनी रही। बेटियों ने प्रिंसिपल पर अपने कमरे में बुलाकर यौन शोषण का आरोप लगाया। बलिया में दबंग ने घर में घुसकर बेटी की हत्या कर दी। अखिलेश यादव ने कहा कानून व्यवस्था में अव्वल होने का दावा करने वाली भाजपा सरकार में महिला सिपाही भी सुरक्षित नहीं। अयोध्या में पैसेंजर ट्रेन में महिला हेड कांस्टेबल से रेप की वारदात दिल दहलाने वाली घटना है। लखनऊ में मंत्री आवास पर बेटे के दोस्त की हत्या हुई। कानपुर दक्षिण में थाने के सामने ट्रांसपोर्ट भवन में युवक का कत्ल हो गया। औरैया में ईंट से कूचकर दोस्त को मार डाला। गाजीपुर में बुजुर्ग की ईंट से सिर कूचकर हत्या कर दी गई। अखिलेश यादव ने कहा कि लखनऊ में सरेराह लड़की को स्कूटी से खींचकर रेप का प्रयास किया गया, विरोध पर चाकू से 16 वार किए। पीजीआई क्षेत्र में सैन्य कर्मी की बेटी से पहले भी आरोपित ने छेड़छाड़ की थी पर पुलिस लापरवाह बनी रही। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज में छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने एक भाई की हत्या कर दी। जौनपुर में ही पिछले दिनों सरेआम छात्र नेता के पिता की हत्या कर दी गई। प्रदेश में हत्या, लूट, दबंगई और छेड़खानी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है, क्या यही भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस है? घूम-घूम कर कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली भाजपा सरकार कहां है? अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसा लगता है कि उत्तर प्रदेश में सरकार नाम की चीज नहीं है। अपराधी जो चाहे, जहां कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी पिछले 7 सालों से दावा कर रहे हैं कि अपराधी उत्तर प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं, तो क्या जो अब अपराध हो रहा है, वह भाजपा के लोग कर रहे हैं या उन्हें सरकार का संरक्षण मिला हुआ है? उत्तर प्रदेश में अपराधी बेखौफ है। उनमें कानून का डर नहीं है।

# लखनऊ में विदेशी मूल की महिला से छेड़छाड़

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लखनऊ में शनिवार को एक रिक्शा चालक ने विदेशी मूल की महिला के साथ छेड़छाड़ कर कपड़े उतारने की कोशिश की। आसपास के लोग शोर सुनकर आए। आरोपी चालक को पकड़कर पास में ही पिंक बूथ पर महिला पुलिस कर्मियों के हवाले कर दिया। पुलिस ने महिला के घर वालों को जानकारी दी। पता चला कि महिला की मानसिक हालत ठीक नहीं है। वह घर से बिना बताए निकल आई थी, जिसका रिक्शा चालक ने फायदा उठाने की कोशिश की। पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से रायबरेली निवासी रिक्शा चालक पन्ना लाल विदेश मूल की महिला को करीब एक घंटे तक हजरतगंज इलाके में घूमता रहा। इसके बाद चिड़ियाघर के पास सुनसान गली में ले गया। जहां उसके साथ अश्लीलता करने लगा। आसपास के लोगों ने मामला संदिग्ध देख शोर मचाकर पन्ना को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी पन्ना को हिरासत में ले लिया है। महिला लखनऊ में निशात हास्पिटल के पास कई पीढ़ी से रह रही है। वह हजरतगंज स्थित एक नामी स्कूल की शिक्षिका भी रही हैं। कुछ समय से उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं है।

# शासन ने 6 जिलों में तैनात किए नए जिलाधिकारी आगरा-मथुरा सहित आधा दर्जन जिलों के डीएम बदले




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में जिलाधिकारियों के तबादलों का दौर जारी है। शासन ने शनिवार देर रात 6 जिलों में नए डीएम की तैनात की है। इसके एक दिन पहले ही एक सितंबर को 9 जिलों में डीएम बदले गए थे। शनिवार देर रात प्रयागराज, आगरा, मुरादाबाद, मथुरा, हमीरपुर और महोबा में नए जिलाधिकारियों की तैनाती कर दी है। कई जिलों के डीएम को हटा दिया गया है। शुक्रवार को नौ जिलों में नए डीएम तैनात किए गए थे। आगरा के जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल को डीएम प्रयागराज बनाया गया है। उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी को आगरा के डीएम की जिम्मेदारी दी गई है। नोएडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मानवेन्द्र सिंह डीएम मुरादाबाद बनाए गए हैं। मुरादाबाद के डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह को मथुरा का डीएम बनाया गया है। अपर आयुक्त गन्ना राहुल पांडेय को डीएम हमीरपुर बनाया गया है। ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास अधिकारी मृदुल चौधरी को महोबा का डीएम बनाया गया है। एक सितंबर को शासन ने इन नौ जिलों के डीएम बदले थे। ललितपुर के डीएम आलोक सिंह को कानपुर देहात का डीएम बनाया गया है। बिजनौर के डीएम उमेश मिश्रा को कुशीनगर और रामपुर के डीएम रवींद्र कुमार मंदर को बिजनौर का डीएम बनाया गया है। एटा के डीएम अंकित कुमार अग्रवाल को रामपुर का डीएम और भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के सीईओ प्रेम रंजन सिंह को एटा का डीएम बनाया गया है। बस्ती की डीएम प्रियंका निरंजन को मीरजापुर का डीएम बनाया गया है। उनके स्थान पर मीरजापुर की डीएम दिव्या मित्तल को बस्ती भेजा गया है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तवर को संतकबीरनगर का डीएम बनाया गया है। विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अक्षय त्रिपाठी को ललितपुर का डीएम बनाया गया है।

### ये हुए बदलाव

- नवनीत सिंह चहल जिलाधिकारी आगरा को जिलाधिकारी प्रयागराज बनाया गया।
- भानुचन्द्र गोस्वामी मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सड़क विकास प्राधिकरण लखनऊ को जिलाधिकारी आगरा बनाया गया है।
- मानवेंद्र सिंह अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा को जिलाधिकारी मुरादाबाद बनाया गया है।
- शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, जिलाधिकारी मुरादाबाद को जिलाधिकारी मथुरा बनाया गया है।
- राहुल पांडेय विशेष सचिव चीनी उद्योग को जिलाधिकारी हमीरपुर बनया गया है।
- मृदुल चौधरी परियोजना प्रशासक ग्रेटर शारदा सहायक को जिलाधिकारी महोबा बनाया गया है।

# लखनऊ की 128 सिटी बसें हैं खस्ताहाल, रोजाना जोखिम में डाल रही हैं 30 हजार यात्रियों की जान




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी में दौड़ रहीं सीएनसी सिटी बसें कभी भी हादसे को न्यौता दे सकती हैं। 128 सिटी बसें कंडम हो चुकी हैं। फिटनेस में भी फेल हैं और इन बसों में स्पीड गवर्नर तक नहीं है। ऐसे में सिटी बस प्रशासन रोजाना 35 हजार यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहा है। प्रशासन नई बसों की उम्मीद में बैठा है, जिसके आने पर ही इन बसों को बेड़े से बाहर किया जा सकेगा। जर्जर बॉडी, जाम खिड़कियां, रस्सी से बंधे दरवाजे, टूटे शीशे, इंजन से टपकता ऑयल। सिटी बसों की यही पहचान है। यही वजह है कि गत दिवस जब गोमतीनगर वर्कशॉप से सिटी बस मेंटीनेंस के बाद टेस्टिंग के लिए निकली तो उसमें आग लग गई। जेएनएनयूआरएम योजना के तहत लखनऊ में 128 सीएनजी सिटी बसों से रोजाना पैंतीस हजार पैसेंजर सफर कर रहे हैं। इन बसों की उम्र पूरी हो चुकी है। इन्हें कंडम घोषित कर दिया गया है। फिर भी बसें सवारी ढो रही हैं। यह बसें अकसर बीच रास्ते दम तोड़ रही है, जिससे पैसेंजरों का सफर मुहाल हो रहा है। इतना ही नहीं फिटनेस के सभी मानकों पर सिटी बसें फेल हैं। इनमें लगे स्पीड गवर्नर खराब हैं। ट्रांसपोर्टनगर स्थित आरटीओ के फिटनेस सेंटर में इन सिटी बसों की जांच हुई, जिसमें ये फेल हो चुकी हैं। सिटी बसों के पास फिटनेस प्रमाणपत्र तक नहीं है। फिटनेस में फेल होने के पीछे स्पीड गवर्नर नहीं होना भी वजह है। कलपुर्जे भी खराब हो चुके है। ऐसी स्थिति में ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर से बगैर फिटनेस प्रमाणपत्र सिटी बसें सवारियों को ढो रही है।

### मिलेंगी इलेक्ट्रॉनिक बसें

सीएनजी सिटी बसें जैसे-जैसे उम्र पूरी कर रही है, वैसे वैसे इन्हें नीलाम किया जा रहा है। वर्तमान में 128 सीएनजी सिटी बसें चल रही हैं। नई 125 इलेक्ट्रिक बसों के आने पर ही इन्हें बेड़े से बाहर किया जा सकेगा। **-आरके त्रिपाठी, एमडी, सिटी ट्रांसपोर्ट**

# बिजली बकायदारों पर सरकार सख्त: वसूली के लिए चलाया जाएगा अभियान, भेजे जाएंगे लेटर, किए जाएंगे फोन



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पावर कॉर्पोरेशन ने अब घरेलू व व्यावसायिक उपभोक्ताओं के साथ शासकीय बकायेदारों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिससे शासकीय राजस्व बढ़ाया जा सके। इसके लिए सरकारी विभागों पर लंबे समय से चल रहे बकाये की वसूली के लिए अभियान चलाया जाएगा। गौरतलब है कि पावर कॉर्पोरेशन बकायेदारों से वसूली के लिए अभियान चला रहा है। इसके तहत सभी बड़े बकायेदारों को रात में फोन किया जा रहा है। अब कॉर्पोरेशन ने तय किया है कि सरकारी विभागों से भी वसूली की जाए। इसमें सिंचाई, जल संस्थान, मार्ग प्रकाश, जल निकास, बेसिक शिक्षा विभाग को नियमित बकाया जमा करने के लिए पत्र भेजने का निर्देश दिया गया है। चालू वर्ष 2023-24 में सिंचाई विभाग से 758 करोड़, मार्ग प्रकाश से 1,225 करोड़ और विकेंद्रीकरण निगमों से 3,449.26 करोड़ रुपये वसूलने का लक्ष्य है। कॉर्पोरेशन की रिपोर्ट के मुताबिक इस साल अगस्त में पिछले साल की अपेक्षा अधिक वसूली हुई है। पिछले साल अगस्त तक 6,062.15 करोड़ रुपये वसूला गया था। इस वर्ष यह बढ़कर 6,586.84 करोड़ रुपये रहा।

# अब एक किसान को मिलेगा एक ही किसान क्रेडिट कार्ड, एक से अधिक होने पर किए जाएंगे कैंसिल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



अधिसूचित फसलों में एक किसान को एक ही किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) देने के निर्देश जारी किए गए हैं। बड़ी संख्या में एक ही नाम पर कई-कई केसीसी हैं। जिनकी पहचान कर कैंसिल किया जाएगा। बैंकों से कहा गया है कि पशुपालन और मछली पालन से जुड़े किसानों को भी केसीसी जारी करने में तेजी लाने के साथ प्राथमिकता पर दिए जाएं। आधार से खाते जुड़ने के साथ ही सामने आने लगा है कि बड़ी संख्या में किसानों ने अलग-अलग बैंकों से किसान क्रेडिट कार्ड ले रखे हैं। एक किसान-एक केसीसी के नियमों के तहत एक से ज्यादा कार्ड धारकों के केसीसी निरस्त किए जाएंगे। साथ ही बैंकों दवारा पशुपालक और मछली पालकों को केसीसी कार्ड देने की धीमी गति पर भी नाराजगी जताई है। किसान क्रेडिट कार्ड देने में कोआपरेटिव बैंकों की खराब स्थिति पर आरबीआई और नाबार्ड ने चिंता जताई है। अप्रैल से जून के बीच तीन महीने में 32 फीसदी लक्ष्य किसान क्रेडिट कार्ड का पूरा हो सका है। सरकारी योजनाओं में निजी बैंकों की कमजोर भागीदारी पर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि इसे लेकर निजी बैंकों में गंभीरता का अभाव है, जिसे दूर करने के निर्देश दिए गए। बढ़ रहा कारोबारी माहौल, लोन लेने वाले बढ़ेबैंकों में लोन की संख्या बढ़ने को औद्योगिक निवेश और प्रगति का सूचकांक माना जाता है। इस साल जून के अंत तक बैंकों का ऋण-जमा प्रवाह 55 फीसदी से ज्यादा रहा है, जो पिछले साल से करीब 1.5 फीसदी ज्यादा है। केवल 11 जिले ऐसे रह गए हैं जहां ऋण और जमा का अनुपात 40 फीसदी से कम है। इस साल बैंकों को प्रदेश में 3.48 लाख करोड़ देने का लक्ष्य दिया गया है। अप्रैल से जून के बीच 1.24 लाख करोड़ लोन के रूप में दिए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री जनधन खाते में भी प्रदेश ने रिकार्ड बनाया है। अभी तक 8.80 करोड़ खाते प्रदेश में खोले जा चुके हैं। केवल तीन महीने में जनधन के 13 लाख खाते बैंकों ने खोले हैं।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# 'एक देश–एक चुनाव' आज की सबसे बड़ी जरूरत

**समाजवादी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कई मौकों पर एक ही समय पर चुनाव कराने के पक्ष में राय देते हुए मैने देखा है। कुछ वर्ष पूर्व लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि अकसर चुनाव होते रहते हैं और इस पर बड़ी राशि खर्च होती है। बड़ी संख्या में शिक्षकों सहित एक करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया में शामिल होते हैं। यह सिलसिला जारी रहने पर शिक्षा के क्षेत्र को अधिकतम नुकसान होता है।**

*वर्तमान दो वर्ष देश के लिए चुनावी साल कहे जा सकते हैं। इस साल 2023 में 10 राज्यों की विधानसभा और 2024 में सात राज्यों की विधानसभा और लोकसभा चुनाव होने हैं। अर्थात दो वर्ष में 18 चुनाव। इनके साथ ही कई विधानसभाओं और लोकसभा की कुछ खाली सीटों के लिए उपचुनाव भी होंगे। मतलब यह की आने वाले दिनों में देश चुनाव में व्यस्त रहेगा। ऐसे समय में जब देश-दुनिया अनेक चुनौतियों से दो-चार हो रही है, पूरी मानवता कोविड और यूक्रेन युद्ध के दुष्प्रभाव से जूझ रही है और जिस समय भारत संघर्ष से लड़कर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगा हो, क्या ये उचित लगता है कि सारा देश और प्रशासनिक तंत्र चुनाव व्यवस्था में ही लग जाए? क्या यह उचित नहीं होगा कि सारे चुनाव एक बार में, एक साथ कराए जाएं और बार-बार चुनाव पर होने वाले खर्च और व्यवधान से बचा जा सके? देश की चिंता करने वालों के मन में यह विचार बार-बार आता है। समय आ गया है कि हम सब इस पर गंभीरता से विचार करें। एक साथ चुनाव कराने का मुख्य तर्क यह है कि इससे काफी समय और संसाधनों की बचत होगी। वर्तमान में, देश में चुनाव कई चरणों में होते हैं। यह प्रक्रिया कई माह चलती है। यह न केवल सरकार के सामान्य कामकाज को बाधित करता है बल्कि राजकोष पर भी बड़ा बोझ डालता है। एक साथ चुनाव कराने का मतलब होगा कि प्रक्रिया की अवधि और समग्र लागत को कम करना। एक साथ चुनाव कराने के पक्ष में एक और तर्क यह है कि इससे मजबूत और अधिक स्थिर शासन को बढ़ावा मिलेगा। लगातार होते चुनाव और सत्ता परिवर्तन से सरकारी नीतियां और कार्यक्रमों की निरंतरता बाधित होती है। साथ ही सरकार की जवाबदेही में भी कमी आ जाती है। सरकार का ध्यान शासन से हटकर चुनाव प्रचार पर चला जाता है। एक साथ चुनाव कराने का मतलब होगा कि सत्ता में रहने वाली सरकार पूरे कार्यकाल के लिए लोगों के प्रति जवाबदेह होगी। इससे अधिक बेहतर शासन की संभावना बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त, एक साथ चुनाव कराने से मतदान प्रतिशत बढ़ सकता है। जब चुनाव अलग-अलग समय पर और बार-बार होते हैं, तो मतदाताओं को अरुचि होने लगती है। इस वजह से मतदान प्रतिशत घट जाता है। एक ही समय में सभी चुनाव कराने से मतदाताओं के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा लेने की अधिक संभावना होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में समकालिक चुनाव के बड़े हिमायती हैं और अनेक बार देश में एक साथ चुनाव को लेकर सार्वजनिक मंचों पर अपनी राय जाहिर कर चुके हैं। 2014 के चुनाव से पहले इस मुद्दे को भारतीय जनता पार्टी के मैनिफेस्टो में भी शामिल किया गया था। उसी साल जून में एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने एक साथ चुनाव कराने को अत्यंत आवश्यक बताया था और चुनाव आयोग का आह्वान किया था की वह इस दिशा में काम करे। प्रधानमंत्री ने एक साथ चुनाव की वकालत करते हुए कहा था कि इस कदम से सार्वजानिक जीवन में पारदर्शिता बढ़ाने और भ्रष्टाचार से लड़ने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी की पहल का समर्थन भारत का निर्वाचन आयोग भी कर चुका है पर वह इसके लिए सभी दलों की सहमति चाहता है। वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी भी 1995 और 2010 में इस मुद्दे को जोर-शोर से उठा चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भी लोकसभा और विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराने का समर्थन किया था। उन्होंने कहा था, चुनाव सुधार पर सकारात्मक चर्चा का वक्त आ गया है।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

दिल्ली, गुरुग्राम और नोएडा में तीन हजार से अधिक जापानी नागरिक रह रहे हैं। ये मारुति, होंडा सिएल कार, होंडा मोटरसाइकिल, फुजी फोटो फिल्मस, डेंसो सेल्ज लिमिटेड, डाइकिन श्रीराम एयरकंडशिनिंग, डेंसो इंडिया लिमिटेड जैसी कपनियों में काम करते हैं। ये भगवान बुद्ध के अनुयायी तो है ही। ये भारतभूमि को गौतम बुध की भूमि होने के कारण ही पूज्नीय मानते हैं। ये मानते हैं कि भगवान बौद्ध का जीवन समाज से अन्याय को दूर करने के लिए समर्पित था। उनकी करुणा भावना ने ही उन्हें विश्व भर के करोड़ों लोगों के हृदय तक पहुंचाया। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि नई दिल्ली में होने वाला जी–20 शिखर सम्मेलन यादगार बनकर रहेगा।

# जी–20 नेताओं को आकाश को छूते भारत को दिखायेंगें



**आर.के. सिन्हा**

**आज भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्म निर्भर हो चुका है तो इसका श्रेय अमेरिका के महान कृषि वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग और उनके साथी कृषि वैज्ञानिकों को देना होगा। वे भारत में हरित क्रांति के जनक थे। नॉर्मन बोरलॉग की सरपरस्ती में हुए अनुसंधानों के चलते भारत में भूख को शिकस्त दी।**

आगामी 9-10 सितंबर को राजधानी में जी-20 देशों का शिखर सम्मेलन उस समय आयोजित हो रहा है, जब भारत को अलग-अलग क्षेत्रों में अभूतपूर्व सफलतायें मिल रही है। बेशक, चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग भारतीय अंतरिक्ष की दुनिया में एक गर्व का क्षण है। सैकड़ों वैज्ञानिकों की मेहनत का फल देश को अंततः मिल गया है। चंद्रयान 3 को अंतरिक्ष में पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। चंद्रयान 3 की कामयाबी से सारा देश गर्व महसूस कर रहा है। इसी तरह से जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर देशवसियों को गौरव के फिर से क्षण दिये। वे शायद पहले भारतीय खिलाड़ी हैं जिनसे देश सिर्फ गोल्ड की ही उम्मीद करता है। वे सारे देश के नायक बन चुके हैं। शायद इसीलिये नीरज चोपड़ा ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप का गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। उन्होंने 88.17 मीटर तक जैवलिन फेंका। वे इस तरह वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। नीरज की प्रेरणा के चलते हमारे दो अन्य जैवलिन थ्रोअर क्रमश- किशोर जेना पांचवें और डीपी मनू छठे नंबर पर रहे। खेलों में एथलेटिक्स को सबसे अव्वल स्थान प्राप्त है। खेलों की जननी है एथलेटिक्स। उसी एथलेटिक्स में भारत के हिस्से में ओलंपिक खेलों या वर्ल्ड चैंपियनशिप में एकाध बार को छोड़कर कभी कोई बड़ी सफलता नहीं लगी थी। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक खेलों में जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीतकर साबित कर दिया था कि भारत के खिलाड़ी एथलेटिक्स में भी किसी से कम नहीं हैं। हमारे शतरंज के युवा खिलाड़ी रमेशबाबू प्रज्ञानंदा वर्ल्ड चैंपियन बनने से जरा सा के लिये रह गये। उन्हें शतरंज वर्ल्ड कप के फाइनल में हार मिली। पर उन्होंने संकेत दे दिये कि वे भविष्य के वर्ल्ड चैंपियन हैं। वर्ल्ड मिलेट वर्ष में जी-20 के मेहमानों को निश्चित तौर पर मिलेट के पकवान भी परोसे जायेगें द्व अब इस सकारात्मक माहौल में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। अब भारत आयोजन के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रगति मैदान में पुनर्विकसित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) का उद्घाटन कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला समेत जी- 20 देशों के सभी प्रमुख राष्ट्राध्यक्ष राजधानी नई दिल्ली में आ रहे हैं। पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन की कमी खलेगी। वे यूक्रेन युद्ध के कारण सम्मेलन में नहीं आ रहे। भारत में 1983 के बाद जी- 20 सम्मेलन पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हो रहा है। तब से भारत लगभग बदल चुका है। अब भारत विश्व की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। कुछ समय पहले भारत ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी की ही अर्थव्यवस्था हमारे से आगे है। जी-20 देशों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए आने वाले नेताओं को यह तो पता ही होगा कि भारत का सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र लगातार आग बढ़ रहा है। वह वित्त वर्ष 2021-22 में 15.5 फीसदी की वृद्धि के साथ 227 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान हुई 15.5 फीसदी की वृद्धि पिछले एक दशक के किसी भी वर्ष में हुई वृद्धि में सबसे अधिक है। भारत से संबंध रखने वाले आई टी पेशेवरों की सारी दुनिया भर में धूम है। आई टी सेक्टर भारत की तस्वीर बदल रहा है। इसमें कोई शक नहीं है कि जी-20 के नेताओं को भारत में अपनापन मिलेगा और अपने देश के प्रतीक भी मिलेंगे। उदाहरण के रूप में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को लेकर खबरें आ रही हैं वे और कुछ अन्य जी-20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, ( पूसा) भी जायेंगे। जाहिर है, वहां पर उन्हें कृषि क्षेत्र में भारत की लंबी छलांग की विस्तार से जानकारी मिलेगी। उन्हें पूसा में अपने देश के महान कृषि वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग की कुछ फोटो भी लगी मिलेंगी। पूसा के किसी अधिकारी को बाइडेन को बताना होगा अगर आज भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्म निर्भर हो चुका है तो इसका श्रेय् अमेरिका के महान कृषि वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग और उनके साथी कृषि वैज्ञानिकों को देना होगा। वे भारत में हरित क्रांति के जनक थे। नॉर्मन बोरलॉग की सरपरस्ती में हुए अनुसंधानों के चलते भारत में भूख को शिकस्त दी। उन्होंने बीमारियों से लड़ सकने वाली गेहूं की एक नई किस्म विकसित की थी। इसके पीछे उनकी यह समझ थी कि अगर पौधे की लंबाई कम कर दी जाए, तो इससे बची हुइ ऊर्जा उसके बीजों यानी दानों में लगेगी, जिससे दाना ज्यादा बढ़ेगा, लिहाजा कुल फसल का उत्पादन बढ़ेगा। जी-20 देशों के अधिकतर नेताओं के लिए गांधी जी को श्रद्धा सुमन पेश करने के लिये जाना किसी तीर्थ यात्रा से कम नहीं होगा। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइस इनासियो लूला डिसिल्वा राजघाट 4 जून, 2007 को आये थे। सबको उम्मीद थी कि लूला राजघाट से 15-20 मिनट में विदा हो जायेंगे, पर यह नहीं हुआ। वे राजघाट में करीब 40 मिनट तक रहे।




**अब इस सकारात्मक माहौल में जी–20 शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। अब भारत आयोजन के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रगति मैदान में पुनर्विकसित अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी–सह–सम्मेलन केंद्र का उदघाटन कर दिया है।**

---

### एक्सप्रेस कविता

*एकांत की परछाई, अब साथ साथ नही चलती, थमी है दुबकी,कोने में,शांत, कोई छाया,प्रति छाया नही, मंदिर की घंटियों, शमशान में शव में अग्निदग्ध, सूखी लकड़ियों से ध्वनित चटखने की आवाज में, एकात्मक समानता, वैराग्य, आत्म मंथन, व्योम में विचरता मानव, लौट आया है नीड़ में, विचारों की चादर ओढे, दुबका है, दोनों हाथों से ढाल बन कर, नन्हो की चिंता लिए, मिथ्या है, जीवन के रेशो के छोरों की खोज, धन,बाहुबल,सामंती रौब, दम्भ, ज्ञान, विज्ञान, तंतुजाल सब शरणागत, उस अदृश्य महाशक्ति के सामने, घुटने टेके, जो विपन्न दरीद्र के हृदय में शाश्वत सत्य की मानिंद स्थापित है,*

**संजीव ठाकुर**

### एक्सप्रेस ज्ञान

*मजबूर और मजबूत में ज्यादा फर्क नही है, स्वार्थी मनुष्य से दोस्ती करोगे तो वो आपको मजबूर बना देगा और सच्चे मनुष्य से दोस्ती करोगे तो वो आपको मजबूत बनाएगा।*

---

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 18:30 तक |
| नक्षत्रः | रेवती 05:52 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | वृद्धि, 27:09 |
| सूर्योदयः | 06:03 |
| सूर्यास्तः | 18:37 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 17:02-18:37 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:55-12:45 |

## जन एक्सप्रेस

### रहे ये बनता नाम !

*है रचना इतिहास ।*
*हो रहा हर काम ।।*
*है यह स्वर्णिम काल ।*
*रहे ये बनता नाम ।।*
*गढ़ना कीर्तिमान है ।*
*मिल रहा सहयोग ।।*
*दिल से है प्रयास ।*
*बन रहा भी योग ।।*
*तरह तरह के रोज ।*
*करना नया प्रयोग ।।*
*है छलांग लगानी ।*
*ऐसा ही उपयोग ।।*
*दुनिया है टिकाए ।*
*नज़रें इस प्रकार ।।*
*है ऐसा प्रतीत ।*
*बदला भी व्यवहार ।।*



**- कृष्णेन्द्र राय**

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मोटापे से परेशान लोग वजन घटाने के लिए लें 3500 कैलोरी डाइट, धीरे–धीरे शेप में आने लगेगी बॉडी



**जिन** लोगों का वजन बहुत अधिक होता है, वे इसको लेकर काफी परेशान रहते हैं। क्योंकि इसके कारण उन्हें काफी असहजता और शर्मिंदगी महसूस होती है। इसके अलावा, इसके कारण कई अन्य रोगों का भी सामना करना पड़ता है। वे वजन घटाने की कोशिश तो करते हैं, लेकिन इसके लिए क्या करें और क्या नहीं, किस तरह की डाइट फॉलो करें, इसको लेकर वे काफी परेशान रहते हैं। ऐसे लोगों की मदद करने के लिए ओनलीमायहेल्थ ने एक स्पेशल फिटनेस कैंपेन शुरू किया है, जिसका नाम है इसमें हम एक्सपर्ट से बातचीत करके लोगों के साथ फिटनेस और एक्सरसाइज, न्यूट्रिशन और डाइट के साथ-साथ ही सप्लीमेंट्स से जुड़ी जरूरी जानकारी शेयर करते हैं। इस कैंपेन की सीरीज डाइट चार्ट में हर सप्ताह लोगों की जरूरत के अनुसार एक डाइट प्लान शेयर करते हैं, जिनकी मदद से लोग अपने लक्ष्यों तक आसानी से पहुंच सकते हैं।

**सुबह खाली पेट क्या खाएं?:** अपने दिन की शुरुआत 1-2 गिलास गुनगुना पानी पीकर करें। उसके बाद एक हर्बल चाय लें और साथ में कुछ नट्स जैसे 2 अखरोट और 4-5 बादाम का सेवन करें।

**ब्रेकफास्ट में क्या खाएं?:** इस दौरान 3 अंडे की सफेदी और 2 पूरे अंडे खाएं। 2 ब्राउन ब्रेड पर 1 चम्मच पीनट लगाकर खा सकते हैं या आप एक कटोरी मिक्स फ्रूट्स खा सकते हैं।

**लंच और ब्रेकफास्ट के बीच क्या खाएं?:** इस दौरान आप एक गिलास दूध के साथ केले और 4-5 खजूर का सेवन कर सकते हैं या इनकी स्मूदी बनाकर पी सकते हैं।

**लंच में क्या खाएं?:** दोपहर के भोजन में आप 2-3 रोटी, एक कटोरी दही, पनीर या चिकन की सब्जी का सेवन कर सकते हैं। आप चाहें, तो चावल का सेवन भी कर सकते हैं। इसके अलावा, आप साथ में एक प्लेट सलाद का सेवन भी कर सकते हैं।

**शाम को क्या खाएं?:** इस दौरान आप एक कप हर्बल चाय के साथ 1-2 ब्रेड पर पीनट लगाकर खा सकते हैं। इसके अलावा, आप कोई फल खा सकते हैं। एक कटोरी मखाना घी में भूनकर भी खा सकते हैं।

**डिनर में क्या खाएं?:** आप डिनर लंच की तरह ही कर सकते हैं। बस आप अपने पसंद की कुछ अन्य सब्जियां शामिल कर सकते हैं। आप चाहें, तो सब्जियों का सूप बनाकर पी सकते हैं। एक कटोरी दाल, चिकन, चना, राजमा आदि की सब्जी बनाकर खा सकते हैं। चावल या रोटी में से आप कोई भी एक चीज खा सकते हैं।

**रात में सोने से पहले?:** इस दौरान आप 250 एमल तक दूध पी सकते हैं।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# 'एक देश एक चुनाव' विचार का विरोध करने की बजाय इससे देश को होने वाले लाभ को देखें



**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**मजबूत केंद्र एवं शक्तिशाली नेतृत्व के प्रबल पक्षधर, तत्कालीन गृहमंत्री और उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने इसे राजनीतिक स्तर पर प्रमुखता से उठाया था। वर्ष 2003 में अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान अटल बिहारी ने प्रस्ताव का समर्थन किया था।**

**अब** जबकि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक देश एक चुनाव पर विचार हेतु केंद्र सरकार ने एक समिति बना दी गई है, तब यह मुद्दा बहुत विचारणीय हो गया है। स्वस्थ, टिकाऊ और विकसित लोकतंत्र वही होता है, जिसमें विविधता के लिए भरपूर जगह होती है, लेकिन विरोधाभास नहीं होते। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भविष्योन्मुखी दृष्टि वाले नेतृत्व में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत धीरे-धीरे इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। 'एक देश-एक टैक्स' की सफलता ने इस बात को सही साबित किया है। अब तक देश के लगभग एक तिहाई राज्यों में लागू हो चुके 'एक नेशन-एक राशन' कार्यक्रम के ऐसे ही सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। इसी प्रकार, एक देश-एक कानून (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू किए जाने के विचार को भी जनता के एक विशाल वर्ग का अपार समर्थन मिल रहा है। 'एक देश-एक चुनाव' लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ करवाने का एक नीतिगत उपक्रम है। इसे समझने के लिए हमें चुनाव की प्रक्रिया को समझना होगा। हमारे देश में केंद्र और सभी राज्यों में, केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर, जनता द्वारा चुनी हुई सरकारें कार्य करती हैं। इनका कार्यकाल पांच वर्ष का होता है। ये कार्यकाल, किसी भी महीने पूरा हो सकता है। जब किसी निर्वाचित सरकार का पांच साल का कार्यकाल पूरा हो जाता है, तो उस राज्य में अथवा केंद्र में एक निर्धारित अवधि के अंदर नए चुनाव कराना आवश्यक होता है, ताकि वहां नई सरकार गठित की जा सके और देश और उस प्रदेश का काम फिर से सुचारू ढंग से चलना सुनिश्चित किया जा सके। चुनावों की प्रक्रिया को निर्बाध व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए, काफी बड़े तंत्र व खर्च की आवश्यकता होती है। जितने ज्यादा चुनाव, उतनी ही ज्यादा व्यवस्था। 2023 को ही लें। इस साल राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम समेत देश के दस राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं (इनमें से कुछ राज्यों में इस साल चुनाव हो चुके हैं)। इनमें कितने समय, धन और व्यवस्था की जरूरत पड़ेगी, इसका अंदाजा लगाना कोई मुश्किल काम नहीं है। ऊपर से, इन चुनावों के खत्म होते-होते लोकसभा चुनावों की गहमागहमी शुरू हो जाएगी। अब सोचिए कि अगर इन राज्यों के और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था की जा सके तो कितना देश का कितना समय और धन बचेगा। आज अगर हम देश के राजनीतिक परिदृश्य पर नजर डालें, तो पायेंगे कि हर वर्ष देश को कोई न कोई हिस्सा चुनावमय बना रहता है। लेकिन, शुरुआत में ऐसा नहीं था। देश के पहले आम चुनावों से लेकर अगले पंद्रह सालों तक, 1952, 1957, 1962, 1967 में चार बार लोकसभा चुनाव हुए और हर बार राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव भी इनके साथ-साथ ही करवाए गए। लेकिन, जब 1968-69 में अलग-अलग कारणों से कुछ राज्यों की विधानसभाएं उनका कार्यकाल खत्म होने से पहले ही भंग कर दी गईं, तो यह सिलसिला बाधित हो गया। यहां तक कि पहली बार लोकसभा चुनाव भी समय से पहले ही करवा लिए गए। चौथी लोकसभा का कार्यकाल 1972 तक था, लेकिन आम चुनाव इसके पूरा होने से पहले ही 1971 में करा लिए गए। इससे समझा जा सकता है कि अगर राज्यों के विधानसभा चुनाव और आम चुनाव एक साथ आयोजित कराने की बात की जा रही है तो इसमें कुछ भी ऐसा नहीं है, जिस पर आपत्ति की जानी चाहिए। लेकिन, जब भी केंद्र में सत्तासीन एनडीए सरकार, एक बार फिर इस व्यवस्था की बहाली की बात करती है तो विपक्ष इस तरह मुखर हो उठता है कि जैसे उसे किसी भी हाल में यह नहीं होने देना है। भाजपा विरोधी कुछ दल इसे भाजपा का 'सत्ता का केंद्रीकरण करने की योजना' कहकर इसका विरोध जारी रखे हैं, जबकि सच तो यह है कि 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा काफी पुरानी है। इस विषय पर संविधान समीक्षा आयोग, जैसे प्रभावशाली संस्थानों की राय भी काफी सकारात्मक है।

**विशेषज्ञ लंबे समय से 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर अपनी राय व्यक्त करते रहे हैं। वर्ष 1999 में विधि आयोग ने अपनी 170वीं रिपोर्ट में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने का समर्थन किया था। रिपोर्ट का एक पूरा अध्याय इसी मुद्दे पर केंद्रित है। चुनाव सुधारों पर विधि आयोग की इस रिपोर्ट को देश में राजनीतिक प्रणाली के कामकाज पर अब तक के सबसे सटीक दस्तावेज़ों में से एक माना जाता है।**

# भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में दिनांक 2 सितंबर 2023 को प्राचार्य प्रोफेसर वीणा गोपाल मिश्र की सदप्रेरणा एवं अनुमति से हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉक्टर शशि प्रभा वाजपेई जी की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं हिन्दीवंदना से किया गया।मुख्य अतिथि डॉ जयवीर सिंह हिंदी विभागाध्यक्ष आर एम पी कालेज जनपद सीतापुर ने अपने उद्बोधन में हिंदी की दशा एवं दिशा पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी की समृद्धि के लिए यह बहुत आवश्यक है कि एक भी शब्द आपको आता है तो उसकी उत्पत्ति निष्पत्ति, अर्थ आदि का भी ज्ञान होना चाहिए।शब्द का सही जगह प्रयोग करना चाहिए।आज लोगों का चाल चलन अंग्रेजियत वाला हो गया है ,किंतु बच्चों के नाम अवश्य साहित्यिक रखे जा रहे हैं जो सुनने में तो सुंदर लगते हैं किंतु अर्थ सही नहीं होता लोग दुरंगे हो गए हैं।हिंदी के शब्दों को आत्मसात करें7 गांधी जी को जब दक्षिण अफ्रीका में ट्रेन से धक्का दिया गया तो उन्होंने संकल्प लिया कि मुझे अपने देश को गगोरों के चंगुल से आजाद करना है।ऐसे ही आपको भी अपनी मातृभाषा के प्रति दृढ़ संकल्पित होकर उसकी अस्मिता की रक्षा करनी होगी।हिंदी गंगा के समान है हिंदी के घाट बंटे नहीं हैं वह सब को लेकर चलती है।सभी बोलियों को स्वीकार करती है।हिंदी में समाहार शक्ति है। हिंदी रोजगार परक है यदि मन में ठान लें तो हिंदी में अपना भविष्य संवार सकते हैं भाषिक दृष्टि से पूरा देश तीन क्षेत्रों में विभाजित है क,ख,ग हिंदी बोलने में लोग संतुष्टि का अनुभव नहीं करते अंग्रेजी बोलने में गर्व की अनुभूति करते हैं उन्होंने हिंदी को परिणीता की संज्ञा से विभूषित किया, और यह भी कहा कि किसी भाषा का ज्ञान बुरा नहीं होता लेकिन मातृभाषा का अपना स्थान होता है। रामचरितमानस के पाठ से आपकी हिंदी सशक्त होगी हिंदी के प्रति अपनी रुचि उत्पन्न करें छोटी-छोटी कृतियाँ,कहानी आदि पढ़े आपकी शब्द सामर्थ्य में वृद्धि होगी।डॉक्टर सुशीला देवी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा, राजभाषा, लोक भाषा, संपर्क भाषा और संचार भाषा है ,संविधान में हिंदी का दर्जा सबसे ऊंचा है ,किंतु व्यावहारिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं है।हिंदी को दोयम दर्जे की भाषा माना जाता है हमें अपनी मातृभाषा से प्रेम करना चाहिए।हिंदी के प्रयोग के लिए दृढ़ संकल्पित होना भी जरूरी है।हमें अपने हस्ताक्षर नाम पट्टिकाएं,प्रतिष्ठानों के नाम ,विवाह के निमंत्रण आदि हिंदी में ही लिखने चाहिए।हिंदी रोजगार परक भाषा बन चुकी है हिंदी अबला नहीं सबला है अत्यंत सशक्त भाषा है आधुनिकता की चकाचौंध के कारण हम हिंदी को हीन भावना से देखने लगे हैं।हिंदी की विभिन्न बोलियों मे जो माधुर्य है वह अन्य भाषाओं में नहीं है।इस अवसर पर शोध छात्रा दीपिका शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किये।डॉ शशि प्रभा वाजपेई ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के समय भाषा और संस्कृति के अंतरसंबंधों पर विचार करना साहित्य की विविध विधाओं के माध्यम से तथा मीडिया के माध्यम से समाज में साहित्य व भाषा पर विमर्श करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। क्योंकि रोजगारोन्मुख शिक्षा को वरीयता देकर सांस्कृतिक मूल्यों को हासिये पर कर दिया गया है।अतः भविष्य में भाषा की समृद्ध स्थिति के लिए नई पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक विरासत सहित भाषा विमर्श की प्रेरणा देना आवश्यक है भाषा की विविधता में भारतीय संस्कृति जीवंत होती रही है अतः भारतीय भाषाओं के अंतर संबंधों व परस्पर अनुवाद की भी महिती आवश्यकता है।इस अवसर पर स्नेही मंडल के प्रसिद्ध अवधी कवि पंडित केदारनाथ त्रिवेदी नवीन जी को भी स्मरण किया गया।डॉ सुशीला देवी ने हिंदी विभाग की ओर से मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित शिक्षकों एवं पत्रकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# केन्द्रीय गृहराज्य राज्यमंत्री ने कई विकास कार्यों का किया लोकार्पण





जन एक्सप्रेस। अख्तर अली

**निघासन-खीरी।** शनिवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टैनी ने क्षेत्र पंचायत की आठ सड़कों, एक पुलिया, एक सुलभ शौचालय, पीएचसी,नवीन मण्डी स्थल की बाउण्ड्री वाल व प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बनी सड़क का लोकार्पण किया। ब्लाक सभागार में बैठक को सम्बोधित करते हुये केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टैनी ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आगे बढ़ रहा है। भ्रष्टाचार में डूबे लोग तिलमिला रहे हैं। सरकार की विभिन्न

**ब्लाक सभागार में सरकार की गिनाई उपलब्धियां**

योजनाओं से लोग तरक्की की राह पर हैं। पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। किसानों की आय बढ़ी है। बेरोजगारों को रोजगार मिला है वहीं राष्ट्र व समाज विरोधी लोगों को जेल की सलाखों में भेज दिया गया है। श्री टेनी ने क्षेत्र पंचायत से बनी आठ सड़कों व बौधिया खुर्द में बनी एक पुलिया व कोदी बाबा नामक स्थान पर बने सुलभ शौचालय का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान धात्री महिलाओं को फलों की किट भी प्रदान किया। इसके बाद वह लुधौरी पहुंचे जहां नवीन मण्डी स्थल की बाउण्ड्री वाल, पीएचसी व लुधौरी से मदनापुर के लिये बनी सड़क का शिलान्यास किया। लुधौरी में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि सरकार सभी के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के लिये जगह जगह अस्पताल खोल रही है। लोगों को रोजगार देने के कटिबद्ध है। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान मुख्यचिकित्सा अधिकारी संतोष गुप्ता वीडियो जयेश कुमार सिंह सीएचसी प्रभारी पीके रावत ग्राम विकास अधिकारी सुनील पंकज उपदेश स्वाति लोधी पवन विनय मौर्य वीरपाल राजेश कुमार आशीष वर्मा यशपाल शालिनी पांडेय मो0 आसिफ एडीओ समाज विजय कुमार केपी राना, बद्री प्रसाद, नगेंद्र सिंह सेंगर,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह,दीपक तलवार, संजय गिरि, दयाशंकर मौर्य, दिग्विजय गुप्ता, प्रज्ञानंद, केके तिवारी, रंगी लाल, संतोष शुक्ला, अवधराम ब्रम्हादीन, तोताराम आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# तिकुनियाँ पावर हॉउस की व्यवस्था चरमराई, ग्रामीण परेशान

जन एक्सप्रेस। अवधेश कुमार पाण्डेय

**तिकुनियां खीरी।** विकास क्षेत्र निघासन के सैकड़ो गावों की बिजली पिछले एक सप्ताह से आँख मिचौली का खेल रही है,ग्रामीण अपने दुर्भाग्य पर आंसू बहा रहा इतनी भीषण गर्मी में लोगों का बुरा हाल है घंटों बिजली कटौती से जनता में काफ़ी रोष है द्य पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र की बिजली आँख मिचोली का खेल- खेल रही है जिम्मेदार रहते मौन इसका खामियाजा विद्यार्थियों को भी भुगतना पड़ रहा है द्य यहाँ तक की छात्रों की पढ़ाई में भी काफ़ी बाधा आती है द्य विद्यार्थी भी अपनी अच्छी तैयारी नहीं कर पाते हैं द्य बिजली कटौती का रोना रो रहे द्य सबसे गंभीर विषय यह है कि हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है द्य राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार ग्रामीणों को हर प्रकार की संभव सुविधा देने का संकल्प लेती है लेकिन चंद्र छुद्र लापरवाहों की वजह से खामियाजा गरीब पीड़ित ग्रामीण को भोगना पड़ता है द्य इतनी उमस भरी गर्मी में उसको रात बिताना भी लाले पड़ जाते हैं द्य नींद न पूरे होने के कारण वीमार भी पड़ जाते हैं लोग यहाँ पर यह कहावत सटीक बैठती है न दिन को चैन है और न रात को सकून है द्य राज्य सरकार व केंद्र सरकार पूरे वादे के साथ कोई न कोई तोहफा ग्रामीणों को हर पर्व पर देने का प्रयास करती है लेकिन एक बिजली विभाग ऐसा विभाग है जिसमें लगातार ग्रामीणों को खून के आंसू रुलाने में मस्त है पिछले दो तीन दिन से गर्मी चरम सीमा पर है दूसरी बात यह की साल भर का पवित्र पर्व है फिर भी बिजली गुल है कोई भी परवाह नहीं है ये हैं द्य राज्य सरकार व केंद्र सरकार की मंशा पर पानी फेरने का काम करते हैं द्य इतनी भीषण गर्मी में नन्हे मुन्हे बच्चों का भी बुरा हाल है।

# बुखार के पैर पसारने पर कस्बावासी परेशान

जन एक्सप्रेस। अमीरनगर खीरी

अमीरनगर कस्बे में इस समय वायरल बुखार के चलते दर्जनों बच्चे व युवा बड़े बुजुर्ग बुखार से परेशान कस्बे में बुखार के पैर पसारने को लेकर कस्बावासी काफी परेशान परंतु स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ज्ञात हो इससे लगभग 10 वर्ष पूर्व अमीर नगर कस्बे में डेंगू बुखार के चलते आधा दर्जन के लगभग लोगों की मौत हुई थी। उसे समय भी स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के के कारण ही पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। वायरल बुखार से पीड़ित लोगों ने बताया बुखार आने पर सर में तेज दर्द व उल्टी की शिकायत होती है। उसके बाद काफी तेज बुखार चढ़ जाता है। जिससे छोटे बच्चों को काफी परेशानी होती है। गांव में साफ सफाई को लेकर भी ग्रामीणों का कहना है, की समय पर नालियां साफ नहीं की जाती और ना ही मच्छरों के लिए कोई छिड़काव किया गया है। अमीर नगर निवासी जॉनसन पुत्र रईस एक हफ्ते से अधिक समय से बुखार से पीड़ित होने पर शाहजहांपुर जिला अस्पताल में भर्ती है। जिसके परिजनों ने बताया तीन-चार दिन से लगातार नाक से खून आ रहा है। डॉक्टर ने बताया मरीज के प्लेटलेट्स काफी कम हो जाने की वजह से ऐसा हो रहा है। प्राइवेट डॉक्टरों ने लेने से मना कर दिया है। इसलिए सरकारी अस्पताल में भर्ती किए हुए। अभी तक स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं कस्बे के ज्यादातर घरों में बुखार से पीड़ित रोगी देखने को मिल रहे हैं । ग्रामीणों ने बताया यह बुखार हफ्ता 10 दिन से पहले नहीं जा रहा । किसी किसी परिवार में सभी लोगों को बुखार आ जाने से बड़ी ही गंभीर स्थिति बन जाती है। जिसको लेकर ग्रामीणों में बुखार के प्रति खौफ बढ़ता जा रहा है।

## इंडो नेपाल की अति संवेदन शील कही जाने वाली खुली सीमा चन्दन चौकी क्षेत्र में सक्रिय कबाडियों के लिए कामधेनु गाय साबित हो रही



जन एक्सप्रेस। रिजवान खान

**पलिया कलां खीरी।** चन्दन चौकी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कबाड़ की दुकानों पर नेपाल में चोरी किया हुआ माल खरीदकर भारतीय नगर एवम महानगरों में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। जबकि अवैध रूप से संचालित कबाड़ की दुकानों का न पंजीकरण और न ही एक्सपोर्ट इंपोर्ट का लाइसेंस है फिर भी पलिया सर्किल कस्टम विभाग एवम सीमा पर मौजुद सुरक्षा एजेंसियों की नाक के नीचे कबाड़ का धंधा धडल्ले से जारी है। विदित हो इसी तरह गत वर्ष पूर्व सेडाबेडा में अवैध रूप से संचालित एक कवाड़ की दुकान पर लखनऊ से आकर डी आर आई टीम ने छापा मारकर बड़ी कार्यवाही की थी जिसके फलस्वरुप क्षेत्र में सक्रिय सभी कबाड़ के कारोबारी भूमिगत हो गए थे।किंतु सुरक्षा एजेंसियों की खाऊं कमाऊ नीति के चलते चन्दन चौंकी क्षेत्र में पुनः बड़े बड़े कबाड़ के अवैध कारोबारियों ने अपने धंधे को अंजाम देना शुरु कर दिया है। सूत्रो के अनुसार बताया जाता है कि सीमा क्षेत्र में सक्रिय कबाड़ी नेपाल से तस्करी कर कबाड़ अपनी दुकानों ब गोदामों में दंप कर हफ्ते में दो दो बार अपने निजी पिकअप, डी सी एम तथा ट्रक से माल विक्री करने के लिए नगर एवम महानगर में भेजते हैं।

## लोहिया राज नारायण संघर्ष समिति के तत्वावधान में पूर्व मंत्री का स्वागत समारोह हुआ संपन्न



जन एक्सप्रेस। शाजिफ हुसैन

**लखीमपुर खीरी।** लोहिया राज नारायण संघर्ष समिति के तत्वाधान शनिवार को सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट मेला रोड लखीमपुर में पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह का स्वागत समारोह के साथ जन जागरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें लखीमपुर जनपद के साथ-साथ अन्य जनपद एवं लखनऊ के पदाधिकारी एवं सदस्य इस आयोजन में सम्मिलित हुए इस आयोजन में समाज से जुड़ी समस्याओं को समाधान हेतु विचार विमर्श भी किया गया पूर्व मंत्री द्वारा विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रताप सिंह जंगलिया केशव प्रसाद पूर्व आई आरएस सुमित खंडेलवाल सचिन सिंह राखी पांडे कासिम अली आदि मौजूद रहे एवं सभा को संबोधित किया इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से रजनीश सलूजा सुमित खंडेलवाल द्वारा किया गया उज्जवल रमण सिंह ने बताया कि लखीमपुर में समय समय पर एक निश्चित अंतराल पर जन कल्यांण से संबंधित कार्यक्रम होता रहेगा साथ ही उन्होने अयोजक समिति को बधाई भी दी।

## हत्या के प्रयास के वांछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

पुलिस अधीक्षक खीरी,गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को थाना मझगई पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 47/2023 धारा 307 भादवि में वांछित 03 नफर अभियुक्तों विष्णु पुत्र प्रभु मनोज पुत्र विष्णु पंकज पुत्र विष्णु निवासीगण ग्राम बबौरा थाना मझगई जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया।अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण विष्णु पुत्र प्रभु निवासीग्राम बबौरा थाना मझगई जनपद खीरी मनोज पुत्र विष्णु निवासी ग्राम बबौरा थाना मझगई जनपद खीरी पंकज पुत्र विष्णु निवासी ग्राम बबौरा थाना मझगई जनपद खीरी गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण उ0नि0 कमरुद्दीन खां थाना मझगई,का0 रवि कुमार थाना मझगई,का0 रामदयाल थाना मझगई उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस: डीएम ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



शनिवार को आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील गोला गोकर्णनाथ सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए।डीएम ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे।डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 09 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व एवं आपदा 21, पुलिस 10, ग्राम्य विकास 08, खाद्य एवं रसद व विद्युत 03- 03, बेसिक शिक्षा 02, नगर विकास, गन्ना, लोक निर्माण, पंचायती राज की एक-एक, अन्य के 05 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिले की सभी तहसीलों पर हुआ आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सिधौली में जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आये हुये शिकायतकर्ताओं को एक-एक करके सुना एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।
सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। प्रत्येक अधिकारी अपने कार्यालय में सबसे पहले आई0जी0आर0एस0 संदर्भ पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी प्रतिदिन आई0जी0आर0एस0 पोर्टल खोलकर अवश्य देखें तथा कोई भी शिकायत डिफाल्ट न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि माह अगस्त में नवीन प्रणाली के अन्तर्गत जिन अधिकारियों के स्तर पर शिकायतें लम्बित रहने के कारण डिफाल्ट हो चुकी हैं, उन्हें विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता, गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, गन्ना विभाग, विद्युत विभाग, आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग आदि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुयीं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक एन0पी0 सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग बृजमोहन शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरिपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिशचन्द्र प्रजापति, उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिधौली शोभित कुमार, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील सिधौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 128 शिकायतों में से 10 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 58 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सदर में प्राप्त 28 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील लहरपुर में प्राप्त 45 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 19 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महोली में प्राप्त 35 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील बिसवां में प्राप्त 73 प्रार्थना-पत्रों में से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

# क्षेत्र के शारदा सहायक नहर पर बना नूरपुल पुल बेहद संकरा होने से राहगीरों के लिये बना मुसीबत

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



वर्षों पहले क्षेत्र के शारदा सहायक नहर पर बना नूरपुल पुल बेहद संकरा होने से राहगीरों के लिये मुसीबत बनता जा रहा है। पुल पुराना होने के चलते काफी जर्जर हो चुका है, जो किसी भी समय एक बड़ी दुर्घटना का सबब बन सकता है। वाहनों के बढ़ते दबाव के चलते जाम की समस्या आम हो गई है। दिन में अधिकतर पुल पर जाम लगा रहता है। पुल के चौड़ीकरण की मांग वर्षों से क्षेत्र के राजनेता, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि शासन से करते आ रहे है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जर्जर हो चुके पुल पर वाहनों का बढ़ता लोड़ किसी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकता है। महमूदाबाद से गोडैचा, सेमरी, रामपुर मथुरा, रेउसा आदि क्षेत्रों तक आवागमन के लिये करीब 52 वर्ष पूर्व नूरपुर के निकट शारदा सहायक नहर पर पुल बना था। पुल सिंगल लेन होने के चलते वाहनों का आवागमन चलता रहा है किन्तु विगत वर्षों चहलारी पुल बन जाने के बाद से बहराइच आदि क्षेत्रों के लिये आवागमन जारी होने के बाद पुल पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। उक्त मार्ग पर चौपहिया और मालवाहक वाहनों का आवागमन भी बढ़ा है। रोजाना हजारों वाहन पुल से गुजरते हैं। गन्ने के सीजन में मिल और सेन्टरों तक आने जाने के लिये भारी वाहनों का भी आवागमन पुल से होता है। सिंगल लेन पुल होने से पुल पर वाहनों का भार बढ़ता जा रहा है। पुल से प्रतिदिन नूरपुर, सेमरी, गोडैचा, बांसुरा, रामपुर मथुरा, बहादुरगंज के अलावा बहराइच की ओर यातायात जाता है, वहीं बहराइच की ओर से लखनऊ जाने के लिये भी इस पुल का प्रयोग किया जाता है। जाम की समस्या से राहगीर जूझ रहे हैं। जिस हिसाब से पुल पर वाहनों का दबाव बढ़ रहा है, ऐसे में विभाग द्वारा समय रहते कोई निर्णय नहीं लिया गया तो क्षेत्र में कोई बड़ी दुर्घटना की आशंका राहगीर जता रहे हैं। सिंचाई विभाग ने इस पुल को जर्जर मान लिया है और विगत करीब चार वर्ष से इस बाबत आगाह करते हुए चेतावनी भी लिख दी गई किन्तु भारी वाहनों का आवागमन लगातार चल रहा है। वाहनों के दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे दबाव के चलते पुल पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढ़े हो गये, जिन्हें लोगों के द्वारा लगातार कई दिनों तक सोशलमीडिया पर प्रसारित करने के बाद विभाग द्वारा ईंट-गुम्मों से भरकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली, जबकि बीते वर्ष पुल से गुरते समय क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या ने जोक निर्माण मकंत्री जितिन प्रसाद से पुल की जर्जर स्थिति दिखाते हुये जनहित में पुल के चौड़ीकरण की मांग भी की थी। पुल की समस्या को लेकर क्षेत्रीय सांसद राजेश वर्मा ने प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर जनहित में अविलम्ब पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये जाने की मांग की है।

# वरासत संबंधित मामलों का जल्द करें निपटारा : जिलाधिकारी

**डीएम से शिकायत कर बार-पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार से जताई नाराजगी**



**जन एक्सप्रेस। सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी**

जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सिरौलीगौसपुर के पारिजात सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े 86 शिकायती पत्र जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचे। जिनमें से मौके पर पांच शिकायती पत्रों का निस्तारण कर शेष शिकायती पत्रों के जल्द निस्तारण के निर्देश संबंधित मातहत को दिए।

यहां संपूर्ण समाधान दिवस तहसीलदार वैशाली अहलावत के संयोजन में पूर्ण हुआ।समाधान दिवस मे फरियादियों को मनोयोग से जिलाधिकारी अविनाश कुमार एंव पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने सुना एंव सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों को शिकायतों का गुणवक्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वरासत के मामलों को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि वरासत सम्बंधित मामले जल्द निपटाएं। यहां बार एसोसिएशन सिरौलीगौसपुर के उपाध्यक्ष अधिवक्ता बालचंद्र ने नायब तहसीलदार की शिकायत करते हुए कहा कि नायब तहसीलदार विचाराधीन तमाम वादों में साक्ष्य सबूत पेश करने के वावजूद निस्तारण नहीं करते है। ग्राम शहरी के प्रदीप की जमीन का एग्रीमेंट के बहाने 2017 में रजिस्ट्री करवा ली गई थी जबकि जमीन बैंक में बन्धक थी। डीएम ने इसकी जांच एसडीएम को सौंपते हुए शिकायत कर्ता को दीवानी न्यायालय से बैनामा निरस्त कराने की बात कही है।

थाना टिकैतनगर क्षेत्र के ग्राम सुर्रा के शिवम श्रीवास्तव ने वरासत करने का पत्र दिया। भारतीय किसान संगठन के चौधरी ज्वाला सिंह सन्तोष तिवारी ने आपूर्ति विभाग एंव ग्राम इंटोरा के साहेब लाल सुखरानी मीना ममता सुनीता आदि के शौंचालय की आई डी डिलीट कर देने की शिकायत पर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। रामकिशोर वर्मा थानाडीह ने चार माह से बिगड़े पड़े इंण्डिया मार्का टू हैण्ड पम्प को सही करवाने का प्रार्थना पत्र दिया है।

समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी विश्वमित्र सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार, डिप्टी सीएमओ राजीव सिंह, पुलिस उपाधीक्षक रामनगर हर्षित चौहान थानाध्यक्ष बदोसराय गजेन्द्र प्रताप सिंह अधिशासी अभियन्ता बाढ खंण्ड शशिकांत सिंह अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग दीपक कुमार चौधरी, सहायक अभियन्ता एडीसन सिंह जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, परियोजना निदेशक डीएफओ वन रेंजर रामनगर, कृषि अधिकारी अधिशासी अभियन्ता विद्युत रामनगर, सहायक अभियन्ता विद्युत राजेश कुमार झा नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक, ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### दो बच्चों का हुआ अन्नप्राशन

बाल विकास परियोजना द्वारा तहसील दिवस के दौरान परिसर में ही पोषण पखवारा मनाया गया। जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक ने पोषण माह का फीता काट कर उदघाटन किया । तत्पश्चात दीप प्रज्वलित करके दो महिलाओं की गोद भराई तथा दो बच्चों को डीएम व एस पी ने अन्नप्रासन कराया। बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा एंव सुपर वाइजर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्टाल पर पोषण बटिका खाद्य सामग्री मोटे अनाज आदि को दिखाया। छोटे बच्चों को भी डीएम एसपी ने दुलार किया।

# डीएम-एसपी ने समाधान दिवस में सुनी समस्याएं



**जन एक्सप्रेस। उरई**

जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की अध्यक्षता में तहसील उरई के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी को 42 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट करें। उन्होंने तहसील में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतते है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर सदर एसडीएम अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, तहसीलदार आदि जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# आनन-फानन में बस स्टैंड पहुंचा शहर से दूर

**जन एक्सप्रेस। उरई**

**मूलभूत सुविधाएं न होने से यात्री रहे परेशान**

शहर में बीते चालीस सालों से नगर पालिका की जमीन पर कोंच रोड पर रोडवेज और प्राइवेट बस स्टैंड अगल-बगल संचालित हो रहा था। शहर वासियों को भी यात्रा करने में सहूलियत मिल रही थी। बस स्टैंड शहर के नजदीक होने से न तो यात्रियों को रिक्शा मिलने में परेशानी रहती थी और न ही चोरी चकारी का भय व्याप्त था।

शासन के निर्देश पर रोडवेज और प्राइवेट बस स्टैंड वाली जगह को नगर पालिका द्वारा लीज पर दिए जाने के बाद प्राइवेट बसों के संचालन पर परेशानी के बादल मडराने शुरू हो गए थे। शुक्रवार शाम को प्रशासन, जन प्रतिनिधियों व नगर पालिका चेयरमैन ने उरई कोंच मार्ग बाइपास पर नए बस स्टैंड का उद्घाटन कर दिया। इतना ही नहीं यहां से जालौन की ओर जाने वाली बसों का संचालन भी शनिवार से शुरू हो गया। नगर पालिका ने शहर से दूर बाइपास पर साईं पैलेस के पास प्राइवेट बस स्टैंड का संचालन तो करा दिया।

लेकिन वहां मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी के कारण बस स्टाफ और यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस चिलचिलाती धूप में बस स्टैंड पर यात्रियों व बस कर्मियों को न तो बैठने के लिए जगह और न ही गला तर करने के लिए वहां ठंडा पानी। इतना ही नहीं बस स्टैंड पर शौचालय की भी व्यवस्था ठीक नहीं है। बता दें कि उद्घाटन के पहले ही चोरों ने यहां लगाई गई, सिंटेक्स की दोनों टंकियां चोरी कर ली। इधर बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्र में खाने पीने के सामान की दुकानें न होने से यात्री भूख से भी व्याकुल नजर आए। ऐसी अनेक मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण यात्री दिनभर परेशान रहे।

## हेयर सैलून संचालक ने दुकान के अन्दर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कदौरा में हेयर सैलून संचालक ने शनिवार की सुबह दुकान के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दुकान के अन्दर फांसी पर लटक रहे संचालक के शव को देखकर वहां हड़कंप मच गया। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कदौरा नगर के सिद्धार्थनगर मोहल्ला निवासी रघुवीर सविता 50 वर्ष पुत्र शिवराम सविता सैलून की दुकान चलाकर अपना गुजारा करता था। उसने शनिवार को अपनी ही सैलून की दुकान पर अज्ञात कारणों से साफी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली।जिससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान जब कुछ ग्राहक उसकी दुकान पर कटिंग और सेविंग कराने पहुंचे और उन्होंने दुकान के अन्दर फांसी पर लटका हुआ शव देखा, तो उनमें हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों ने पड़ोसियों को बताया और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मौजूद लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि जांच पड़ताल में जानकारी प्राप्त हुई है कि हेयर कटिंग का काम करने वाला रघुवीर शराब पीने का लती था। वह लगातार शराब का सेवन करता था। जिस कारण उसने यह कदम उठाया है। शराब पीने के कारण उसकी शादी भी नहीं हुई थी। फिलहाल मामले की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल की जा रही है।

# हल्का लेखपाल के हस्तक्षेप से नाराज़ ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

**जन एक्सप्रेस। मसौली-बाराबंकी**

छह माह पूर्व सफदरगंज थाना क्षेत्र के भवानी बाग दुर्गा मन्दिर में सैकड़ों वर्ष पूराने रामलीला मैदान में चबूतरे व धर्मिक स्थल को भू माफियाओं द्वारा रातो-रात जेसीबी से तोड़ने के बाद नयाब तहसीलदार की उपस्थित मे कराई गई बैरकटिंग के बाद पुनः शुक्रवार को हुई पैमाइश मे हलका लेखपाल द्वारा 3 मीटर मंदिर की भूमि को निकाले जाने से आक्रोशित लोगो ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर मामले की शिकायत की है।बता दें कि बीती 8 फ़रवरी को सफदरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित भवानी बाग दुर्गा मन्दिर के प्रांगण में सैकड़ों वर्षो पूराने रामलीला मैदान में बने राम चबूतरे व धर्मिक स्थल को जेसीबी से तोड़ दिया गया था।

जिसके बाद एक समुदाय के सैकड़ों लोग आहत होकर मामले के विरोध में उतर आए। जिसमें ग्रामीणों का आरोप था कि सैकड़ों वर्षो से भवानी बाग दुर्गा मन्दिर प्रांगण में रामलीला के मंचन के लिए बने चबूतरे व धर्मिक स्थल को मंगलवार की देर रात नितिन अग्रवाल, विपिन अग्रवाल की ईशारे पर भू माफियाओं ने अपनी अवैध प्लॉटिंग में मिलाने की नियत से जेसीबी से तोड कर जमीन खोद डाली। मन्दिर प्रांगण में जुटे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचे नायब तहसीलदार शैलेश पाण्डेय ने सख्ती से रामलीला मैदान की पुनः बैरिकेडिंग करा दिया था। शुक्रवार को अमित वर्मा, नितिन अग्रवाल ने हलका लेखपाल से कुटरचित हेरफेर मंदिर की तीन मीटर भूमि निकाल दिया जबकि उक्त स्थान पर 80 वर्ष पूर्व पंडित मनोहरलाल त्रिवेदी द्वारा नीम के पेड़ लगाये गये थे जिनके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शनिवार को सुनील कुमार वर्मा, अमित कुमार, अजय गुप्ता, रामचंद्र जयसवाल, रमाकांत सहित तमाम ग्रामीणों ने तहसील दिवस मे पहुंच कर जिलाधिकारी को शिकायतीपत्र देकर चबूतरा एव बाउंड्रीवाल की पुनः निर्माण की मांग की है ।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो लोग घायल

**जन एक्सप्रेस। सिरसा कलार**

तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। जहां पर उनका उपचार चल रहा है। और पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार को पकड़ लिया है। कुठौंद थाना क्षेत्र के नोरेजपुर निवासी रामसागर पुत्र सत्यनारायण उम्र 36 वर्ष और सागर पुत्र राम बिहारी उम्र 22 वर्ष बाइक से धमना गांव से अपने गांव लौट रहे थे। जब उनकी बाइक सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम मलथुआ चौराहे के पास आई तभी सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उछलकर दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पड़ा देखकर, वहां पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और टक्कर मारने वाली कार को अपने कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी।

# जर्जर भवनों के मतदान केंद्रों का नवीन मतदान केंद्रों पर कराया जाएगा मतदान

**जन एक्सप्रेस। उरई**

डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी चाँदनी सिंह ने बताया कि सदस्य जिला पंचायत के रिक्तवार्ड - 10 पहाडगाँव का मतदान 6 सितंबर को होना है। मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए एसडीएम से मतदान केन्द्र स्थलों का निरीक्षण कराया गया। जिसमें उनके पत्र के द्वारा अवगत कराया गया कि रिक्तपद के मतदान हेतु बनाये जाने वाले कतिपय बूथ मतदेय स्थलों के भवन ईमारत को गिरा दिया गया है, अथवा जर्जर है। इसी क्रम में पूर्व निर्धारित मतदान केंद्र स्थल के भवन जर्जर व गिरा दिए जाने के कारण उत्पन्न परिस्थिति को देखते हुए नवीन मतदान केंद्रों व स्थलों पर मतदान कराया जाएगा। डीएम ने बताया कि ग्राम भेंपता में पूर्व निर्धारित मतदान केंद्रस्थल 61-62 प्राथमिक पाठशाला भेंपता नवीन निर्धारित मतदान केंद्रस्थल 61-62 पूर्व माध्यमिक विद्यालय भेंपता, ग्राम पिण्डारी में। पूर्व निर्धारित मतदान केंद्र स्थल 122 123 प्राथमिक पाठशाला कन्या पिण्डारी नवीन निर्धारित मतदान केंद्रस्थल 122 123 प्राथमिक पाठशाला पिण्डारी, ग्राम अण्डा में। पूर्व निर्धारित मतदान केंद्रस्थल 146 147 148 कन्या प्राथमिक पाठशाला अण्डा नवीन निर्धारित मतदान केंद्रस्थल 146 147 148 जूनियर हाईस्कूल अण्डा, ग्राम भरसूड़ा में पूर्व निर्धारित मतदान केंद्रस्थल 16- प्राथमिक पाठशाला कन्या भरसूड़ा नवीन निर्धारित मतदान केंद्रबल 16- प्राथमिक पाठशाला भरसूड़ा अतिरिक्त कक्ष पूर्व निर्धारित मतदान केंद्रस्थल 17-18 प्राथमिक पाठशाला वालक भरसड़ा, नवीन निर्धारित मतदान केंद्रस्थल 17-18 उच्च प्राथमिक विद्यालय भरसुड़ा में मतदान कराया जाएगा।

**सम्पूर्ण समाधान दिवस मे 22 शिकायतो मे मात्र 3 का मौके पर हुआ निस्तारण**

# फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना जाए : जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस। महोबा**




सदर तहसील मे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें डीएम मनोज कुमार, एसपी अपर्णा गुप्ता, सीडीओ चित्रसेन सिंह द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील महोबा से कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश की अध्यक्षता में 20 में से 03 तथा तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर बेग की अध्यक्षता में 19 में से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजी आरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब डिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

# कजली महोत्सव की द्वितीय संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम



**जन एक्सप्रेस। महोबा**

महोबा संरक्षण एवं विकास समिति के तत्वाधान में कजली मेला एवं महोबा महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 01 सितंबर 2023 को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का देर शाम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी मनोज कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में प्रातः काल पंचायत राज सम्मलेन का आयोजन किया गया तथा सांयकाल कार्यक्रम के अंतर्गत आल्हा गायन, बांसुरी कछियाई, बुंदेली लोकनृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके उपरांत लालता तिवारी की पार्टी द्वारा लोक कला बुंदेली लोकनृत्य, सतांशु पटेल की पार्टी द्वारा भोजपुरी गायन तथा बेबी इमरान एंड ग्रुप झाँसी द्वारा राई ढमरयाई बधाई का बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, उपजिलाधिकारी जितेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अवधेश कुमार, जिला बचत अधिकारी सी. एल. साहू तथा अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### 185 बच्चे टेबलेट पाकर हुए गदगद, बोले धन्यवाद सरकार

**जन एक्सप्रेस/जैदपुर-बाराबंकी।** विकासखंड हरख क्षेत्र अंतर्गत जुगुनिहा डीह गांव स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में शनिवार को शासन के निर्देशानुसार 185 छात्रों को टेबलेट वितरित किया गया। टेबलेट वितरण का कार्यक्रम हरख ब्लॉक प्रमुख रवि रावत द्वारा किया गया। वहीं टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। छात्र अवनीश कुमार, अतुल पाण्डेय, आनन्द पाल, हर्ष मिश्रा, दीपक तिवारी,सहित अन्य सभी छात्र छात्राओं ने सरकार को धन्यवाद दिया। यहां ब्लाक प्रमुख रवि रावत ने कहा कि बच्चों की शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। जिसके लिए कॉलेज के छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए है। जिससे उनकी पढ़ाई में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद गोस्वामी,मंडल उपाध्यक्ष रामविलास वर्मा धीरेंद्र, व पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

### एसडीएम व सीओ ने मारा छापा, एक दर्जन अनाधिकृत दलाल गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही खबरों सहित अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन अंबावत गुट की प्रमुख मांगों में जिले के आरटीओ विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के मामले में समुचित कार्रवाई न किए जाने की मांग को संज्ञान में लेकर शनिवार को एसडीएम सदर विजय त्रिवेदी व सीओ सिटी डॉ बीनू सिंह ने अचानक से यहां छापा मारा। जहां एसडीएम ने अनाधिकृत रूप से काम कर रहे 13 लोगों को पकड़कर समुचित कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को सुपुर्द कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई के बाद आरटीओ विभाग में देर शाम तक हड़कंप की स्थिति बनी रही।

### साढ़े 16 लाख की मार्फिन के साथ ट्रक चालकों से लूट करने के आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/रामसनेहीघाट-बाराबंकी।** थाना रामसनेहीघाट पुलिस ने डकैती की घटना में वांछित चल रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास 165 ग्राम मार्फिन बरामद की है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग साढे 16 लाख है। पुलिस के मुताबिक 2 सप्ताह पहले ट्रक ड्राइवर और खलासी से दरियाबाद रोड ओवर ब्रिज के पास नगदी सहित मोबाइल की लूट में शामिल दो आरोपी अवधेश पुत्र स्वर्गीय जसकरण व सौरभ पुत्र राम तीरथ निवासी भुड़ेहरी को अपने थाना क्षेत्र के हाईवे से मार्फिन के साथ गिरफ्तार किया। इसके संबंध में कोतवाल अजय त्रिपाठी ने बताया कि दोनों आरोपी बहुत शातिर है। जिनके द्वारा हाईवे पर रुकने वाले ट्रकों के चालकों को डरा धमका कर लूट डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जाता था।

### 6 वर्षीय मासूम के साथ युवक ने की छेड़छाड़

**जन एक्सप्रेस/रामसनेहीघाट-बाराबंकी।** कोतवाली रामसनेहीघाट अंतर्गत शनिवार को एक गांव निवासी पिता ने शिकायती पत्र देकर 6 वर्षीय पुत्री के साथ पड़ोसी शराबी युवक द्वारा छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। साथ ही पिता ने शिकायती पत्र में आरोपी युवक पर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शुक्रवार को रामसनेहीघाट के एक गांव निवासी पिता ने कोतवाली को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह गरीब व्यक्ति है, जिससे मजदूरी करके अपना व अपने बच्चों का भरण पोषण करता है। उसकी 6 वर्षीय पुत्री के साथ पड़ोस गांव के रहने वाले शराबी युवक बृजेश रावत पुत्र हरिकेश उर्फ कल्लू रावत ने रक्षाबंधन के दिन मेला ले जाने के बहाने उसके साथ छेड़छाड़ करी थी। जिससे मासूम को असहनीय दर्द हुआ। और उसने घर आकर अपने साथ हुई घटना को बताया। जिसके बाद शनिवार को पीड़ित पिता ने मामले की शिकायत कोतवाली से कर कार्रवाई की मांग की है।

### जुलूसे सफ़र आज, तैयारियां मुक़म्मल

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** लाइनपुरवा में मरहूम कल्बे अब्बास के अजाखाने से उठने वाला सलाना क़दीमी जुलूसे सफ़र अपने रवायती अंदाज में बरामद होगा। जिसकी मजलिस को आली जनाब मौलाना मुर्तुज़ा नासिर सईद अबक़ाति क़बिला लखनऊ ख़िताब करेंगे, जुलूस की जानकारी देते हुए आयोजक नासिर मेंहदी व सिकंदर अब्बास ने बताया कि जुलूस का आग़ाज़ तिलावते कलाम पाक से किया जाएगा जिसके बाद शायरे अहलेबैत नज़राने अक़ीदत पेश करेंगे। मजलिस के बाद जुलूस अपने क़दीम रवायती अंदाज़ में बारामद होगा जिसमें मुल्क़ की मशहूर व मारूफ़ अंजुमने नौहाख्वानी व सीनाजनी करेगी दौराने जुलूस शबीहे आलम-ए-मुबारक, शबीहे अली असगर, शबीहे ताबूत इमाम हुसैन (अ.स) की ज़ियारत कराई जाएगी। जुलूस अपने ताये शुदा रास्ते लाइन पुरवा रफ़ी नगर होता हुआ अज़ाखाना मरहूम अली शब्बर लाइन में समाप्त होगा।

### अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस पर आयोजित हुई जागरूकता चौपाल

**जन एक्सप्रेस/रामसनेहीघाट-बाराबंकी।** अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस पर रामसनेहीघाट रेंज अंतर्गत एक जागरूकता चौपाल का आयोजन बनीकोडर में किया गया। जिसमें गिद्ध की उपलब्धियां को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही बताया गया कि गिद्ध की उपस्थिति हमारे पर्यावरण के लिए कितनी अनिवार्य और लाभदायक है। इस दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, अनुभाग अधिकारी ओपी यादव, अली मोहम्मद वन दरोगा, सदर बीट प्रभारी ऋषभ शर्मा, राजेश कुमार, एवम सभी वन कर्मी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिले के सभी दीवानी न्यायालयों में नौ सितंबर को लोक अदालत का होगा आयोजन

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सचिव/न्यायाधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेनू यादव ने बताया कि उ.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 सितंबर दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से जनपद की समस्त दीवानी न्यायालयों में किया जायेगा। जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के दिशा-निर्देशन में इस राष्ट्रीय लोकअदालत में दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक/दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों/मुकदमा, लघु एवं शमनीय आपराधिक वाद और धारा 138 एनआईएक्ट के अन्तर्गत चैक बाउन्स के मामले नियत किये जायेंगे। इनका निस्तारण परस्पर सुलह-समझौते अथवा जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर किया जायेगा। प्री-लिटिगेशन स्कीम के अन्तर्गत मोबाइल/टेलीफोन के बकाया बिल और विभिन्न बैंकों के ऐसे बकायेदारों के मामले भी नियत किये जायेंगे। जिन्होंने कई वर्षो के बाद भी बकाया बिल या बैंक ऋण जमा नहीं किया है। ऐसे बकायेदारों को इस अवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिए और इस राष्ट्रीय लोकअदालत में उपस्थित होना चाहिए। जिसका आयोजन सभी के हितों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इसमें किसी प्रकार की समस्या होने पर वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

### छत से गिरकर पत्थर घिसाई मिस्त्री की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी में छत से गिरकर पत्थर घिसाई मिस्त्री की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र में कोंच रोड़ स्थित काशीराम कॉलोनी निवासी कल्लू 23 वर्ष पत्थर घिसाई का काम करता था। बताया गया कि वह शुक्रवार की शाम को अपने मकान की छत पर अकेला था। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया, और वह सीधा छत से नीचे सड़क पर गिर गया। जिसमें उसके सिर व चेहरा में गम्भीर चोट आई। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। मौजूद लोग व परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ शुरू की। मृतक के भाई राम मोहन ने बताया कि कल्लू की पत्नी गोमती रक्षाबंधन के मौके पर अपने मायके गई हुई है, जबकि कल्लू घर में अकेला था।

### स्कॉर्पियो कार ने मोटरसाइकिल में मारी टक्कर, एक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** बाइक से अपनी बहन और भांजी को अस्पताल दिखलाने आ रहे युवक की बाइक में तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर परिजन व पुलिस पहुंची, तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। जबकि उसकी बहन और भांजी को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां पर उपचार चल रहा है। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी बृज प्रताप सिंह उम्र 26 वर्ष पुत्र राज बहादुर सिंह अपनी बहन सोनम उम्र 25 वर्ष और भांजी आयाना 4 वर्ष को बाइक पर बैठाकर बहन का इलाज करने के लिए उरई आ रहा था। जब उसकी बाइक बोहदपुरा गांव के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार इतनी तेज थी कि लगभग 200 मीटर तक उसमें बाइक भी घिसटती चली गई।

## बलरामपुर के पूर्व बीएसए की पुत्री ने की पीसीएस (जे) की परीक्षा उत्तीर्ण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेश यादव की पुत्री ममता यादव ने पहले ही प्रयास में पीसीएस जे की परीक्षा उत्तीर्ण करके नाम रोशन किया है। ममता के पीसीएस जे परीक्षा उत्तीर्ण होने पर बेसिक शिक्षा से जुड़े तमाम शिक्षको, कर्मचारियों तथा शुभचिंतकों ने



बधाई दी है। जानकारी के अनुसार रमेश यादव बलरामपुर में लगभग 2 वर्ष तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे। रमेश यादव विभाग में सरल एवं सौम्य तथा हर व्यक्ति की बातो को गंभीरता से लेने वाले सभी के लिए सुलभ अधिकारी रहे हैं। उनकी पुत्री ममता यादव ने पहले ही प्रयास में पीसीएस जे की परीक्षा उत्तीर्ण करके जिले के तमाम बेसिक शिक्षा से जुड़े शिक्षकों व कर्मचारियो तथा शुभचिंतकों को एक सौगात दी है। ममता यादव की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की शिक्षा सीबीएसई बोर्ड से देहरादून में पूरी हुई। उन्होंने वर्ष 2019 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीए तथा एलएलबी की परीक्षा उत्तीर्ण किया। ममता ने दिल्ली में रहकर पीसीएस जे परीक्षा की तैयारी कर प्रथम प्रयास में ही परीक्षा उत्तीर्ण करके अपने शुभचिंतकों में को एक सौगात दी है। ममता की सफ्लता पर बलरामपुर जिले से शिक्षक नेता ज्ञान सागर पाठक, राजकुमार मिश्रा, राकेश मिश्रा, शिवकुमार सोनी, बीएसए आफ्सि मे कर्मचारी आशुतोष मिश्रा, अजय कुमार पांडे, धर्मेंद्र मिश्रा, अवनीश उपाध्याय, नीरज मिश्रा, गिरजा शंकर शुक्ला, बृजेश द्विवेदी, अनिल कुमार मिश्रा, कृष्ण चंद्र, हेमंत पांडे व अविनाश पांडे सहित तमाम शिक्षकों तथा शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

### उतरौला में आयोजित जिला स्तरीय समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जनता की फ़रियाद निस्तारण के लिए निर्देश

# राजस्व पुलिस की टीम को मौके पर जाकर निस्तारण के लिए किया निर्देशित

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

महीने के पहले शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उतरौला में जनपद स्तरीय तहसील दिवस आयोजित हुआ। जिसमें जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने अध्यक्षता करते हुए आए हुए लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिया।
मिली जानकारी के अनुसार तहसील उतरौला में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने ने आम जनमानस की शिकायतों और समस्याओं को सुना। उन्होंने शिकायतो की जांच करते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा की छोटे-छोटे जमीनी विवादो का राजस्व एवं

**✱ छोटे-मोटे जमीनी विवादों को बेवजह लंबा ना खींचने के निर्देश**

पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर ग्राम स्तर पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। छोटे-छोटे जमीनी विवाद लंबे ना खींचे। उन्होंने कहा कि लेखपाल एवं कानूनगो कार्यप्रणाली में सुधार लाए। अपने क्षेत्र के जमीनी विवाद से जुड़े मामलों कि पूर्णतया जानकारी रखें। संपूर्ण समाधान दिवस उतरौला में कुल 40 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से चार का मौका पर ही



निस्तारण कर दिया गया,शेष प्रार्थना पत्रों का तीन दिवस के भीतर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच करते हुए निस्तारण किया जाएगा। इससे दौरान एसडीम उतरौला अवधेश कुमार, क्षेत्राधिकार उतरौला, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद्र पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### तुलसीपुर समाधान दिवस में सीडीओ ने सुनी फरियाद

तहसील तुलसीपुर में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस तुलसीपुर में कुल 32 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से चार का मौका पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष प्रार्थना पत्रों का तीन दिवस के भीतर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच करते हुए निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम तुलसीपुर अभय कुमार सिंह क्षेत्राधिकार तुलसीपुर राघवेंद्र सिंह व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस की एडीएम ने की अध्यक्षता

तहसील बलरामपुर में अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस बलरामपुर सदर में कुल 38 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौका पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष प्रार्थना पत्रों का तीन दिवस के भीतर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच करते हुए निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नशीला पदार्थ सुंघाकर नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस। रूपईडीहा, बहराइच

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय बालिका को दो युवको ने नशीले पदार्थ से भिगोई रूमाल नाक पर सुंघा दी। जिससे बालिका बेहोश हो गयी। दोनों युवकों ने उसका अपहरण कर लिया। एक सुनसान स्थान पर ले जाकर बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद वही पर छोड़ कर फरार हो गये। होश आने पर बालिका घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद करते हुए दो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना को अंजाम देने वाले युवक गांव के पास स्थित चैराहे पर स्थित एक मेडिकल स्टोर पर काम करते है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय बालिका घर में अकेली थी। उसकी माता पिता बाहर गये थे। रात के करीब 12 बजे पास के चौराहे पर स्थित एक मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले दो युवक दवा देने के बहाने उसके घर जा पहुंचे। दरवाजे पर आवाज लगायी। जब बालिका ने दरवाजा खोला तभी एक युवक ने नशीले पदार्थ से भीगी रूमाल से उसका मुंह दबा दिया। जिससे बालिका बेहोश हो गयी। दोनों युवक बालिका को अपहृत कर गांव के पास एक सुनसान स्थान पर ले गये। जहां पर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद बालिका को छोड़कर फरार हो गये। होश आने पर जब बालिका घर पहुंची तो उसने अपने रिस्तेदार को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद इसकी सूचना रूपईडीहा पुलिस को दी गयी। पुलिस उपाधीक्षक नानपारा डा. राहुल पाण्डेय भी दल बल के साथ गांव पहुंच गये। बालिका का बयान दर्ज किया है।

## शिक्षक दिवस एवं जन्माष्टमी से पूर्व इंटर हाउस डिस्प्ले बोर्ड प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को शिक्षक दिवस तथा जन्माष्टमी त्योहार की तैयारी को लेकर इंटर हाउस डिस्प्ले बोर्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
जानकारी के अनुसार 2 सितंबर को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में 'इंटर हाउस शिक्षक दिवस एवं श्री कृष्ण जनमाष्टमी डिस्पले बोर्ड प्रतियोगिता' आयोजित की गई। प्रतियोगिता विद्यालय के प्राइमरी, जूनियर एवं सीनियर ग्रुप के आजाद हाउस, गॉधी हाउस, सुभाष हाउस एवं टैगोर हाउस के मध्य विद्यालय के प्रन्बन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित की गयी। कक्षा-1 से कक्षा-12 के आजाद हाउस, गॉधी हाउस, सुभाष हाउस एवं टैगोर हाउस के बच्चों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में शिक्षको को याद करते हुए शिक्षको के ऊपर छात्र-छात्राओं ने बहुत से लेख लिखा तथा अपने हाथों से बनायें हुए बहुत अच्छी-अच्छी फेटो बनाकर उनका सम्मान करते हुए एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बारे में जानकारी रखते



हुए तथा उनके आर्दशों पर चलने के लिए छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया। प्रबंध निदेशक श्री तिवारी ने सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने प्रस्तुति कौशल का अभ्यास करने और अपने विचारों को अपने साथियों तक संप्रेषित करने का अवसर प्रदान करना है, ताकि छात्रों को सीखने का माहौल बनाने के महत्व को उजागर करने का अवसर प्रदान किया जा सके।
डिस्पले बोर्ड प्रतियोगिता' आयोजन के अवसर पर प्राइमरी ग्रुप से कक्षा-1 से कक्षा-5 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, इसमें सभी हाउस के छात्र-छात्राओं एवं हाउस मास्टर, हाउस कप्तान तथा हाउस के उप कप्तान ने मिलकर के अपने-अपने हाउस बोर्ड को बड़े ही सुन्दर ढंग से सजाया, जिसमें आजाद हाउस प्रथम, टैगोर हाउस द्वितीय, सुभाष हाउस तृतीय एवं गांधी हाउस ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। जूनियर ग्रुप कक्षा-6 'अ' प्रथम, कक्षा-6 'ब' द्वितीय, कक्षा-7 'अ' तृतीय तथा कक्षा-8 ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में सीनियर ग्रुप कक्षा-9 से 12 के भी सभी हाउस के छात्र-छात्राओं एवं हाउस मास्टर, हाउस कप्तान तथा हाउस के उप कप्तान ने मिलकर के अपने-अपने हाउस बोर्ड को बहुत उत्साह तथा सुन्दर व मनमोहक तरीके से सजाया, जिसमें आजाद हाउस प्रथम, टैगोर हाउस द्वितीय, सुभाष हाउस तृतीय एवं गांधी हाउस ने चर्तुथ स्थान प्राप्त किया। प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी ने सभी हाउस के छात्र-छात्राओं एवं हाउस मास्टर, हाउस कप्तान तथा उप कप्तान को बताया कि हमें इस प्रतियोगिता के द्वारा जो शीर्षक मिलता है उसके बारे में पूर्ण रूप से जानकारी प्राप्त करके तभी उसका हम विभिन्न प्रकार के लेखों एवं चित्रों को प्राप्त करते है तथा अपने-अपने हाउस बोर्ड की सजावट करते है। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने समस्त छात्र-छात्राओं का 'इंटर हाउस शिक्षक दिवस एवं श्री कृष्ण जनमाष्टमी डिस्पले बोर्ड प्रतियोगिता' को देखकर सारे बच्चों का उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात् उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय एवं अध्यापिका दिव्या पाण्डेय ने सभी हाउस बोर्डो का मूल्यांकन किया।

## अक़ीदतों-एहतराम के साथ मनाया गया सालाना उर्स, लंगर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** अयोध्या क्षेत्र के आईटीआई के सामने स्थित हजरत बड़ी बी साहिबा उर्फ बीवी कताना का सालाना उर्स बड़े ही अदबो-एहतेराम के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह बाद नमाजे फजर कुरान खानी व कुल शरीफ का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर तक जश्ने ईद मिलादुन्नबी आयोजित हुआ। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में पीरेतरीक़त हजरत अल्लामा मौलाना सैयद अब्दुल्ल रब उर्फ चांद बाबू साहब, हजरत मखदूम भीख मक्की शाह रहमतुल्ला ताला अलेह के साहिबे सज्जादा सैयद मोहम्मद निजामी हसन साहब, व मुफ्ती जिया उल हक साहब ने शिरकत की। उर्स के मौके पर जानकारी देते हुए मुस्लिम यतीम खान बड़ी बुआ कमेटी के कोषाध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि मंसूर अहमद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक दिवसीय उर्स मुकद्दस का आयोजन किया गया। उर्स का सम्पूर्ण आयोजन परंपरागत तरीके से संपन्न हुआ। बताते चलें कि उर्स के मौके पर लंगर का भी इंतजाम किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में शामिल होकर लोगों ने लंगर चखा। इस दौरान हाफिज मोहम्मद वकील, हाफिज मोहम्मद शमीम अख्तर, मोहम्मद निज़ाम, आसिफ, हाजी वसीम, गुलाम अहमद सिद्दीकी के अलावा बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# भव्यता एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के लिए फसाड लाइटिंग भी की जाएगी

**चौक स्थित चारों प्रवेश द्वारों की ऐतिहासिक वास्तुकला व रचनात्मकता को संरक्षित करते हुए दिया जाएगा भव्य स्वरूप**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

योगी सरकार अयोध्या को विश्व की सर्वोत्तम नगरी के रूप में विकसित करने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि चौक स्थित अयोध्या के चारों ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों के संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासन से प्राप्त हो गयी है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा चारों ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों को ऐतिहासिक निर्माण तकनीकों, वास्तुकला एवं सामग्रियों (राफ्टर्स के साथ लखौरी ईंट और चूना मोर्टार आदि) का उपयोग करते हुये संरक्षित किया जायेगा।
इनके अनूठी वास्तुशिल्पीय मूल्यों एवं रचनात्मक कलाकृतियों को संरक्षित करने के साथ ही और भव्यता एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के लिए फसाड लाइटिंग भी की जायेगी। उन्होंने बताया कि चारों ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए शासन द्वारा 1518.30 लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति




प्रदान किये जाने के साथ ही प्रथम किस्त के रूप में 300 लाख रुपये की धनराशि नियमानुसार अवमुक्त करने की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है।
शासन द्वारा 2388.87 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जिलाधिकारी ने बताया कि सरयू नदी के दायें तट पर गुप्तारघाट व राजघाट के मध्य नये पक्के घाटों एवं पूर्व निर्मित घाटों पर पुनरोद्धार के लिए भी शासन द्वारा 2388.87 लाख रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान होने के साथ ही प्रथम किश्त के रूप में 500 लाख रुपए की धनराशि नियमानुसार अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्राप्त हो गयी।
इसी प्रकार अयोध्या में सरयू नदी के नयाघाट से लक्ष्मणघाट तक पर्यटन सुविधाओं के विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य के लिए 2328.80 लाख रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गयी है तथा 500 लाख रुपये की धनराशि प्रथम किश्त के रूप में नियमानुसार अवमुक्त करने की भी स्वीकृति प्राप्त हो गयी। शासन द्वारा अयोध्या सरयू नदी पर राम की पैड़ी से राजघाट तक, राजघाट से भगवान श्रीराम मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य की भी वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। इस कार्य के लिए शासन द्वारा 2282.53 लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ ही 500 लाख रुपये की धनराशि प्रथम किस्त के रूप में नियमानुसार अवमुक्त करने की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है।

**गुप्तार घाट सौंदर्यीकरण फेज-तीन के कार्य को भी शासन से स्वीकृति**

जिलाधिकारी ने बताया कि सभी स्वीकृत कार्यों की कार्यदायी संस्था उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड नामित की गयी है। जिलाधिकारी द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि को उक्त सभी कार्यो को शीघ्र प्रारम्भ किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने बताया कि गुप्तार घाट सौंदर्यीकरण फेज-तीन के कार्य को भी शासन से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। गुप्तार घाट फेज-3 के तहत ओपेन एयर थियेटर, अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आकर्षक पार्क, आकर्षक स्कल्पचर, प्रवेश द्वार, मेडीटेशन कम योगा सेंटर, कियोस्क, टॉयलेट ब्लाक, इंटरपटेशन सेंटर, कैफेटेरिया, बच्चों के लिए खेल पार्क, सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी आदि कार्य किये जायेंगे। शासन द्वारा 1665.15 लाख रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही 350 लाख रुपये की प्रथम किश्त नियमानुसार अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल को समस्त कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## दबंग देवरों के हौसले बुलंद,गर्भवती को पीटा घर से निकाला

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

योगी सरकार में दबंग के हौसले बुलंद गर्भवती महिला को सास व देवरों ने जमकर पीटा, पिटाई से घायल महिला जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती पीड़ित महिला की मां ने घटना की तहरीर कोतवाली अयोध्या, एसएसपी व आईजी को दी है तहरीर में कहा गया है कि पुत्री संध्या का विवाह पवन कुमार निवासी बैरागपुरा खाकी अखाड़ा थाना कोतवाली अयोध्या के साथ हुई थी शादी के बाद से ही परिवार वाले दहेज को लेकर उसका उत्पीड़न करते थे पिता की मां का कहना है कि उनका दामाद इसका विरोध करता था तो उससे भी मारपीट करते थे उनका दामाद उनकी पुत्री संध्या को जानता मानता था वही संध्या 7 माह की गर्भवती होने के नाते उसने संध्या को 5 अगस्त 2023



मायके छोड़ दिया था। 6 अगस्त 2023 को पवन कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जिसकी सूचना संध्या को पड़ोसियों से मिली जिस पर वह ससुराल पहुंची तो दीपक्षीगढ़ गाली गलौज और लड़ाई झगड़ा करने लगे इसके संबंध में 21 अगस्त को स्थानीय पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया किंतु कोई कार्यवाही नहीं जिससे विपक्षी के हौसले बुलंद हैं और हमेशा फौजदारी पर उतारू रहते हैं संध्या का कहना है कि उसकी एक छोटी सी दुकान स्टेट बैंक अयोध्या के पास चल रही है जिससे पीड़िता का जीविकोपार्जन होता है संध्या दुकान पर रहती है उसका मुकदमा सिविल न्यायालय फैजाबाद में चल रहा है 31/8 /2023 को रात्रि लगभग 10:00 बजे विपक्षीगण जिसमें अंजनी, निर्मला देवी, ऋषि कुमार व उनका साला तथा दो अज्ञात एक राय होकर पुत्री संध्या को गाली गुप्ता देते हुए काफी मारा पीटा जिससे उसके पेट में गंभीर चोट लगी है जिसे तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया किंतु वहां से तुरंत जिला चिकित्सालय महिला फैजाबाद भेज दिया गया संध्या की हालत गंभीर है विपक्षीगण का कहना है कि मकान व दुकान कर छोड़ कर चली जाओ नहीं तो तुमको रहने नहीं देंगे की धमकी देते रहते हैं जिससे वह भयभीत है। पीड़िता संध्या का कहना है कि विपक्षीगण के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो और उनके खिलाफ कार्यवाही हो और उसे न्याय मिले।

## तेंदुए के हमले में महिला गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

जन एक्सप्रेस। मिहीपुरवा, बहराइच

शनिवार की सुबह घर से बाहर सफाई करने के दौरान एक महिला पर तेंदुए ने हमला कर दिया। तेंदुए ने महिला की गर्दन को अपने जबड़े में जकड़ लिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे। किसी तरह तेंदुए को खदेड़ा और महिला की जान बचाई। तेंदुए की हमला में महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी है। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर ले जाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर बहराइच रेफर कर दिया।
कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज अन्तर्गत रामपुरवा मटेही के मजरा नवीनपुरवा निवासी इन्दु देवी पत्नी राजू (40) आज सुबह घर के बाहर फैली गंदगी की साफ सफाई कर रही थी। तभी जंगल से निकल कर आये तेंदुए ने महिला की गर्दन पर हमला कर दिया।
महिला जब तक कुछ समझ पाती तेंदुए ने उसकी गर्दन को जकड़ लिया। महिला ने तेंदुए से संघर्ष किया और शोर मचाया। आसपास के ग्रामीण शोर सुनकर मौके पर पहुंच गये। लाठी डंडे से तेंदुए को जंगल की ओर खदेड़ दिया और महिला की जान बचा ली। घायल महिला का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

## उद्योग व्यापार मंडल नानपारा का चुनाव, सुहेल अध्यक्ष, नीतीश बने महामंत्री

**जन एक्सप्रेस/नानपारा, बहराइच।** उद्योग व्यापार मंडल नानपारा का चुनाव करीब 23 साल बाद संपन्न हुआ इस चुनाव में सुहेल अहमद को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया वहीं महामंत्री पद पर नीतीश कुमार अग्रवाल विजय घोषित हुए। नानपारा उद्योग व्यापार मंडल का चुनाव कई वर्षों से लंबी था करीब 23 वर्ष बाद चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई सुबह 8:00 बजे से मतदान शुरू हुआ जिसमें पंजीकृत 1313 व्यापारियों ने सहभागिता की मतदान प्रक्रिया शुरुआती दौर में काफी धीमी रही दोपहर बाद मतदान प्रक्रिया ने गति पकड़ी अध्यक्ष पद के लिए मनोज टेकरीवाल, संतोष पोरवाल, सोहेल अहमद व महामंत्री पद के लिए नीतीश अग्रवाल, आसिफ अहमद चुनाव मैदान में थे। चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने में राम स्वरूप अग्रवाल, अब्दुल रब, सत्य प्रकाश गुप्ता, नरेश चंद्र अग्रवाल, सिराज अहमद, राम प्रकाश गुप्ता, हाजी मोईन की मुख्य भूमिका रही। 1313 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में मनोज टेकरीवाल को 105, संतोष गुप्ता को 387, सोहेल अहमद को 654 मत मिले। संतोष गुप्ता को 267 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार 654 मत पाकर सोहेल अहमद ने जीत दर्ज की। जबकि महामंत्री पद पर नीतीश अग्रवाल निर्वाचित हुए।

## शराब पीने से मना किया तो पेट्रोल डालकर लगायी आग, मौत

**जन एक्सप्रेस/मिहीपुरवा, बहराइच।** कोतवाली मुर्तिहा थाना क्षेत्र के हरखापुर गांव निवासी एक युवक को परिजनों ने शराब पीने से मना किया। जिससे वह गुस्सा हो गया और बाजार जाकर पेट्रोल खरीद लाया। जिसे अपने शरीर पर डालकर आग लगा ली। गंभीर हालत में परिवार के लोग इसे इलाज के लिए सीएचसी मोतीपुर लेकर गये। हालत गंभीर देखते हुए सीएचसी के चिकित्सक ने युवक को ट्रामा सेंटर बहराइच रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर ट्रामा सेंटर पहुंचे। इलाज शुरू होते ही युवक ने दम तोड़ दिया। हरखापुर गांव निवासी अरविंद मौर्य 28 शराब पीने का आदी हो चुका था। शराब पीने के बाद व परिवार में पहुंच कर अक्सर विवाद करता था। जिससे परिवार के लोग काफी परेशान थे। अधिक मात्रा में शराब का सेवन करने की लत दूर करने के लिए परिवार के लोगों ने इसे कई बार समझाया। लेकिन वह शराब की लत छोड़ नही पा रहा था। शुक्रवार को युवक ने शराब पीने के लिए घर से कुछ रूपये की मांग की। लेकिन परिवार के लोगों ने रूपये देने से यह कहकर मना कर दिया कि शराब पीने के लिए कोई व्यवस्था नही है। इससे अरविंद नाराज हो गया और रात करीब 09 बजे पास की बाजार में पहुंच कर पेट्रोल खरीदकर लाया। घर के सामने पहुंच कर शरीर के उपर पेट्रोल डाल लिया और आग लगा लिया। परिवार के लोगों ने ग्रामीणों की मदद से आग तो बुझा ली लेकिन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिवार के लोग इलाज के लिए उसे सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर ले गये। जहां से चिकित्सक ने गंभीर हालत देखकर मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया। परिजन इसे लेकर बहराइच पहुंचे। लेकिन इलाज शुरू होते ही इसने दम तोड़ दिया।

## संजीवनी महाविद्यालय के बीएड द्वितीय वर्ष के छात्रों का दबदबा

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से सम्बद्ध संजीवनी महाविद्यालय कीर्तनपुर के संजीवनी कॉलेज आफ एजुकेशन एंड फिजिकल एजुकेशन कीर्तनपुर बहराइच के बीएड द्वितीय वर्ष का परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। इस परीक्षा में पंजीकृत सभी 207 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण हुए।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान भारत की मिट्टी को लेकर मातृभूमि के प्रति समर्पण

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

भाजपा द्वारा 8 से 13 सितम्बर के बीच मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत हर घर से मिट्टी व अक्षत एकत्रित करने का लक्ष्य पार्टी ने रखा है। अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कार्यक्रम की जानकारी देने के साथ पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गयी।
सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान भारत की मिट्टी को लेकर मातृभूमि के प्रति समपर्ण और शहीदों की वीरता को याद करने का अवसर है। इस अभियान से प्रत्येक घर को जोड़ना हमारा लक्ष्य है। गांव हो शहर हमें कलश लेकर हर परिवार से सम्पर्क स्थापित करना है। जिला प्रभारी व एमएलसी पद्मसेन चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर महानगर का संयोजक महानगर महामंत्री शैलेन्दर कोरी व जिले का संयोजक जिला महामंत्री अशोक कसौधन को बनाया गया है। नगर निगम व ब्लाक स्तर पर इस कलश को एकत्रित किया जायेगा। जिसके बाद यह जनपद मुख्यालय से प्रदेश व प्रदेश से दिल्ली के लिए रवाना कर दिया जायेगा। महानगर अध्यक्ष अभिषेक




मिश्रा ने कहा कि 8 से 13 सितम्बर तक एक प्लान्ड तरीके से हर घर में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है। शहर में लोगो से मिट्टी व अक्षत् एकत्रित करना है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव को अपने भीतर समाहित करते हुए अपनी उपस्थिति समाज में दर्ज कराता है।
अभियान को लेकर सुबह से टीमें जनसम्पर्क करना प्रारम्भ कर दें। हर परिवार से अपने घर की मिट्टी देने का अनुरोध करना है। अभियान के बारें में लोगो के विस्तार से जानकारी भी देना है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, कमलाशंकर पाण्डेय, राघवेन्द्र पाण्डेय, राधेश्याम त्यागी, अशोक कसौधन, मवई ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, गोसाईगंज चेयरमैन डा विजयलक्ष्मी जायसवाल, बालकृष्ण वैश्य, दिव्य प्रकाश तिवारी, आकाश मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एग्रीजंक्शन लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र (आरसेटी) सिद्दीकपुर में शनिवार को प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना (एग्रीजंक्शन) के तहत चयनित 58 लाभार्थियों को 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। यूबीआई क्षेत्र प्रमुख शैलेन्द्र कुमार ने प्रशिक्षित लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित करके बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार बेरोजगार कृषि स्नातकों को स्वावलंबी बनाने के लिए एग्रीजंक्शन योजना चला रही है जिससे एक ही छत के नीचे किसानों को सभी कृषि निवेश उपलब्ध होने के साथ साथ उचित परामर्श भी मिलेगा जिससे किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ ही कृषि स्नातकों को रोजगार भी मिलेगा। अग्रणी जिला प्रबन्धक शंकर चंद्र सामंत ने लाभार्थियों को योजनान्तर्गत प्राप्त होने वाले ऋण के विषय में विस्तार से जानकारी दिया। उप कृषि निदेशक हिमांशु पाण्डेय ने लाभार्थियों को उद्यम चलाने हेतु टिप्स दिया। संचालन उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने किया। अन्त में आभार ज्ञापन संस्थान के निदेशक उपेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ संकाय अभिषेक दूबे, संकाय श्रवण मौर्य सहित प्रशिक्षित 58 लाभार्थी मौजूद रहे।



### सम्मान से आगे बढ़ता है प्रतिभाओं का हुनर: रमेश

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** प्रतिभाओं के सम्मान से उनका हुनर आगे बढ़ता है और एक नई ऊर्जा के साथ और बेहतर करने के प्रति प्रेरित भी करता है। विद्यालय में पठन-पाठन के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में हुनरमंद बच्चों को तमाम कार्यक्रमों के दौरान अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका मिलता है। ऐसे बच्चों को सम्मानित किए जाने से उनका हौसला भी बढ़ता है। यह बातें क्षेत्र की रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में आजादी अमृत महोत्सव के दौरान हुई तमाम बाल प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए एनसीसी अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी ने कही। उन्होंने बच्चों को और भी बेहतर प्रदर्शन के प्रति प्रेरित किया। संगीत शिक्षिका मोहिनी श्रीवास्तव ने भी जूनियर वर्ग के प्रतिभागी बच्चों की हौसला अफ़जाई की। इस दौरान पहले क्रम में कविता, लोकगीत, नृत्य प्रतियोगिता विजेता बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतियोगिताओं के स्थान पाने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य द्वारा सोमवार को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया जाएगा।



### सपाइयों ने ज्ञापन सौंपा, चेतावनी भी दी

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** शहर की पुरानी बस्तियों में टूटी सड़कों, शुद्ध पेयजल की किल्लत,बिजली के लो वोल्टेज, स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली, नगरीय सीमा में शामिल नये इलाकों में शहरी सुविधाओं की उपलब्धता न होने जैसे तमाम मुद्दों को लेकर महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन की अगुवाई मे सपाइयों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर नारे लगाते हुए सपाइयों ने भाजपा सरकार को कोसा। महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विगत 9 अगस्त से लगातार शहर की तीनों विधानसभाओं में जन पंचायतें आयोजित की गईं।लोगो में भाजपा सरकार की नीतियों को लेकर आक्रोश है।जनता से जुडी समस्याओं को इस ज्ञापन के माध्यम से सौंपा जा रहा है। शीघ्र निस्तारण न होने पर समाजवादी पार्टी के लोग आंदोलन के लिये बाध्य होंगे। ज्ञापन को महानगर महासचिव रविंद्र यादव ने पढ़कर सुनाया। महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन में समस्याओं के शीघ्र निस्तारण किये जाने की मांग की गई है। इस मौके पर प्रमुख रूप से एमएलसी डॉ मान सिंह यादव, प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह, वजीर खां, बब्बन दुबे, हरिओम साहू, अमरनाथ सिंह मौर्य, रविन्द्र यादव, पंधारी यादव, कृष्णमूर्ति सिंह, संदीप यादव, राजेश गुप्ता, महबूब उस्मानी, इसरार अंजुम,मोईन हबीबी, मंजू यादव, इन्दु यादव, सविता कैथवास, दान बहादुर मधुर, सचिन श्रीवास्तव, दिलीप यादव, लल्लन सिंह पटेल, ओपी पाल,मो. गौस, मो. अजहर, ओपी यादव, वीरू पासी, हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, आशीष पाल, आदि मौजूद रहे।



### काशी वैश्विक गौरव सम्मान समारोह आज

**जन एक्सप्रेस/वाराणसी।** महान क्रांतिकारियों और उनके परिजनों को सैल्यूट करने का यादगार अवसर होगा काशी वैश्विक गौरव सम्मान समारोह। 3 सितम्बर को महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वीं जयंती को समर्पित यह आयोजन नदेसर स्थित होटल ताज गैंगेज के दरबार हाल में अपराह्न तीन बजे से आयोजित गया है। समारोह में देश के सच्चे नायकों को स्मरण व नमन करने के साथ ही उनके वंशजों का सम्मान किया जायेगा। यह जानकारी मुंबई निवासी अलगोल फिल्म्स के एमडी अजय जायसवाल (मूल जनपद वाराणसी), देते हुए बताया कि रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज तिवारी- सांसद, विशिष्ट अतिथि रवींद्र जायसवाल-राज्यमंत्री एवम् अशोक तिवारी- महापौर होंगे। इसके अलावा फिल्म अभिनेत्री फलक खान भी होगी।

### सर्पदंश से छात्रा की मौत

**जन एक्सप्रेस/वाराणसी।** चोलापुर थाना क्षेत्र के रामगांव निवासिनी कक्षा 03 की छात्रा को कोचिंग पढ़ने के दौरान विषधर ने डस लिया। पहले तो कोचिंग संचालक एवं साथ में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं घटना को नहीं समझ पाए लेकिन जब छात्रा अचेत होकर गिर पड़ी तो सभी के हाथ-पांव फूल गये। वहीं इलाज में देरी होने के कारण छात्रा ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की भांति शुक्रवार की शाम रामगांव निवासिनी कक्षा 03 की छात्रा पार्वती 9 वर्ष पिता अनिल पटेल एमएन कोचिंग नामक कोचिंग सेंटर में पढ़ने के लिए गयी थी। कोचिंग संचालक जमीन पर ही टाटपट्टी पर बिठा बच्चों को पढ़ाते हैं। कच्ची जमीन होने के कारण चूहे के बिल में छिपे विषधर ने निकलकर डस लिया, जिसके कारण छात्रा के पैर से खून निकलने लगा। मौके पर अध्यापक ने सोचा कि न पढ़ने के लिए बच्ची बहाने बना रही है और छात्रा का पैर धुलवा कर पुनः बैठाकर पढ़ाने लगे। थोड़ी देर बाद छात्रा अचेत होकर गिर पड़ी।आनन-फानन में कोचिंग संचालक ने परिजनों को सूचना दिया। जिस पर परिजन पार्वती को लेकर कई चिकित्सालय गये, लेकिन पार्वती की जान नहीं बच सकी। मृतक छात्रा तीन बहनों में सबसे बड़ी थी। घटना से माता राधा देवी समेत परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है।

### युवक ने फांसी का फन्दा लगाकर जीवनलीला समाप्त की

**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर।** घर से किसी काम से निकले युवक ने एक देवस्थान के समीप एक पेड पर गले मे गमछे से फन्दा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। गौरतलब हो कि दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर निवासी बृजलाल का पुत्र राजेन्द्र 27 वर्ष शुक्रवार की सुबह दस बजे घर से किसी काम से निकला था। उक्त युवक वही से गांव के पूर्व एक देवस्थान के समीप जा पहुँचा तथा वही एक पेड पर चढकर गले मे अपने गमछे से फासी का फन्दा लगाकर लटक गया। परिजनों को सूचना मिलने पर घर में कोहराम मच गया तथा घटना के बाबत मृतक के पिता बृजलाल ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी जेएल वर्मा मय फोर्स के घटना स्थल पर जा धमके तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। जबकि मृतक के पिता ने उक्त घटना के बाबत कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया है।

### 9 सितंबर को किया जाएगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** आज उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशों के अनुक्रम में जनपद पीलीभीत में 09 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए आज जितेन्द्र कुमार सिन्हा, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के विश्राम कक्ष में सायं 04 बजे से समस्त न्यायिक अधिकारीगण की एक बैठक आहूत की गई। उपरोक्त बैठक में गीता सिंह, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत तथा सुनील कुमार अपर जिला जज/पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के द्वारा बैठक में भाग लिया गया। जनपद न्यायाधीश महोदय के द्वारा सभी न्यायिक अधिकारीगण से उनके द्वारा नियत किये गये वादों से सम्बन्धित जानकारी ली गई साथ ही यह भी पूछा गया कि कितने वादों का निस्तारण लोक अदालत में किया जायेगा। लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु कार्ययोजना भी तैयार की गई। सुनील कुमार अपर जिला जज के द्वारा जिला कारागार का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से पूछने पर बताया गया कि किसी को कोई समस्या नही है।

# हाईकोर्ट ने लिपिक हीरेश को दी दस दिन की मोहलत

* आदेश ने मानने पर कार्रवाई के लिए खोले विभाग के हाथ,स्थगन आदेश देने से किया मना
* याचिका लंबित रहने का फायदा उठा रहा लिपिक

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



स्वास्थ्य विभाग में पीलीभीत से लखीमपुर खीरी स्थानांतरित हो चुके लिपिक हीरेश सरन के मामले में हाईकोर्ट ने दस दिन में लखीमपुर जाकर ज्वाइन करने का स्पष्ट आदेश दिया है, अन्यथा की स्थिति में विभाग नियमानुसार कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगा। कोर्ट के इस आदेश के बाद हडकंप मच गया है।

दरअसल, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत तैनात लिपिक हीरेश सरन सक्सेना का स्थानांतरण बीते 30 जून 2022 को पीलीभीत से लखीमपुर खीरी किया गया था। लिपिक ने अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, जबकि सीएमओ डा. आलोक कुमार ने लिपिक हीरेश को 13 जुलाई 2022 को रिलीव कर दिया था। शासन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सचिव रंजन कुमार व निदेशक (प्रशासन) डा. राजागणपति आर ने कई बार आदेश जारी कर लिपिक को लखीमपुर खीरी में ज्वाइन करने के आदेश दिए।

हाल ही में उच्च न्यायालय इलाहाबाद में लिपिक द्वारा योजित याचिका की सुनवाई करते हुए जस्टिस अजीत कुमार ने स्थानांतरण पर स्थगन आदेश देने से इंकार कर दिया, साथ ही अपने आदेश में कड़े शब्दों में टिप्पणी अंकित करते हुए कहा था कि याचिका लंबित होने का मतलब स्थानांतरण पर रोक नहीं है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद निदेशक (प्रशासन) डा.राजागणति आर ने लिपिक के नाम नोटिस जारी कर अब तक लखीमपुर खीरी में कार्यभार ग्रहण न करने के बाबत जवाब तलब किया, साथ ही सीएमओ पीलीभीत को नोटिस की तामीली कराने के आदेश दिए।

### कई बार हो चुका स्थगन, अब करें ज्वाइन

मंगलवार को उच्च न्यायालय इलाहाबाद में याचिका की सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने दलील दी कि कोई भी स्थगन आदेश न होने के बावजूद लिपिक ने स्थानांतरित जनपद में कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, और वह याचिका लंबित होने का लाभ उठा रहा है। इस पर जस्टिस अजित कुमार ने आदेश दिया कि पहले भी कई बार स्थगन आदेश हो चुका है। अब लिपिक दस दिन के भीतर स्थानांतरण आदेश के अनुसार स्थानांतरित जनपद में रिपोर्ट करें। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि आदेश न मानने पर लिपिक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विभाग स्वतंत्र है।

### कोर्ट ने कहा, खारिज करें या वापस लेंगे केस

मामले की सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट में मौजूद एक अधिवक्ता ने बताया कि सुनवाई शुरू होते ही जज ने लिपिक के अधिवक्ता से पूछा- रिट खारिज की जाए, या आप खुद वापस लेंगे। इस टिप्पणी से ही बेंच की सख्ती का अंदाजा लग गया। कोर्ट इस बार लिपिक को राहत देने के मूड में नहीं था। लिपिक के अधिवक्ता की ओर से अगली तारीख की मांग की गई, जिस पर न्यायाधीश ने शासन के पक्ष में आदेश पारित करते हुए लिपिक को दस दिन की मोहलत देते हुए कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए। साथ ही 4 अक्टूबर को सुनवाई की अगली तारीख घोषित की।

### कई मायनों में अहम कोर्ट का आदेश

स्थानांतरित लिपिक हीरेश सरन के प्रकरण में अब तक आए उच्च न्यायालय के आदेशों में से यह आदेश सबसे बेहतर माना जा रहा है। आदेश आने के बाद से लिपिक के खेमे में खलबली मच गई है। तकनीकी रूप से हाईकोर्ट के आदेश को समझाते हुए उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता मधुरंजन पांडेय ने बताया कि हाईकोर्ट ने लिपिक को बांध दिया है। हाईकोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई 4 अक्टूबर निर्धारित की है, इससे स्पष्ट है कि फिलहाल लिपिक आदेश के विरुद्ध अपील नहीं कर सकेगा। इसके अलावा लिपिक अगर हाईकोर्ट का आदेश माने बगैर 4 अक्टूबर की तारीख पर पेश होता है, तो यह अवमानना मानी जाएगी, ऐसे में कोर्ट कोई कड़ा निर्णय ले सकता है। इधर, कार्यभार ग्रहण न करने पर कार्रवाई के लिए विभाग के हाथ खोल दिए गए हैं, जिससे बर्खास्तगी तक के आदेश हो सकते हैं, क्योंकि शासन पहले ही कई बार लिपिक को चेतावनी जारी कर जवाब तलब कर चुका है, लेकिन लिपिक की ओर से कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है।

### डीएम ने तरेरी आंखें, तो भागा लिपिक

जनपद से स्थानांतरित हो चुके स्वास्थ्य विभाग के लिपिक हीरेश सरन सक्सेना को अवैध रूप से जिला होम्योपैथिक अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय में बैठाने पर जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। डीएम ने जिला होम्योपैथिक अधिकारी को फोन कर कड़ी फटकार लगाई, जिसके बाद जिला होम्योपैथिक अधिकारी के इशारे पर लिपिक हीरेश सरन कमरा व आफिस बंद करके भाग निकला। फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला मंगलवार शाम करीब 5 बजे का बताया गया है। बताते हैं कि जिला होम्योपैथिक कार्यालय की एक चाभी लिपिक के पास रहती है, जबकि नियमानुसार उसका होम्योपैथिक कार्यालय से कोई संबंध नहीं है। कई गोपनीय विभागीय पत्रावलियां लिपिक के कब्जे में हैं, जिन पर संबंधित अधिकारी द्वारा लिपिक से राय-मशवरा की आड़ में लिपिकीय कार्य कराया जाता है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर का तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

* सम्पूर्ण समाधान दिवस में 40 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये तथा मौक पर 08 का हुआ निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 40 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही 08 शिकायतों का निस्तारण किया गया। अवशेष शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढ़ंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे कि शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा शिकायत न की जा सके। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर समय पर न उपस्थित होने पर उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, सहायक निबन्धक (सहकारी समितियां), जिला पूर्ति अधिकारी का स्पष्टीकरण जारी करने तथा प्रभागीय वनाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता नलकूप, एसएचओ गजरौला एवं बरखेडा अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण व एक एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी हवलदार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, सहायक अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, पीओ डूडा, जिला पूर्ति अधिकारी व तहसीलदार सदर, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# चंदिया हजारा के बाढ़ प्रभावित परिवारों को वितरित की गई राशन किट

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

* पूरनपुर के गांव चंदिया हजारा में विधायक ने राहत सामग्री का किया वितरण
* शारदा नदी की बाढ़ और कटान से तीन गांवों के परिवारों का हुआ काफी नुकसान

**पूरनपुर।** शारदा नदी की बाढ़ और कटान से तीन गांवों के करीब 2063 परिवारों के सामने रोटी का संकट खड़ा हो गया था। प्रशासन ने सर्वे कराकर जिला स्तर पर रिपोर्ट भेजकर बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए राशन किट मांगी। शनिवार को चंदिया हजारा में राहत सामग्री का वितरण किया गया। इसका शुभारंभ विधायक बाबूराम पासवान ने किया। राशन किट दो पैकटों में हैं। एक पैकट में लाई, भुना चना, गुड़, बिस्कुट, माचिस, मोमबत्ती, नहाने का साबुन, जरीकेन, तिरपाल और दूसरे पैकट में आटा, चावल, अरहर की दाल, आलू, हल्दी, मिर्च, सब्जी मसाला, रिफाइंड और नमक शामिल है।

शारदा नदी किनारे बसे गांव चंदिया हजारा और राहुलनगर के समीप इस साल करीब दो माह तक नदी ने जमीन का कटान कर किसानों को तबाह कर दिया। कई किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन के साथ गन्ना, हल्दी, मौसमी सब्जी, धान आदि फसल नदी की भेंट चढ़ गई। दो माह में कई बार चंदिया हजारा, राहुलनगर मजदूर बस्ती और खिरकिया बरगदिया के कालोनी नंबर छह के परिवारों को बाढ़ का भी सामना करना पड़ा। इससे कई परिवारों के सामने रोटी का संकट खड़ा हो गया। तहसील प्रशासन से बाढ़ पीड़ितों को राहत दिलाने के लिए सर्वे कराई गई। इसमें तीनों गांव के करीब 2063 परिवार ऐसे चिन्हित हुए जिनके घर का राशन और अन्य घरेलू सामान बाढ़ के पानी से दूषित हो गया। वहीं 15 से अधिक परिवार ऐसे भी सामने आए जिनके घरों को क्षति पहुंची। पूरनपुर एसडीएम ने सर्वे रिपोर्ट जिला स्तर के अधिकारियों को भेजकर बाढ़ पीड़ितों के लिए राशन किट उपलब्ध कराने की मांग की। राहत सामग्री उपलब्ध होने पर शनिवार को गांव चंदिया हजारा में इसका वितरण किया गया। एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि करीब 2034 बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए राहत सामग्री मिली है। इसका वितरण कराया जा रहा है। राहत सामग्री से कोई भी बाढ़ पीड़ित परिवार वंचित नहीं रहेगा। राशन किट अलग-अलग दो पैकटों में हैं। प्रत्येक पैकेट में अलग-अलग सामग्री है। राहत सामग्री वितरण के मौके पर भाजपा के जिला मंत्री भारतेन्दु सिंह, जिला महामंत्री महादेव गाईन, सुभाष मिश्रा, बलबंत पासवान, ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू, तपन हलधर, अरविन्द, तहसीलदार हबीबुल रहमान, नायब तहशीलदार ऋषि दीक्षित, पूर्ति निरीक्षक बृजेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### भारतीय जीवन बीमा निगम से जुड़ें सभी परिवार: आस्था

**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर।** बीसलपुर के व्यापारी सुरेश चंद्र अग्रवाल की पुत्रवधू एवं पीलीभीत नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने आवास विकास कॉलोनी पीलीभीत स्थित एलआईसी कार्यालय में भारतीय जीवन बीमा निगम की 67वें स्थापना दिवस समारोह का फीता काटकर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी है जो जनहित में कई लाभकारी योजनाएं चलाकर लोगों की मदद कर रहीं है। सभी परिवारों को इससे जुड़कर लाभ लेना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने वृक्षारोपण किया। एलआईसी के अधिकारियों द्वारा डॉक्टर आस्था अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।

### डीएम ने पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

सदर तहसील में जिलाधिकारी प्रवीण लक्षकार ने 1 सितंबर से 30 सितंबर तक बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय पोषण माह की पोषण रैली को हरी झण्डी दिखा कर शुभारंभ किया।

बाल विकास विभाग द्वारा पूरे सितंबर माह को 1 सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाए जाने के निर्देश शासन स्तर से हुए हैं, जिसके क्रम में बीते दिन शनिवार को एक भव्य पोषण रैली का आयोजन सदर तहसील में सैकड़ो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से किया गया।जिसमें पोषण माह का शुभारंभ जिलाधिकारी प्रवीण लक्षकार द्वारा पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौरान सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मिलकर एक मनमोहक व सुंदर रंगोली भी बनाई। राष्ट्रीय पोषण माह पिछले 5 वर्ष से लगातार मनाया जा रहा है। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत है। पोषण अभियान के वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन एक महत्वपूर्ण चरण हैं। इस वर्ष के पोषण माह की मुख्य थीम निम्नवत निर्धारित की गई है जिसमे प्रभावी स्तनपान व संपूरक आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण मे सुधार, मेरी माटी मेरा देश, जनजातीय केन्द्रित पोषण अभिमुखंकरण से जन जागरुकता लाते हुए कुपोषण पर रोकथाम का प्रयास किया जाएगा।

## समस्याओं को लेकर आज जिला मुख्यालय पर गरजेंगे शिक्षामित्र

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** कई समस्याओं से जूझ रहे परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षामित्र आज जिला मुख्यालय पर अपनी आबाज बुलंद करेंगे। रामलीला मैदान में जिलेभर के शिक्षामित्र एकत्र होंगे। वहां से तिरंगा यात्रा निकालेंगे। इसके बाद सांसद कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देंगे। इस आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। संघ के जिलाध्यक्ष ने सभी शिक्षामित्रों से समय से रामलीला मैदान में पहुंचने की अपील है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष हरिओम पांडेय ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मांगे पूरी न होने से नाराज जिले के शिक्षामित्र आज तीन सितंबर को जनपद मुख्यालय में तिरंगा यात्रा रैली निकालेंगे। एक दिन पहले शुक्रवार को पूरनपुर के गांधी पार्क में बैठक कर ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन करने के साथ आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में ब्लाक संरक्षक रामशर्मा, ब्लाक अध्यक्ष अफजल खां, ब्लाक उपाध्यक्ष राकेश कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजीत सिंह कुशवाहा, ब्लाक महामंत्री जसपाल सिंह, संगठन मंत्री शोएब मंसूरी, संयोजक बांकेलाल, कोषाध्यक्ष जगदीश मौर्य, सचिव छोटेलाल, महासचिव राकेश कुमार, मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अनिल मंडल को दी गई है। शिक्षामित्र कई समस्याओं से घिरे हैं। उन्हें सम्मानित जीवन जीने तक का अधिकार नहीं दिया जा रहा है। सरकार आश्वासन की घुट्टी पिला रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज तीन सितंबर को जिले भर के शिक्षामित्र रामलीला मैदान पीलीभीत में इकट्ठे होंगे। वहां से तिरंगा यात्रा रैली मुख्य मार्गों से निकालते हुए संसदीय कार्यालय में सांसद वरुण गांधी को ज्ञापन देंगे।

## पड़रिया में नया बिजली उपकेंद्र बनने का रास्ता साफ

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**


**पूरनपुर ।** कढ़ेरचौरा के गांव पड़रिया में नए बिजली उपकेंद्र के निर्माण एक ग्रामीण ने चिन्हित जमीन का अपना बताकर अड़ंगा लगा दिया था। हालांकि शनिवार को उसने उपकेंद्र के निर्माण को बिजली विभाग को जमीन देने और कब्जा छोड़ने का शपथ पत्र एसडीएम को दे दिया। इससे उपकेंद्र के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। शपथ पत्र मिलने के बाद एसडीएम ने अग्रिम प्रक्रिया तेजी से शुरू कर दी है। पूरनपुर के गांव कढ़ेरचौरा में नए बिजली घर के निर्माण के लिए लोग लंबे समय से मांग करते चले आ रहे हैं। वर्ष 2020-21 में नए उपकेंद्र के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। इसे स्वीकृति मिली और जमीन का सर्वे भी किया गया। इससे लोगों को उपकेंद्र का निर्माण शुरू होने की उम्मीद जगी लेकिन प्रक्रिया सर्वे तक ही सीमित रह गई। इसकी बजह बिजली विभाग के नाम जमीन दर्ज न होना बताई गई। करीब तीन साल से बंद पड़ी उपकेंद्र के निर्माण की प्रक्रिया पांच दिन पहले फिर से शुरू हुई। कढ़ेरचौरा के गांव पड़रिया में नवीन 33/11 केवी बिजली उपकेंद्र बनाने के लिए पूरनपुर सब डिवीजन के एसडीओ प्रवीन सिंह कनौजिया, अवर अभियंता कुलदीप सिंह व लेखपाल ने प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण किया। बिजली लाइन बिछाने, किस उपकेंद्र का लोड नवीन उपकेंद्र पर डायवर्ट आदि का सर्वे कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी। इसकी भनक पर गांव पड़रिया के जगतार सिंह ने अधिशासी अभियंता से मिलकर चिन्हित जमीन को अपनी मां के नाम पट्टा होना बताकर अड़ंगा लगा दिया था। हालांकि शनिवार को जगतार सिंह ने एसडीएम को शपथ पत्र दिया। इसमें जमीन की खाता संख्या, रक्का और वाद संख्या का आदि का हवाला देते हुए बिजली उपकेंद्र बनाने के लिए जमीन को बिजली विभाग को देने और कब्जा छोड़ने की बात कही है।

# बैंक में जमा रुपये निकालने गई महिला के खाते से रुपया गायब, मचा हड़कंप

* कर्मचारियों के कार्यप्रणाली चलते सेण्ट्रल बैंक पुनः सुर्खियों में
* पूर्व में भी किसानों के करोड़ों के घोटाले में फंसा चुका है बैंक
* आज भी जांच के नाम पर किसानों के लाखों रूपए अधर में

**जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित**





**जौनपुर।** सरपतहा थाना क्षेत्र में स्थित सेण्ट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा सुईथाकला आए दिन अपने नए कारनामों के चलते सुर्खियों में रहता है। पूर्व में हुए करोड़ों के घोटाले से पूरी तरह ऊबरा नहीं था कि एक बार पुनः वर्तमान में वहां पर तैनात कैशियर पर लेन देन में उसकी कार्यप्रणाली संदिग्ध नजर आ रही है। दर्जनों खाताधारक अपने खाता में लाखों रुपए की जमा रशीद लेकर टहल रहे हैं और खाते में रुपया है ही नहीं ताज़ा मामला क्षेत्र के कम्मरपुर निवासिनी कमला देवी पत्नी बहादुर नामक सेण्ट्रल बैंक के खाताधारक से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि खाताधारक कमला देवी का बैंक मे 2254883173संख्या का खाता है। जिसमें विगत तीन मार्च को उक्त खाते में बीस हजार जमा किया गया। आवश्यकता पड़ने पर जब खाताधारक खाते से रकम निकालने गई तो कैशियर द्वारा खाते में रकम न होने की बात कही गई। तो खाताधारक के पैर के तले से जमीन खिसक गई तत्कालीन शाखा प्रबंधक आनन फानन में लीपापोती करना शुरु कर पैसा नगद दिलाने की बात कही इसी तरह हीलाहवाली करते हुए छः महीने गुजरने के बाद शुक्रवार को पीड़िता द्वारा शाखा प्रबंधक को लिखित रूप से प्रार्थना पत्र देकर रकम दिलाने की मांग की गयी है।मामले में शाखा प्रबंधक ने बताया कि मामले में कैशियर को हिदायत दे दी गई है और उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए लिखा गया है।फिलहाल उन्होंने अपने कार्यालयी आदेश में भी कैशियर की कार्यप्रणाली को संदिग्ध माना है। गौरतलब हो कि पूर्व में सन् 2014 में भी उक्त बैंक के कर्मचारियों और शाखा प्रबंधक के द्वारा करोड़ों के घोटाले से बैंक की छबि धूमिल हो चुकी है। और उसमे एक एक खुटहन थाना क्षेत्र के लालबहादुर नामक व्यक्ति की हत्या भी हो चुकी है जिसमें उस समय बैंक में तैनात आधा दर्जन अधिकारी कर्मचारी पर बिभागीय कार्रवाई समेत जेल हो चुकी है। और उस समय खाताधारको के खाते सीज है और आज भी जांच के नाम पर दर्जनों किसान अपने पैसे की वसूली का राह देख रहे हैं। बहरहाल मामले को लेकर क्षेत्र चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# प्राइवेट स्कूलों ने गेट के बाहर ही खोल रखें हैं मौत के रास्ते

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर






कल्याणपुर बिठूर रोड पर आधा दर्जन से अधिक प्राइवेट स्कूल संचालित है। इन स्कूलों के प्रबंधन तंत्र में विद्यालय से निकलने वाले वाहनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्कूल के गेट के सामने डिवाइडर को काटकर रास्ता बना रखा है। जोकि वहां से निकलने वाले अन्य मुसाफिरों के लिए मौत का रास्ता साबित होता जा रहा है। आए दिन किसी न किसी राहगीर का भयंकर एक्सीडेंट होता ही रहता है। आपको बताते चलें कल्याणपुर बिठूर रोड पर आधा दर्जन से अधिक हाई प्रोफाइल प्राइवेट स्कूल संचालित है। इन स्कूलों में कानपुर शहर के नामी-गिरामी उद्योगपतियों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। लेकिन विद्यालय प्रशासन को ना तो विद्यालय में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चों की जान की परवाह है और ना ही रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों की। तभी तो उन्होंने विद्यालय के गेट के सामने डिवाइडर को काटकर मौत का रास्ता तैयार कर दिया है जो बड़ी घटना को दावत दे रहा है। पायनियर ग्रीन सिटी के रहने वाले नीरज सोनी ने बताया कि 4 दिन पूर्व वह अपनी स्कूटी से कल्याणपुर मार्केट करने के लिये निकले थे कि तभी एक निजी स्कूल से निकली कर ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी खतरनाक थी कि उनकी स्कूटी के परखच्चे उड़ गये वहीं उन्हें भी हाथ पैर में गंभीर चोटें आई है। उन्होंने यह भी बताया कि शायद ही ऐसा कोई दिन गुजरा होगा जब विद्यालय से निकलने वाले वाहनों से टकराकर राहगीर चोटहिल ना होते हो लेकिन इसके बाद भी जिला प्रशासन की ओर से अभी तक इन मौत के रास्तों को बंद नहीं कराया गया यदि ये मौत के रास्ते बंद नहीं कराए गए तो किसी भी दिन बड़ी घटना हो सकती है।

# करंट की चपेट में आए बेटे को छुड़ाने में पिता की गयी जान

- सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव में शनिवार सुबह हुई घटना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव में करंट की चपेट में आए बेटे को छुड़ाते समय पिता झटका लगने दीवार से जा टकराया। इस घटना में बेटे की तो जान बच गयी लेकिन घायल पिता को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सफीपुर कोतवाली की परियर चौकी अंतर्गत अतहा गांव निवासी सुभाष शनिवार सुबह सबमर्सिबल पंप के तार के करंट की चपेट आकर तड़पने लगा। यह देख वहां पास ही मौजूद पिता राम सहाय (55) पुत्र स्व. चंद्रपाल ने बेटे को छुड़ाने के लिए तार पकड़ा जिसका नतीजा यह हुआ कि सुभाष छूट गया लेकिन करंट का तेज झटका लगने राम सहाय सिर के बल दीवार से टकरा गया। घटना की जानकारी परिजन आनन फानन दोनों को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां बेटे को उपचार दिया गया जबकि पिता को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। राम सहाय की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक खेती किसानी कर जीवन यापन करता था। उसकी मौत् पर पत्नी रामरानी, बेटे आशीष व सुभाष, बेटियों लक्ष्मी और सुमन समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सफीपुर कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि अतहा गांव में एक किसान की करंट की चपेट में आकर मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# नाले में पड़े बक्से में पालीथिन से लिपटा मिला अज्ञात महिला का शव

- दुर्गंध आने पर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने खुलवाया बक्सा
- गैरजनपद में हत्या कर शव को यहां ठिकाने लगाए जाने की रही चर्चा
- शिनाख्त के लिए पुलिस सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों का ले रही सहारा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के जाजनपुर गांव में नाले से उठती दुर्गंध ने लोगों को ध्यान खींचा। वहां पहुंचने पर एक बड़ा बक्सा देख लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। बक्सा खुलवाने पर उसके अंदर एक महिला का शव पालीथिन में लिपटा पड़ा मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसके कपड़े अस्त व्यस्त मिलने से उसके साथ दुष्कर्म की भी आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाते हुए मृतका की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है। बीघापुर कोवताली क्षेत्र के जाजनपुर गांव में शनिवार सुबह नाले के पास स्थित खेतों पर काम करने गए किसानों को तेज दुर्गंध महसूस हुई। दुर्गंध कहां से आ रही है इसकी तलाश करते हुए जब किसान नाले के पास पहुंचे तो वहां एक बड़ा बक्सा पड़ा देख उन्हें शंका हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बक्से को खुलवाया तो उसके अंदर करीब 40 साल की महिला का शव पालीथिन में लिपटा देखा सभी के होश उड़ गए। पुलिस ने ग्रामीणों से शव की पहचान कराने के प्रयास किए लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सोशल मीडिया के जरिए पुलिस मृतका की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। बक्से में पालीथिन से लिपटे मिले महिला के शव को लेकर ग्रामीण तरह तरह की चर्चा करते रहे। अनुमान लगाया जा रहा है कि कहीं और से हत्या के बाद शव को किसी भार वाहन के द्वारा लाया और मौका देख कर शव को नाले में धकेल दिया गया। शव की स्थिति देख यह आठ दस दिन पुराना होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस संबंध में सीओ बीघापुर माया राय ने बताया कि नाले में बक्से के अंदर से अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। शव देखने में तकरीबन 15 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। सोशल मीडिया के जरिए मृतका की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। पड़ोसी जनपदों के थानों से शिनाख्त के संबंध में संपर्क स्थापित किए जा रहे हैं। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

# खेत में पानी लगाते समय दिव्यांग नहर में डूबा, मौत

- माखी थाना क्षेत्र के महावीरखेड़ा गांव में शनिवार सुबह हुई घटना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





माखी थाना क्षेत्र के महावीरखेड़ा गांव में शनिवार सुबह धान की फसल में नहर का पानी लगाने गया दिव्यांग युवक संतुलन बिगड़ने से नहर में गिर गया जिससे डूबकर उसकी मौत हो गयी। कुछ देर बात खेतों पर गए परिजनों ने जब नहर के पानी में उसे पड़ा देखा तो होश उड़ गए। आनन फानन उसे निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित करते हुए शव मोर्चरी में रखवा दिया। अस्पताल के मेमों पर माखी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। माखी थाना क्षेत्र के महावीर खेड़ा गांव निवासी हिमांशु यादव (20) पुत्र सुनील यादव एक हाथ और पैर से दिव्यांग था। वह शनिवार सुबह नहर से अपनी धान की फसल में पानी लगाने गया था। जहां संतुलन बिगड़ने से वह नहर में गिर गया। थोड़ी देर बाद खेत पहुंचे पिता ने जब बेटे के दिखाई न देने पर उसकी खोजबीन की तो वह नहर के पानी में बेसुध पड़ा मिला। आनन फानन उसे निकाल कर निजी साधन से जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाई में बड़ा था। उसकी मौत् पर मां सीता, छोटे भाई प्रिंस समेत परिजन रो रोकर बेहाल हैं। अस्पताल के मेमो पर पहुंची माखी पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया। घटना की जानकारी पर सदर विधायक पंकज गुप्ता भी परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ट्रेन की चपेट में आकर युवती घायल, हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती गौरा कठेरवा रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिसे स्वास्थ केन्द्र लाया गया। जहां उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के सिकन्दरपुर एकघरा गांव निवासी रामकिशोर शुक्ला की 20 वर्षीय पुत्री सोहनी शुक्ला उन्नाव के एक डिग्री कालेज में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। सुबह करीब 9 बजे वह किसी काम से नवाबगंज जा रही थी। तभी जैतीपुर रेलवे स्टेशन के समीप गौरा कठेरवा रेलवे क्रासिंग पार करते समय लखनऊ की तरफ से आ रही फरक्का एक्सप्रेस की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे स्थानीय सीएचसी पहुंचाया। जहां उसकी गंभीर हालत देख उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

### निजी विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगा नगर स्थित गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी का शुभारंभ पूर्व छात्र डॉ0 अमन पाण्डेय, प्रभात दीक्षित, इं0 राकेश तिवारी ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद छात्राओं ने गणित, विज्ञान, कॉमर्स, आर्ट के अलावा अन्य विषयों पर मॉडल बनाये। जहां मुख्य अतिथियों ने बताया कि विश्व पटल पर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना लेकर ज्ञान-विज्ञान और अविष्कारों के बल पर दिन प्रतिदिन उन्नति राष्ट्र की ओर बढ़ रहा। भारत देश जहाँ चन्द्रयान-3 की सफलता के बाद आदित्य-1 के द्वारा सूर्य की तरफ बढ़ रहा है। वही इसकी नर्सरी (पौध) की झलक गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज गंगानगर में देखने को मिल रही है। इस मौके पर प्रधानाचार्य रमेश तिवारी, अजय, अमित, आशीष, अरविंद, आदित्य, प्रियंक मौजूद रहे।

### गंगा के जलस्तर में गिरावट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** शुक्रवार शाम से शनिवार शाम के बीच गंगा के जलस्तर में एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गिरावट दर्ज की गई। इसके बावजूद नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भरा होने से लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। जलस्तर घटने के कारण तमाम मोहल्लों से धीरे-धीरे पानी निकलने लगा है। वहीं खाली प्लाटों और कच्ची गलियों में बाढ़ का पानी भरा होने से लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। वहीं गंदगी का अंबार होने से क्षेत्र में संक्रामक बीमारियां भी फैल रही हैं। इसके साथ ही वॉयरल बुखार ने भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पैर पसार दिये हैं। जिससे अधिकांश लोग बुखार, सर्दी, जुकाम, खासी की चपेट में आ गये हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन क्षेत्रों में दवाइयां को वितरण नहीं कराया गया और न ही पालिका की ओर से एंटी लार्वा और फागिंग कराई गई।

### पंप हाउस की मोटर खराब, जनता उठा रही परेशानी

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट क्षेत्र के पोनी गांव और जालिमखेड़ा के पंप हाउस से दर्जनों गांवों की जलापूर्ति होती है। पंप हाउस की मोटर पिछले दस दिनों से खराब है। जिस पर गांव में रहने वाले लोग दूर दराज से पानी लाते हैं। यहां तक सैकड़ों ग्रामीण साइकिल और मोटरसाइकिल से बदरका से पानी जाने को मजबूर है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जल विभाग को इसकी जानकारी दी। इसके बावजूद विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिस कारण धनईयां, पोनी, निहालखेड़ा, मझरा पीपरखेड़ा, कटहा, दलनारायणपुर, हैवतपूर, नयाखेड़ा, घोंघी, महदिनवा, रौतापुर, भिटवा, पहाड़ापुर, मेडिया खेड़ा समेत करीव डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में जलापूर्ति बंद पड़ी है। जिससे लोगों को भीषण गर्मी में शुद्ध पानी के लिये परेशान होना पड़ा रहा है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुये शनिवार को पंचायत सदस्य अनूप कुमार ने पानी का टंकी मंगवाई। जहां पानी भरने के लिये कई गांव के ग्रामीण पहुंचे।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवती घायल

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव/ सोहरामऊ।** लखनऊ कानपुर रेलमार्ग के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के एकघरा गाँव निवासी युवती सोहनी(29) शनिवार को बंद क्रासिंग से निकलने के दौरान एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद नवाबगंज सीएचसी लाया गया जहा डाक्टर ने प्रथिमिकी उपचार के बाद रिफर कर दिया सोहनी अपने भाई अर्पित के साथ बाइक में बैठकर नवाबगंज स्थित मंदिर दर्शन के लिए जा रही थी। इस दौरान भाई बाइक को बंद क्रासिंग के साइड से निकाल ले गया। वही सोहनी लाइन पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ कर घायल हो गई। सर पर गम्भीर चोट की वजह से युवती की हालत मरणासन्न है। एसआई अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में है।जिसका केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है।

# एक्सप्रेस वे की सर्विस लेन पर सांड से टकराई बाइक, महिला की मौत

- साथ रहा पति और दामाद घायल, लखनऊ में चल रहा उपचार

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर हसनगंज कोतवाली अंतर्गत सर्विस लेन पर बीती रात एक बाइक सांड से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गयी जबकि घायल पति और दामाद का लखनऊ के ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के पिछवाड़ा गांव के रहने वाले राकेश शुक्रवार को अपनी पत्नी रामदेवी (48) व दामाद के साथ दवा लेने लखनऊ गया था। देर रात वापस घर लौटते समय एक्सप्रेस वे की मटरिया सर्विस लेन पर उसकी बाइक से एक सांड टकरा गया। हादसे में बाइक सवार तीनों घायल हो गए। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजन सभी को उपचार के लिए लखनऊ के ट्रामा सेंटर ले गए। जहां रामदेवी की शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी जानकारी से परिजन रो-रोकर बेहाल है। मृतका के दो बेटे सुनील, राम प्रताप, बेटियों कलावती व मधु सभी विवाहित हैं। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि आवारा सांड की टक्कर से बाइक सवार महिला की इलाज के दौरान मौत हुई है। दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है।

# संदिग्ध हालातों में युवक का फंदे से लटका मिला शव

- परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर काटा हंगामा
- एसडीएम के आश्वासन माने परिजन, तीन घंटे बाद खुला जाम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



बारा सगवर थाना क्षेत्र के इंदेमऊ संपर्क मार्ग पर उमाखेड़ा गांव के पास एक युवक का शव संदिग्ध हालातों में पेड़ से बंधे फंदे से लटका देख ग्रामीणों में सनसनी मच गयी। ग्रामीणों के जरिए यह जानकारी परिजनों तक पहुंची तो कोहराम मच गया। घर वालों ने गांव के ही लोगों पर झगड़े के चलते हत्या कर शव फंदे से लटकाए जाने का आरोप लगाया। आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंचे एसडीएम ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इस दौरान तकरीबन तीन घंटे तक इंदामऊ संपर्क मार्ग जाम रहा। बाद इसके पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बारा सगवर थाना क्षेत्र के बरदहा गांव निवासी अरूण (45) पुत्र श्रीराम उर्फ लोटन लोधी का शव शनिवार सुबह गांव के बाहर खेत में पेड़ पर रस्सी के फंदे पर शव लटका देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। घर वालों का आरोप है कि रक्षाबंधन के दिन गांव के रामचंद्र से खेत में मवेशी जाने से लड़ाई हुई थी। जिस पर उसने जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि रामचंद्र और उसके घर वालों ने मारने के बाद शव को फंदे पर लटका कर फांसी का रूप दिया है। परिजनों का कहना था कि घटना वाले दिन ही पुलिस को जानकारी दी गयी थी। यदि पुलिस कार्रवाई करती शायद यह घटना न होती। आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए इंदामऊ मार्ग जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। इसकी जानकारी बारासगवर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी। जाम की सूचना पर पहुंचे एसडीएम ने परिजनों को कड़ी कार्रवाई का आश्वसन देकर शांत कराया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान तकरीबन तीन घंटे तक हंगामा चलता रहा। एसओ बृजमोहन सैनी ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत थीम साथ शुरू हुआ पोषण माह

- 30 सितंबर तक चलने वाले माह में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




बीती वर्षों की भांति इस बार से 1 से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। शुक्रवार से जिले माह का शुभारंभ हो गया। इस बार यह माह सुपोषित भारता, साक्षर भारत, सशक्त भारत की थीम पर मनाया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश मिश्रा ने बताया कि इस साल पोषण माह के तहत जीवन की मुख्य अवस्थाओं को केंद्रित करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनमें गर्भावस्था, शैशवावस्था, बाल्यावस्था और किशोरावस्था पर आधारित गतिविधियां की जाएंगी। पोषण माह के दौरान छह माह तक केवल स्तनपान, ऊपरी आहार, मेरी माटी मेरा देश, स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, टेस्ट ट्रीट, टॉक एनीमिया पर गतिविधियां आयोजित होंगी। इसके साथ ही जनजातियों पर फोकस करते हुये पोषण पर संवेदीकरण किया जाएगा। इसके अलावा मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण स्तर सुधार करने का प्रयास किया जाएगा। माह में आयोजित होने वाली गतिविधियों में बाल विकास सेवा एवं पुष्ठहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, शहरी विकास विभाग, महिला विकास विभाग सहित अन्य विभागों का भी सहयोग लिया जाएगा। अभियान के दौरान मोटे अनाज यानि श्री अन्न पर भी फोकस किया जाएगा। श्री अन्न के सेवन की जागरूकता को लेकर विद्यालयों में क्विज, निबंध, मेलों और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य के लिए पारंपरिक एवं क्षेत्रीय पौष्टिक आहार की भूमिका को लेकर वेबिनार का आयोजन किया जाएगा।

# ग्राम प्रधान पर लगा हैंडपंप व नाली निर्माण कार्य कराने में भ्रष्टाचार का आरोप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** ब्लाक सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र शंकरपुर सराय गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान सर्वेश लोधी पर हैंडपंप व नाली निर्माण कार्य पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। जिसकी जांच ब्लाक स्तर पर एडीओ पंचायत विनोद वर्मा ने किया था और जांच में प्रधान को क्लीन चिट दे दी गई हैं। जिससे ग्रामीणों में रोष था। जब ग्रामीणों को न्याय नहीं मिला तो शिकायतकर्ता भूप शंकर एवं अन्य ग्रामीणों ने 9 जून 2023 को हलफनामा सहित जिलाधिकारी उन्नाव अपूर्व दुबे से न्याय की गुहार लगाई थी। जिस पर एक कमेटी बनाकर जांच का आदेश 17 जून को दिया गया था। काफी समय बीतने के बाद भी जब जांच अधिकारी जांच करने नहीं आए तो शिकायत कर्ता ने 21 अगस्त को उच्च न्यायालय से न्याय की गुहार लगाई। जिस पर आनन फानन में 25 अगस्त को शिकायत कर्ता को पत्र जारी कर एक सितम्बर को 12.30 बजे जांच का आश्वासन दिया गया। जांच अधिकारियों के समय से न पहुंचने से शिकायतकर्ताओं ने नाराजगी व्यक्त की। जांच अधिकारी जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा एवम सहयोगी जूनियर इंजीनियर आर ई डी विकास खण्ड बिछिया जांच करने समय से न पहुंच कर शाम लगभग 4.30 बजे पहुंचकर जांच शुरू किया। वहीं शिकायतकर्ताओं व प्रधान के सहयोगियों से नोकझोक भी हुई। वहीं जांच के सवालों के जवाब ग्राम प्रधान सर्वेश लोधी नही दे पाए।

# सर्पदंश पीड़ित वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव सादखेड़ा में घर के अंदर सो रहे वृद्ध को गुरुवार देर रात विषैले कीड़े ने काट लिया था। वृद्ध की गम्भीर हालत देखते हुए डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।शनिवार को वृद्ध की हैलेट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत झूलूमऊ के मजरा गांव सादखेड़ा निवासी लगभग 70 वर्षीय जगदीश पाल पुत्र परभू पाल को गुरुवार की रात घर के अंदर चारपाई पर सोते समय हाँथ में जहरीले कीड़े ने काट लिया था। शुक्रवार को फतेहपुर चौरासी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध की हालत में खास सुधार न होता देख चिकित्सक ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। परिजनों के अनुसार जिला अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ न मिलने पर जगदीश को कानपुर हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया गया था। शनिवार को हैलेट अस्पताल में उपचार के दौरान जगदीश की मौत हो गई। जगदीश की मौत की खबर गांव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। समाचार लिखे जाने तक जगदीश का शव गांव नहीं पहुंचा था।

# फिजियोथेरेपी की न्यूरोडायनेमिक टेक्नीक पर आधारित कार्यशाला का सुभारंभ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस में शनिवार को छः दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. दिग्विजय शर्मा ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस कार्यशाला का पहला चरण 02 सितम्बर से 03 सितम्बर तक चलेगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद फैकल्टी किंग जॉर्ज मेडिकल कालेज, लखनऊ के डॉ. विवेक गुप्ता ने बताया कि यह कार्यशाला फिजियोथेरेपी की न्यूरोडायनेमिक टेक्नीक पर आधारित है। इसको करने के बाद न्यूरोलॉजिकल केसेस के उपचार में मदद मिलेगी जिससे जनसामान्य को लाभ होगा । उन्होंने कहा कि इस तकनीक को सीखने के बाद हम बहुत से मरीजों का उपचार बहुत ही जल्दी सही तरीके से कर सकते हैं। संस्थान के निर्देशक ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए और भी ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन करने का आश्वासन दिया। इस कार्यशाला में मंच का संचालन संस्थान की शिक्षिका डॉ.नेहा शुक्ला (पी.टी.) ने किया। जिसमें लगभग 70 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# नशा मुक्ति का महा अभियान चलाने वाले केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के घर में पलते रहे जुआरी, शराबी और हत्यारे?

## पुलिस की जांच में खुलासा, मंत्री के घर में पहले पी शराब फिर जुए में हारे 12000 रुपए और हो गई हत्या

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय

लखनऊ। राष्ट्रीय स्तर पर नशामुक्ति का महा अभियान चलाने वाले केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर अपने घर को भी नशामुक्त करने में असफल रहे। केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर जोकि उत्तर प्रदेश के मोहनलालगंज लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद हैं। नशामुक्त अभियान कौशल का के नाम पर करोड़ों रुपए बहाने वाले केंद्रीय राज्यमंत्री के घर में शराब पीकर जुआ खेलना और जुए में पैसे हारने के बाद हाथापाई में की गई हत्या महज एक हत्या नहीं बल्कि मंत्री कौशल किशोर के नशामुक्त अभियान की ढोल में पोल को दर्शाता हुआ आइना है। फिलहाल राजधानी में कानून व्यवस्था अखबारों की सुर्खियों तक सीमित रह गई है। अपराधी अपराध करने में बिलकुल भी संकोच नहीं कर रहे। पुलिस का राजनैतिक दबाव में काम करने का रवैया आम होता जा रहा है, जिससे आम जनमानस का खाकी से भरोसा उठता जा रहा है। प्रदेश की राजधानी में आए दिन जघन्य अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। सत्ता की हनक में अपराधी बेखौफ होते जा रहे हैं। अपराध करने के बाद सत्ता के गलियारे में पहुंचने का चलन बनता जा रहा है।



### हत्या में केंद्रीय राज्य मंत्री के बेटे विकास किशोर 'आशू' की 32 बोर लाइसेंसी पिस्टल का हुआ इस्तेमाल

हत्या की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा हत्या में प्रयुक्त मंत्री के बेटे विकास किशोर की लाइसेंसी पिस्टल बरामद कर ली गई। डीसीपी पश्चिम द्वारा जानकारी साझा करते हुए यह बताया गया कि आर्म्स एक्ट के तहत ठाकुर गंज थाने में मुकदमा पंजीकृत कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही लखनऊ पुलिस द्वारा की जा रही है।

### बड़ा सवाल!

- जब मंत्री का बेटा दिल्ली में तो पिस्टल कैसे लगी दोस्तों के हाथ?
- विनय श्रीवास्तव की हत्या एक हादसा या सोची समझी साजिश?
- आखिर '**नशा मुक्त भारत अभियान कौशल का**' के नाम पर खर्च हो रहे पैसों का क्या हुआ असर?



### बेटे की पिस्टल से हत्या होने के सवाल पर मंत्री ने दिया जांच का हवाला

मृतक विनय श्रीवास्तव के भाई विकास श्रीवास्तव का आरोप है कि सोची समझी साजिश के तहत भाई की हत्या की गई। विकास किशोर भी साजिश में शामिल हो सकते हैं, क्योंकि उन्हें पिस्टल सुरक्षित रखनी चाहिए थी। वहीं मंत्री कौशल किशोर ने घटना पर बात करते हुए कहा कि वारदात के समय बेटा विकास किशोर उर्फ आशू घर पर नहीं था। वह अपनी बीमार मां को देखने के लिए दिल्ली गया हुआ था। विकास की पिस्टल से हत्या होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है। जो दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### हत्या में नामजद तीन अभियुक्त को लखनऊ पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ पुलिस द्वारा जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि विकास घटना के वक्त नहीं था। फ्लाइट से जाने के चलते विकास किशोर अपनी पिस्टल घर में छोड़ गया था। विकास के घटनास्थल पर न होने की पुष्टि भी हुई। पुलिस की चार टीमें घटना के अनावरण के लिए लगाई गई थी। पुलिस ने अंकित, अजय और शमीम को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

### नशा मुक्त अभियान चलाने वाले मंत्री के बड़े बेटे की मौत का कारण भी शराब



तीन साल पहले 19 अक्टूबर, 2020 में शराब का लती होने के कारण मंत्री कौशल किशोर के एक बेटे आकाश किशोर उर्फ जेबी का लिवर फेल हो गया था। इलाज के बाद भी आकाश को बचाया नहीं जा सका। आकाश को नशामुक्ति केंद्र भी भेजा गया था, लेकिन हालात बिगड़ते ही गए। बेटे की मौत के बाद से कौशल किशोर लगातार 'हिंदुस्तानियों नशा छोड़ों' मुहिम चला रहे हैं। कौशल किशोर अपील भी कर चुके हैं कि वह अपने बेटे को नशेबाजों के चंगुल से नहीं बचा पाए और उसकी जान चली गई।

# शराब घोटाले में 2100 करोड़ केवल टिप: शाह

## अमित शाह ने कहा, जेल बंद लोग इनके नाम उजागर न कर दें, इन्हें इसकी चिंता



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रायपुर

रायपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया है। शाह ने 21 सौ करोड़ के शराब घोटाले को केवल टिप बताया है। उनके मुताबिक भ्रष्टाचार इससे ज्यादा का किया गया है। दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शाह के साथ भाजपा के कई दिग्गज मौजूद रहे। बीजेपी ने इस आरोप पत्र की घोषणा 9 जुलाई को की थी। आरोप पत्र को संयोजक अजय चंद्राकर, सह संयोजक ओपी चौधरी और प्रेम प्रकाश पाण्डेय के अलावा समिति के सदस्यों की ओर से बनाया गया था।आरोप पत्र में भ्रष्टाचार और वादा खिलाफी के साथ ही सरकार की विफलताओं के मुद्दों पर फोकस किया है। इन सबसे जुड़े विषयों को आरोप पत्र में शामिल किया गया है।

### शाह के भाषण की बड़ी बातें

- 18 के बाद आई सरकार ने पीएम का साथ देने के बजाय लूट-खसोट पर फोकस किया।
- 2019 में हमने 11 में से 9 सीटें जीती। 24 में हम 11 की 11 सीटें जीतेंगे।
- दिल्ली दरबार में एटीएम बनाकर छत्तीसगढ़ को विकास की राह से भटका दिया है।
- छत्तीसगढ़ में घोटालों और वादाखिलाफी की सरकार चल रही है।
- अगला चुनाव सीएम या दल बदलने के लिए नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ का भाग्य लिखने वाला चुनाव है।
- लोग तय करें कि धर्मांतरण करवाने वाली सरकार चाहिए या आदिवासी संस्कृति को जीवित करने वाली सरकार।
- पिछड़ा वर्ग का आधार चाहिए या इनके नाम पर हजारों करोड़ों का घोटाला।
- छत्तीसगढ़ के बेरोजगारों को नौकरी चाहिए या दुबई में सट्टे का काम।
- छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार और घोटालों से सिर्फ भाजपा बचा सकती है।
- पूरे प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है।
- हमने गरीब की झोपड़ी तक राशन पहुंचाने का काम किया।
- कोरोना में हमने 5 किलो अतिरिक्त चावल भेजा।? इस सरकार ने उसमें भी घोटाला कर दिया।
- आपने अगर गलती करी है तो एजेंसी आपके पास आएगी। गलत नहीं किया तो क्यों डरते हो?
- लैपटॉप, मोबाइल देने की योजना हमने शुरू की। आपने इसमें भी घोटाला किया
- विधायकों को लूट की खुली छूट दे दी गई है।
- भ्रष्टाचार इकट्ठा करने वाले छत्तीसगढ़ में कलेक्टर हैं।
- सीएम चाटुकारिता में व्यस्त, जनता से किए वादे भूल गए
- तेंदू पत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका, साड़ी वितरण की योजना बंद कर दी। संग्रहण में कभी आई। योजना क्यों बंद की?
- 16 लाख गरीबों के मकान बनाने की पीएम आवास योजना बंद क्यों की?

### आरोप पत्र का पहला पेज

इसमें एक कार्टून बना है, जिसे वर्दी के साथ दर्शाया गया है। इस वर्दी में मैडल लगे हैं, जिसमें ढेबर, भाटिया, कोषाध्यक्ष, समीर, शुक्ला, टुटेजा, हुसैन और माहेश्वरी लिखा हुआ है। उनके सिर पर एक टोकरी है, जिस पर ढांढ लिखा हुआ है।

### बीजेपी नेताओं ने कही ये बात

- गली-सड़कों से आज एक ही आवाज, ए दारी भ्रष्ट सरकार ल बदलबो। जन घोषणा पत्र के सारे वादे झूठे। प्रदेश में लूट के साथ अपराध भी बेलगाम हो गए हैं। 600 करोड़ चावल, 500 करोड़ कोयला और 2000 करोड़ का शराब घोटाला किया गया। जुआ-सट्टा को संरक्षण देने? वाली सरकार को उखाड़ फेकेंगे। रमन सिंह
- पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने आरोप पत्र एक छोटा सा दस्तावेज है। कांग्रेस एक ऐसी सरकार है जो स्वयं का राजस्व को चोरी करती है। इस सरकार ने कोरोना में 1 रुपये भी खर्च नहीं किया। ये पहली सरकार है जो माफिया को संरक्षण देती है। टारगेट किलिंग करवाती है। अजय चंद्राकर

### छत्तीसगढ़ को बदनाम करने की साजिश- कांग्रेस

- भाजपा के आरोप पत्र आते ही कांग्रेस ने जवाबी पलटवार किया है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जो भाजपा खुद 1 लाख करोड़ रुपए की कमीशनखोरी से जुड़ी है, वो गलत आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का आरोप पत्र छत्तीसगढ़ को बदनाम करने की साजिश है।
- उन्होंने कहा कि भाजपा के पास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चेहरे के आगे कोई चेहरा नहीं है। सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के आगे कोई मुद्दा नहीं है। भूपेश सरकार में प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल है।
- प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता आर.पी.सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी, वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा, प्रवक्ता वंदना राजपूत, अजय गंगवानी, आयुष पांडेय, सलाम रिजवी, मोहन लाल निषाद, सत्यप्रकाश सिंह, ऋषभ चंद्राकर उपस्थित थे।

### भाजपा के आरोप पत्र के जवाब में ये कहा कांग्रेस ने

- आरोप पत्र में छत्तीसगढ़ी का इस्तेमाल है। भाजपा ने खुद छत्तीसगढ़ की संस्कृति को दबाए रखा। भूपेश सरकार ने उन्हें छत्तीसगढ़ी के इस्तेमाल पर मजबूर किया।
- जिन अमित शाह के ऊपर 1.45 लाख की कमीशनखोरी का आरोप है, वे कांग्रेस सरकार पर झूठा आरोप लगा रहे हैं।
- भाजपा के आरोप पत्र में जो कार्टून है, उसी से साबित है कि ईडी को इसी कारण भेजा गया।
- 200 से अधिक झूठी कार्रवाही कराई, लेकिन एक भी ठोस आरोप नहीं लगा पाए।
- जिस अजीत पवार को 70 हजार करोड़ के सिंचाई घोटाले, सहकारी घोटाले का प्रमुख आरोपी बनाया गया, भाजपा के सहयोगी बनते ही ईडी ने चार्जशीट से नाम हटा दिया।
- अडानी के शेल कंपनी में लगे 20 लाख करोड़ रू. किसके हैं, इसकी जांच क्यों नहीं की जा रही है?
- भाजपा का आरोप पत्र में 15 साल की भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की यादें हैं।

- पूर्ण शराबबंदी का वादा कर 2100 करोड़ का घोटाला कर दिया। 2100 करोड़ रुपए टीप है। घोटाला इससे कहीं बड़ा है। कभी भी किसी घोटाले में वास्तविक रकम पकड़ में नहीं आती।?
- सरकारी नौकरियों की नीलामी कर सरकार ने बेरोजगारों को छला।
- जो लोग जेल में बंद हैं, वो लोग इनके नाम उजागर न कर दें इसलिए इन्हें नींद नहीं आती।

### जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल 11 सितंबर तक ईडी की हिरासत में

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को बैंक धोखाधड़ी मामले में कोर्ट ने 11 सितंबर तक ईडी की हिरासत में भेजा है। वे अब 14 दिन तक ईडी की हिरासत में रहेंगे। केनरा बैंक से 538 करोड़ रुपये की कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने शुक्रवार देर रात गोयल को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद आज 74 वर्षीय गोयल को शनिवार को मुंबई में विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया था। जहां ईडी उनकी हिरासत की मांग की। जेट एयरवेज, नरेश गोयल, उनकी पत्नी अनीता गोयल और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला केनरा बैंक से 538 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने केनरा बैंक की शिकायत पर गोयल दंपती और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। ईडी ने मामले की जांच सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी। सीबीआई ने बैंक धोखाधड़ी मामले में गोयल, उनकी पत्नी अनिता और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों को आरोपी बनाया है। बैंक ने सीबीआई को शिकायत की थी कि उसने जेट एयरवेज लिमिटेड (जेएएल) को 848.86 करोड़ रुपये का कर्ज दिया था, जिसमें से 538.62 करोड़ रुपये अब भी बकाया हैं। इस खाते को 29 जुलाई, 2021 को फ्रॉड घोषित कर दिया गया था। बैंक का आरोप था कि कंपनी की फोरेंसिक ऑडिट से पता चला कि गोयल ने अपनी अन्य कंपनियों को 1410.41 करोड़ रुपये कमीशन के रूप में भुगतान किया और जेट का पैसा बाहर भेजा।

# बालासोर रेल हादसा, सीबीआई चार्जशीट में 3 अफसरों के नाम, गैर-इरादतन हत्या और सबूत मिटाने के आरोप



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ओडिशा के बालासोर में 2 जून को हुए रेल हादसे में सीबीआई की चार्जशीट में तीन रेलवे अफसरों के नाम हैं। तीनों पर गैर-इरादतन हत्या और सबूत मिटाने के आरोप हैं। इनमें सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्नीशियन पप्पू कुमार शामिल हैं। 7 जुलाई को सीबीआई ने तीनों आरोपियों को अरेस्ट किया था। 11 जुलाई को कोर्ट ने इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। रेल हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और 1200 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### तीनों आरोपी जानते थे कि उनकी लापरवाही से हादसा हो सकता है: सीबीआई

सीबीआई ने जुलाई में कहा था कि इन तीनों की लापरवाही के कारण ही हादसा हुआ था। जांच एजेंसी ने यह भी दावा किया था कि तीनों आरोपी जानते थे कि उनकी लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है। दुर्घटना की जांच कर रहे रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने जुलाई के शुरुआती हफ्ते में हादसे के लिए सिग्नलिंग विभाग के कर्मचारियों की मानवीय भूल को जिम्मेदार ठहराया था।

### 'बालासोर हादसे की वजह बिना अप्रूवल पटरी रिपेयरिंग'

सीबीआई ने भुवनेश्वर की स्पेशल कोर्ट में 24 अगस्त को अपनी रिपोर्ट पेश की। इसमें जांच एजेंसी ने बताया कि पटरी पर बिना अप्रूवल हो रहे मरम्मत कार्य की वजह से ट्रेन हादसा हुआ था। इससे पहले बहनागा बाजार स्टेशन के लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 94 पर बिना मंजूरी के मरम्मत का काम किया गया था। सीबीआई ने कहा कि सीनियर डिविजनल सिग्नल और टेलिकॉम इंजीनियर की मंजूरी के बिना ही वहां रिपेयरिंग वर्क हुआ था। इसके लिए सर्किट डायग्राम भी पास नहीं कराया गया था।


# एक देश एक चुनाव पर सरकार ने गठित की आठ सदस्यीय कमेटी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

'एक देश-एक चुनाव' पर केंद्र सरकार ने आठ सदस्यीय समिति का गठन कर दिया है। कानून मंत्रालय ने इसे लेकर एक अधिसूचना भी जारी की है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय हित में देश में एक साथ चुनाव कराना वांछनीय है। ऐसे में भारत सरकार एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे की जांच करने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन कर सकती है।

### आठ सदस्यीय समिति में कौन-कौन शामिल

कानून मंत्रालय के मुताबिक, इस समिति का नेतृत्व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे। समिति में गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता अहीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी शामिल हैं।



### विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में भाग लेंगे मेघवाल

एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उच्च स्तरीय समिति की बैठकों में भाग लेंगे। समिति का गठन पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को समिति के गठन की जानकारी दी थी।

### 'संसद के विशेष सत्र में करूंगा एजेंडे पर चर्चा'

उन्होंने कहा, अभी एक समिति का गठन किया गया है। समिति की एक रिपोर्ट सामने आएगी जिस पर चर्चा की जाएगी। संसद परिपक्व है, और चर्चा होगी, घबराने की कोई जरूरत नहीं है। भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, यहां हमेशा विकास होता है। मैं संसद के विशेष सत्र के एजेंडे पर चर्चा करूंगा।

## आईआईटी दिल्ली में बीटेक स्टूडेंट ने आत्महत्या की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में 21 साल के बीटेक स्टूडेंट ने आत्महत्या कर ली। शुक्रवार, 1 सितंबर की शाम को स्टूडेंट का शव हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, स्टूडेंट की पहचान अनिल कुमार (21) के रूप में की गई है। वह आईआईटी दिल्ली में मैथमेटिक्स और कंप्यूटिंग साइंस के 2019-2023 बैच का स्टूडेंट था। अनिल आईआईटी दिल्ली के विंध्यांचल हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। जून में अनिल का कोर्स खत्म हो गया था। हालांकि, कुछ सब्जेक्ट्स में पास न होने के कारण उसे छह महीने के एक्सटेंशन पर रखा गया था। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे की है। उन्हें फोन पर घटना की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो स्टूडेंट का कमरा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर पुलिस अंदर दाखिल हुई और स्टूडेंट को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# राजस्थान में गांव वालों के सामने पत्नी को निर्वस्त्र घुमाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। प्रतापगढ़

राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के धरियावद में एक महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति ने ही गांव वालों के सामने महिला को 1 किमी तक दौड़ाया। घटना 31 अगस्त की है। शुक्रवार को वीडियो वायरल होने के बाद मामले का खुलासा हुआ। उधर, धरियावद (प्रतापगढ़) गेस्ट हाउस में सीएम अशोक गहलोत ने पीड़िता से करीब 20 मिनट तक बातचीत की। इस दौरान पीड़िता के माता-पिता भी साथ थे। सीएम ने पीड़िता को सरकारी नौकरी और 10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। एसपी अमित कुमार ने बताया कि महिला की शादी डेढ़ साल पहले ही इस गांव के युवक के साथ हुई थी। इस घटना पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सभ्य समाज में इस तरह के अपराधियों की कोई जगह नहीं है।महिला ने देर रात पुलिस में शिकायत की। इसके बाद एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें 10 लोगों के नाम हैं। पुलिस ने अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस घटना की निंदा की है। जांच के लिए कमेटी गठित की है। आयोग ने राजस्थान के डीजीपी से मामले में फौरन एक्शन लेने को कहा और पांच दिन के अंदर इस मामले में रिपोर्ट देने को कहा है। आरोपियों को शुक्रवार रात ही यह खबर लग गई थी कि पुलिस गिरफ्तार करने आ रही है। इसके बाद इन्होंने जंगल की तरफ भागने की कोशिश की। इससे इनके पैरों में चोटें आईं। हालांकि, पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर लिया। इनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छह टीमें गठित की गई हैं। जानकारी के अनुसार, शादी के छह महीने बाद महिला पड़ोस के गांव ऊपला कोटा के एक युवक के साथ चली गई थी। महिला साल भर बाद 30 अगस्त को जब युवक के साथ वापस लौटी, तो उसके ससुराल वाले उसे जबरन अपने गांव पहाड़ा ले आए। इसके बाद पति ने गांव वालों के सामने ही उसके कपड़े उतारे और निर्वस्त्र कर घुमाया। जो वीडियो वायरल हुआ।

### बीजेपी आरोपियों की मदद कर रही

उधर, सीएम गहलोत दोपहर 1.15 बजे धरियावद (प्रतापगढ़) में बने हेलीपैड पहुंचे। इसके बाद वे सड़क मार्ग से 8 किलोमीटर दूर गेस्ट हाउस पहुंचे। यहां सीएम ने पीड़िता से मुलाकात की। धरियावद गेस्ट हाउस में पीड़िता से मुलाकात के बाद सीएम ने कहा- ये बहुत दुखद घटना है। मैंने रात को ही पुलिस महानिदेशक को एडीजी क्राइम को मौके पर भेज दिया है। गांव में सूचना की सुविधा ना होने के बावजूद क्षेत्र के एमएलए, एसएचओ और एसपी ने गंभीरता से काम लिया है। मुख्य आरोपियों को पकड़ लिया गया है। बीजेपी के विरोध-प्रदर्शन और नेताओं के बयान पर सीएम गहलोत ने कहा कि बीजेपी इस घटना की मणिपुर की घटना से तुलना कर आरोपियों की मदद कर रही है। केस की गंभीरता को कम कर रहे हैं। जिन्होंने अपराध किया है उनके हौसले बुलंद कर रहे हैं कि ये सब होता रहता है। ये उनकी मंशा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)